


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में भारत की बादशाहत ...

बराक ओबामा और पूर्व स्पीकर पेलोसी ने कमला हैरिस को दिया ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 102 | नई दिल्ली, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# कांवर यात्रा मार्गो पर नाम प्रदर्शित करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गो पर दुकानदारों, होटल मालिकों को अपने और अपने यहां काम करने वाले अन्य कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के आदेश पर सोमवार को रोक लगाते हुए संबंधित राज्यों को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने नाम प्रदर्शित करने करने के आदेशों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद राज्य सरकारों को रोक संबंधी यह निर्देश जारी किया और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को अगली सुनवाई से पहले अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने अपने आदेश में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को कांवड़ यात्रियों के मार्ग में पड़ने वाले होटल, दुकानों, भोजनालयों और ढाबों के मालिकों, वहां कार्यरत कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देशों को लागू करने पर



रोक लगा दी। पीठ ने नाम प्रदर्शित करने वाले आदेश पर पर रोक लगाते हुए कहा, खाद्य पदार्थ विक्रेता मालिकों, नियोजित कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाएं अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की नेता सांसद महुआ मोइत्रा, गैर सरकारी संगठन- एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स (एपीसीआर) के अलावा शिक्षाविद प्रोफेसर अपूवार्नंद और अन्य द्वारा दायर की गई थीं। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं में शामिल सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से अदालत के समक्ष पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने कहा कि निदेर्शो (नाम प्रदर्शित करने संबंधी राज्यों की पुलिस द्वारा) में पहचान के आधार पर बहिष्कार के बड़े मुद्दे होंगे। उन्होंने कहा कि निदेर्शो के परिणामस्वरूप मालिकों की पहचान से उनका सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार हो सकता है। उन्होंने यह भी दलील दी कि नाम प्रदर्शित करने संबंधी पुलिस अधिकारियों द्वारा जारी निर्देश का कोई वैधानिक आधार भी नहीं है। श्री सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कांवड़ यात्रा दशकों से होती आ रही है। इस दौरान शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने वाले ऐसे होटल हैं, लेकिन उनके कर्मचारी मुस्लिम होते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान सभी धर्मो के लोग लोगों को भोजन परोसते रहे हैं। पीठ के समक्ष अन्य याचिकाकताओं के अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों द्वारा जारी किए गए बयानों के बाद आदेश का उच्चतम स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। निर्देश धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे के संविधान की प्रस्तावना के वादे पर आघात करते हैं। उन्होंने कहा कि नाम प्रदर्शित करने का आदेश जाति, धर्म और नस्ल के आधार पर भेदभाव न करने के संवैधानिक सिद्धांत के भी खिलाफ हैं। याचिका में कहा गया है कि कांवड़ यात्रा सोमवार 22 जुलाई और 2 अगस्त होगी।

**संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश, सरकार का दावा- काबू में है महंगाई**

# 2024-25 : आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने की संभावना

## गरीबों के लिए 2.63 करोड़ घरों का किया गया निर्माण : सीतारमण

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ग्रामीण भारत में एकीकृत और सतत विकास सरकार की रणनीति का केंद्र है और इसी के तहत पीएम-आवास-ग्रामीण में पिछले नौ वर्षो में 10 जुलाई 2024 तक गरीबों के लिए 2.63 करोड़ घरों का निर्माण किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में यह बात कही। विकेंद्रीकृत नियोजन, ऋण तक बेहतर पहुंच, महिलाओं का सशक्तिकरण, बुनियादी आवास और शिक्षा आदि के माध्यम से समग्र आर्थिक बेहतरी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 की मुख्य बातें :भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड के असर से उबर चुकी है और इसका विस्तार सुचारु रूप से हो रहा है। वर्ष 2023-24 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 2019-20 की तुलना में 20 प्रतिशत ऊंचा था, इस तरह की उपलब्धि केवल कुछ ही बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में दिखी है। भारत की आर्थिक वृद्धि 2024 -25 और उसके बाद के वर्षो में भी मजबूत बने रहने की संभावना, भूराजनैतिक परिस्थितिओं, वित्तीय बाजारों की स्थिति और जलवायु परिवर्तन के संकट से इन संभावनाओं को खतरा हो सकता है। वर्ष 2023-24 की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, 2024-25 में वृद्धि 6.5 से 7.0 रहने की संभावना है। सरकार की पूंजी व्यय पर बल वैश्विक निवेश के बदौलत सकल पूंजी निर्माण में 2023-24 में नौ प्रतिशत वास्तविक वृद्धि। कंपनियों और बैंकों





की बैलेंस शीट और मजबूत होगी और निजी निवेश बढ़ेगा। खाद्य मुद्रा स्फीति दुनिया भर में चिंता का विषय। मुद्रास्फीति में मुख्यतः वैश्विक संकटों, आपूर्ति मार्ग की बाधाओं और मानसून की मार के कारण तेजी रही। मुद्रा स्फीति का प्रबंध कुशल प्रशासनिक कदमों और मौद्रिक निति समबन्धी उपायों से किया गया, जिससे 2023-24 में औसत खुदरा मुद्रा स्फीति एक साल पहले के 6.7 प्रतिशत के मुकाबले 5.4 प्रतिशत पर आ गयी। 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4. 2 प्रतिशत रहने की संभावना है। 2023-24 में विनिर्मित वस्तुओं संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति चार साल के न्यूनतम स्तर पर सेवा उत्पादों की मुख्य खुदरा मुद्रास्फीति नौ साल के न्यूनतम स्तर पर रही। आरबीआई ने मई 2022 से रेपो दर में कुल मिला कर 2.50 अंक की वृद्धि की है। सार्वजनिक निवेश में विस्तार के बावजूद सरकार का सामान्य राजकोषीय संतुलन मजबूत हुआ, कर प्रक्रियाओं में सुधार, व्यय पर नियंत्रण और डिजिटलीकरण से इसमें मदद मिली है। 2023-24 में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात वैश्विक मांग में नरमी से प्रभावित रहा लेकिन सेवाओं के निर्यात की मजबूती से कुल मिला कर व्यापार संतुलन की स्थिति संतुलन में रही। चालु खाते का घाटा (कैड) 2023-24 में जीडीपी के 0.7 प्रतिशत के बराबर रहा जो एक साल पहले 2.0 प्रतिशत था। भारतीय बैंकिंग सेक्टर का प्रदर्शन 2023-24 में उल्लेखनीय रहा, एनपीए का स्तर कई साल के न्यूनतम स्तर पर सरकार बैंकिंग प्रणाली की मजबूती के लिये प्रतिबद्ध। प्राथमिक पूंजी बाजार ने पिछले वित्तीय वर्षो में 10.9 लाख करोड़ रुपये के पूंजी निर्माण का योगदान किया जो इससे पिछले वित्त वर्ष में सकल निजी और सरकारी पूंजी निर्माण के 29 प्रतिशत के बराबर है।2023-24 में भारत का विदेशी व्यापार मजबूत रहा, सेवाओं का निर्यात 4.9 प्रतिशत बढ़ कर 341. 1 अरब डॉलर रहा। इसमें आईटी सॉफ्टवेयर सेवाओं एवं अन्य व्यावसायिक सेवाओं का योगदान प्रमुख।-विदेशी ऋण जीडीपी के 18. 7 प्रतिशत। भारत की ऊर्जा आवश्यकता 2047 तक दो से ढाई प्रतिशत बढ़ने की संभावना। आयुष्मान कार्ड योजना से लोगों को इलाज खर्च में 1.25 लाख करोड़ रुपये की बचत।

### बेरोजगारी दर घट कर 3.2 प्रतिशत रही

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के मुताबिक रोजगार की परिस्थितियों में छह वर्षो में सुधार हुआ है 2022-23 में बेरोजगारी दर घट कर 3.2 प्रतिशत रही। संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़ा है, कर्मचारी भविष्य निधि योजना में शुद्ध पंजीकरण पिछले पांच वर्षो में दो गुना हुआ। कृषि क्षेत्र में पिछले पांच वर्ष के दौरान औसत वार्षिक वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत, 2023-24 में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।2014-15 से 2022-23 के बीच पशुधन के क्षेत्र में साल दर साल 7.38 की दर से वृद्धि मत्स्य पालन क्षेत्र में इस दौरान वृधि दर 8.9 प्रतिशत रही। औद्योगिक वृद्धि दर 2023-24 में 9.5 प्रतिशत, एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में वार्षिक औसत वृद्धि 5.2 प्रतिशत। पांच साल में रेलवे पर पूंजीगत खर्च 77 प्रतिशत बढ़ा। पिछले वित्त वर्ष में 21 नये हवाई अड्डा टर्मिनल चालू जीससे सालाना 6.२ करोड़ यात्रियों के आवागमन की अतिरिक्त सुविधा बनी। उजाला योजना से 48.42 अरब यूनिट बिजली की वार्षिक बचत, कार्बन उत्सर्जन में 393 लाख टन की गिरावट।2023-24 में 27 शहरों में लगभग 86 किलोमीटर नये रेल मार्ग चालू, 939 किलोमीटर पर काम जारी।14.89 करोड़ ग्रामीण परिवारों (76.12) प्रतिशत को नल जल सुविधा।भारत के पास 55 सक्रिय अंतरिक्ष परिसम्पतियाँ जिनमें 18 संचार उपग्रह शामिल। डिजिटल लॉकर मंच पर उपयोगकताओं की संख्या 26.28 करोड़ रुपये।खेलो इंडिया में पिछले साल 38 नई बुनियादी सुविधायें स्वीकृत की गयीं, 58 परियोजनायें पूरी की गयीं।

**बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू, विपक्ष का जोरदार हंगामा**

# मानसून सत्र : 45,512 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

## वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने अनुपूरक बजट किया पेश, सड़क-पुल बनाने पर सबसे ज्यादा खर्च

प्रात : किरण

पटना। बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र सोमवार को शुरू हुआ। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने इस महीने की शुरूआत में हुए उपचुनाव में रूपौली सीट से निर्वाचित निर्दलीय विधायक शंकर सिंह को पद की शपथ दिलाई। शंकर सिंह ने सदन में पांव छूकर सीएम नीतीश से आशीर्वाद लिया। सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्त वर्ष के लिए पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया। विधानसभा अध्यक्ष ने हाल के महीनों में दिवंगत हुए पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। जिन सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, उनमें सुशील कुमार मोदी भी शामिल थे, जिन्होंने लगभग एक दशक तक बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक मानसून सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 47,512 करोड़ रुपये का अनुपूरक व्यय बजट सदन के पटल पर रखा। इसमें 25,551 करोड़ रुपये वार्षिक स्कीम मद में प्रस्तावित हैं। 21,954 करोड़ रुपये स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में तथा 5.7284 करोड़ रुपये का प्रावधान केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में किया गया है।



**12,684 करोड़ रुपये का योजनावार प्रावधान किया गया :** चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 में वार्षिक स्कीम के राज्य स्कीम मद में कुल 12,684 करोड़ रुपये का योजनावार प्रावधान किया गया है। इनमें सर्वाधिक 2098 करोड़ रुपये सड़क एवं पुल परियोजनाओं के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। बिहार में इन दिनों पुलों के गिरने, धंसने और जर्जर होकर झुकने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसमें बजट के इस प्रावधान से काम किया जाएगा।

**400 करोड़ रुपये बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के नाम पर रखे गए :** इस बार अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा 1350 करोड़ रुपये ऊर्जा प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के विकास के लिए रखे गए हैं। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने 885 करोड़ रुपये मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं चिकित्सकीय संस्थान के निर्माण के लिए रखा है। सरकार ने 670 करोड़ मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, 584 करोड़ सिंचाई सृजन, 525 करोड़ मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, 400 करोड़ रुपये बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के नाम पर रखे हैं।

**बढ़ते अपराध को लेकर विपक्ष ने सरकार पर बोला हमला :** बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले वाम दल के विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन मार्च निकाला। सारे विधायक सदन में नीतीश सरकार के विरोध नारेबाजी कर रहे थे। उनका कहना था कि नीतीश सरकार क्राइम कंट्रोल में सफल नहीं है। विधायक राजेश राम संविधान की कॉपी लेकर विधानसभा पहुंचे। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के विधायक भाई बीरेंद्र ने कहा कि आरएसएस वाले अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करते थे। ऐसी संस्था बैन होनी चाहिए। उन्होंने बढ़ते अपराध को लेकर एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला।

**गिरते पुलों को लेकर विपक्षी नेताओं का हल्ला बोल:** बिहार में लगातार गिरते पुलों को लेकर राजद सहित अन्य विपक्षी दलों ने सोमवार को बीजेपी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राजद विधायक मुकेश रोशन ने पोस्टर लेकर बिहार सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने अपने पोस्टर में लिखा --पुल गिरे तो गिरे, लेकिन सरकार नहीं गिरनी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। मुकेश रोशन ने कहा, मैं कोई कटाक्ष नहीं कर रहा हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### मंगल पाण्डेय ने आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर की समीक्षा बैठक

पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने विकास भवन के स्वास्थ्य विभाग के सभागार में सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इसके साथ ही विधानसभा सत्र के प्रश्नों को लेकर भी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में 8.5 करोड़ लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाना है, जिसके तहत लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में लगभग 3 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी 5.5 करोड़ लोगों का कार्ड बनाना बाकी है। इस विशेष अभियान के तहत एक करोड़ कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा को दी जमानत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2021 के लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को जमानत दे दी और उसे दिल्ली या लखनऊ में ही रहने का निर्देश दिया। हिंसा की इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 25 जनवरी को हिंसा की इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं भयावह घटना से जुड़े मामले में आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में आरोपी किसानों को भी जमानत दे दी और अधीनस्थ अदालत को सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया।

### जवाब मिलने तक नीट का मुद्दा उठाते रहेंगे : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नीट के मुद्दे पर शिक्षा मंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री को नीट के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नीट के मुद्दे पर जवाब मिलने तक वे मुद्दा उठाते रहेंगे। राहुल गांधी सोमवार को सत्र के बाद लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्री ने सदन में सुप्रीम कोर्ट और प्रधानमंत्री की बात की, लेकिन वे यह नहीं बता पा रहे हैं कि वो नीट के मुद्दे पर क्या कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश के युवाओं को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को केंद्र ने किया खारिज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद के बजट सत्र के दौरान बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई गई। केंद्र सरकार ने मौजूदा प्रावधानों का हवाला देते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की संभावना से इनकार कर दिया है। लोकसभा में सरकार ने कहा कि मौजूदा प्रावधानों में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना संभव नहीं है। वित्त मंत्रालय का कहना है कि बिहार को राष्ट्रीय विकास परिषद के मानदंड के अनुरूप फिलहाल विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अब तक राष्ट्रीय विकास परिषद की ओर से तय किए गए मानदंडों के आधार पर कुछ राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है। मानदंडों में ऊंचाई और दुर्गम परिस्थिति, कम घनत्व और ज्यादातर जनजातीय आबादी, पड़ोसी देशों के साथ लगती रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्र, आर्थिक और ढांचागत रूप से पिछड़ा क्षेत्र और अपने स्तर पर वित्तपोषण में अक्षम होना शामिल है। इन सभी मानदंडों को समग्र रूप से देखने के बाद किसी राज्य की स्थिति का आकलन कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बिहार को विशेष राज्य के दर्जे पर विचार किया गया था। एक अंतर मंत्रालय समूह ने इस संबंध में 30 मार्च 2012 को अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इस समूह ने पाया था कि एनटीसी के मानदंडों के अनुरूप बिहार का विशेष राज्य का दर्जा नहीं बनता।

# बिहार को तेजी से विकास के लिए विशेष सहायता की जरूरत : विजय

प्रात : किरण

पटना। जनता दल यूनाइटेड बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग को लेकर शुरू से मुखर रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को साफ कर दिया कि मौजूदा प्रावधानों के तहत बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता है। इसके बाद यह साफ हो गया कि फिलहाल बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलने वाला है। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को कहा कि बिहार को तेजी से विकास के लिए विशेष सहायता की जरूरत है। बिहार सरकार और जदयू विशेष राज्य के दर्जा की मांग शुरू से करती रही है। हमलोग अपने सीमित संसाधनों से विकास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग यह भी कहते रहे हैं कि विशेष राज्य में अगर कोई तकनीकी दिक्कत हो तो बिहार को विशेष सहायता मिलनी चाहिए। विशेष मदद मिलनी चाहिए। हम लोग अपने संसाधनों के बल पर तेजी से विकास कर रहे हैं और अगर केंद्र सरकार अतिरिक्त सहायता मुहैया कराती है तो हम और तेजी से विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि अंत में तो बात विशेष मदद की ही होती है। बिहार के विकास के लिए, योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए, विशेष मदद की जरूरत होती है। किसी भी रूप में मदद हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कहा है। हम लोग यानी पूरा एनडीए आशांवित है कि बिहार को कुछ विशेष मदद मिलेगी। इससे पहले संसद के बजट सत्र के दौरान बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाई गई, जिस पर केंद्र सरकार ने जवाब दिया। केंद्र सरकार ने मौजूदा प्रावधानों का हवाला देते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की संभावना से इनकार कर दिया है।

### सरकारी कर्मचारी भी संघ के कार्यक्रमों में हो सकेंगे शामिल, सरकार ने हटाया प्रतिबंध

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकारी कर्मचारी भी अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में खुलेआम हिस्सा ले सकेंगे। उन्हें संघ की सदस्यता या उसकी गतिविधियों में भाग न लेने वाला दिशा-निर्देश केन्द्र सरकार ने वापस ले लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र की कांग्रेस सरकारों ने सन 1966, 1970 और 1980 में सरकारी कर्मचारियों के लिए जारी निदेर्शो में उन्हें संघ की गतिविधियों में शामिल न होने की हिदायत दी थी। इसके चलते संघ के जो स्वयंसेवक सरकारी नौकरियों में होते थे, वे मजबूरन सार्वजनिक तौर पर संघ की गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेते थे । किसी भी सरकारी कर्मचारी को नियुक्ति के दौरान जिन दिशा निदेर्शो पर हस्ताक्षर करने अनिवार्य होते थे, उसमें एक निर्देश यह भी होता था कि वह न तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सदस्य है और न ही उसकी गतिविधियों में हिस्सा लेगा।

**मानसून सत्र: संसद भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बोलें पीएम**

# अगले पांच साल की दशा तथा दिशा तय करेगा बजट : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले छह दशक में लगातार एक सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने को लोकतंत्र की गौरवमय यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया और कहा कि उनकी सरकार जो बजट पेश करने जा रही है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह अगले पांच साल के लिए देश की दशा तथा दिशा तय करेगा। श्री मोदी ने सोमवार को संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले संसद भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ये बजट अमृतकाल का एक महत्वपूर्ण बजट है। हमें पांच साल का जो अवसर मिला है, आज का बजट हमारे उन पांच साल के कार्य की दिशा भी तय करेगा और 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे, तब विकसित भारत का जो सपना है, उसको पूरा करने की मजबूत नींव वाला बजट कल देश के सामने आएगा। हर देशवासी के लिए एक गर्व की बात है कि भारत बड़ी इकोनॉमी वाले देशों में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला देश है। गत 3 वर्षो में लगातार





8 प्रतिशत ग्रोथ के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं, प्रगति कर रहे हैं। आज भारत में सकारात्मक आउटलुक, निवेश और प्रस्तुति एक प्रकार से अवसर के चरम पर है। ये अपने आप में भारत की विकास यात्रा का एक अहम पड़ाव है। उन्होंने तीसरी बार एक ही सरकार के गठन को लोकतंत्र के लिए गौरव का विषय बताया और कहा भारत के लोकतंत्र की जो गौरवयात्रा है, उसमें ये एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में मैं देख रहा हूं। व्यक्तिगत रूप से मुझे भी, हमारे सभी साथियों के लिए भी ये अत्यंत गर्व का विषय है कि करीब 60 साल के बाद कोई सरकार तीसरी बार वापस आई और तीसरी पारी का पहला बजट रखने का सौभाग्य प्राप्त हो, ये भारत के लोकतंत्र की गौरवयात्रा की अत्यंत गरिमापूर्ण घटना के रूप में देश इसे देख रहा है। ये बजट सत्र है। मैं देशवासियों को जो गारंटी देता रहा हूं, क्रमशः रूप से उन गारंटियों को जमीन पर उतारना इस लक्ष्य को लेकर के हम आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा मैं देश के सभी सांसदों से, चाहे वह किसी भी दल के क्यों न हों। मैं आज आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि गत जनवरी से लेकर के हम लोगों के पास जितना सामर्थ्य था, इस सामर्थ्य को लेकर के जितनी लड़ाई लड़नी थी- लड़ ली, जनता को जो बात बतानी थी- बता दी। किसी ने राह दिखाने का प्रयास किया, किसी ने गुमराह करने का, लेकिन अब वो दौर समाप्त हो गया है, देशवासियों ने अपना निर्णय दे दिया है। चुने हुए सांसदों का कर्तव्य है, सभी राजनीतिक दलों की विशेष जिम्मेदारी है कि हमने दल के लिए जितनी लड़ाई लड़नी थी, लड़ ली, अब आने वाले 5 वर्ष के लिए हमें देश के लिए लड़ना हैं, देश के लिए जूझना हैं, एक और नेक बनकर के जूझना है। मैं सभी राजनीतिक दलों से भी कहूंगा कि आइए हम आने वाले चार, साढ़े चार साल दल से ऊपर उठकर के, सिर्फ और सिर्फ देश को समर्पित होकर के संसद के इस गरिमापूर्ण मंच का हम उपयोग करें। उन्होंने चुने हुए सदस्यों से कहा जनवरी 2029, जब चुनाव का वर्ष होगा आप उसके बाद जाइए मैदान में, सदन का भी उपयोग करना है, कर लीजिए। वो 6 महीने जो खेल, खेलने हैं- खेल लीजिए। लेकिन तब तक सिर्फ और सिर्फ देश, देश के गरीब,देश के किसान, देश के युवा,देश की महिलाएं उनके सामर्थ्य के लिए, उनको सशक्त करने के लिए जनभागीदारी का एक जनआंदोलन खड़ा कर करके 2047 के सपने को पूरा करने के लिए हम पूरी ताकत लगाएं। मेरा विश्वास है कि हमारे सभी सांसद पूरी तैयारी के साथ चर्चा को समृद्ध करेंगे, कितने ही विरूद्ध विचार होंगे, विरूद्ध विचार बुरे नहीं होते हैं, नकारात्मक विचार बुरे होते हैं। मैं पूरी आशा करता हूं कि हम लोकतंत्र के इस मंदिर का, भारत के सामान्य मानवों के आशा, आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए सकारात्मक रूप से उपयोग करेंगे।

**मानसूत्र सत्र : मुख्यमंत्री ने एनडीए विधायकों के साथ की बैठक**

# सीएम नीतीश ने विधायकों 2025 की तैयारियों में जुट जाने का किया आह्वान

प्रात : किरण

पटना। बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र का आगाज सोमवार से शुरू हो गया। इस सत्र को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए विधायक दल की बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए विधायकों को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूरा बिहार हमारा परिवार है। हम 2005 से लगातार बिहार के तमाम लोगों के लिए काम करते आ रहे हैं और आगे भी मिल कर सबके लिए काम करेंगे। उन्होंने एनडीए दलों के विधायक-विधान पार्षदों को 2005 से पहले के बिहार की याद दिलाई। सीएम ने कहा कि 2005 के बाद होश



संभालने वाले युवाओं को क्या पता कि पहले बिहार की क्या स्थिति थी? उनको बताइए कि हमने हर क्षेत्र में कितना काम किया है। 2005 से पहले महिलाओं की स्थिति, कानून व्यवस्था का हाल, सड़कों, गांवों और शौचालयों की स्थिति कितनी खराब थी? हम लोगों के आने पर बिहार में बड़ा बदलाव आया। वहीं, देर शाम सीएम ने संसदीय कार्य एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक की। इस बैठक में सीएम ने विधायकों से मानसून सत्र के बाद जनता के बीच रहने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। अभी एक साल बचा है। 2010 में जितनी सीटें मिली थीं, उससे ज्यादा सीटें हम जीतेंगे। इसके लिए अभी से सभी को काम में लग जाना होगा। इसके साथ ही सीएम ने विधायकों को वर्ष 2025 में 225 सीटें जीतने का संकल्प दिलाया और आपस में समन्वय बनाए रखने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2010 में एनडीए में मात्र दो ही दल थे। अब आकार बढ़ा है। इसलिए बड़ी जीत हासिल होगी। विधायकों से कहा कि जनता के बीच रहिये। जनता का काम होना चाहिये। सभी घटक दलों के कार्यकताओं से समन्वय बना रहे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### कांवड़ यात्रा मार्ग की दुकानों पर नेमप्लेट को लेकर सामने आया बाबा रामदेव का बयान

**हरिद्वार, एजेंसी।** बाबा रामदेव ने कहा कि हर किसी को अपने नाम पर गर्व होना चाहिए। नाम छिपाने की जरूरत नहीं है, सिर्फ काम में शुद्धता की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर लगी नेमप्लेट के मामले में बाबा रामदेव का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अगर रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को अपनी पहचान बताने में क्या दिक्कत होनी चाहिए हर किसी को अपने नाम पर गर्व होना चाहिए। नाम छिपाने की जरूरत नहीं है, सिर्फ काम में शुद्धता की जरूरत है। अगर हमारा काम शुद्ध है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम हिंदू हैं, मुसलमान हैं या किसी और समुदाय से हैं।

### 98 फीसदी छात्र-छात्राओं ने किया मतदान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** छात्र परिषद चुनाव के लिए 15 पदों पर नामांकन पत्र भरे गए। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के करीब 500 छात्र-छात्राओं ने अपने मत का प्रयोग किया। विद्यार्थियों ने स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, हाउस वाइस कैप्टन, डिसिप्लिन इंचार्ज, कल्चरल इंचार्ज आदि पदों के लिए वोट डाले। वोट डालने वाले विद्यार्थियों की उंगली पर निशान भी लगाया गया। स्कूल में प्रार्थना के बाद छात्र परिषद के सभी उम्मीदवारों ने अपना परिचय देकर बताया कि वो किस कारण चुनाव लड़ रहे हैं। जीतने के बाद उनका क्या दायित्व रहेगा। प्रधानाचार्य आकाश बछेती ने चुनाव से पहले सही उम्मीदवार के चयन के बारे में बताया। नतीजे 27 जुलाई को घोषित किए जाएंगे। इस अवसर पर ऋतु शर्मा, दिव्या गुलाटी, पारस, प्रशांत, अंकित, हरप्रीत कौर, साहिल बहुगुणा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### स्कूटी चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्कूटी चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद की गई है। शुक्रवार को खैरीकलां निवासी बीना रांगड़ पत्नी युद्धवीर रांगड़ ने थाना रायवाला में स्कूटी चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार की देर शाम ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पा ली। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र चौहान ने बताया कि आरोपियों की पहचान रोहन शर्मा निवासी बद्रीपुर बाजावाला, देहरादून हाल निवासी संजय कॉलोनी, पटेलनगर और राहुल नेगी निवासी ब्यासी, थैलीसैण, पौडी गढ़वाल हाल निवासी निकट बाल्मीकि मंदिर, पटेलनगर, देहरादून के रूप में की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशे के आदी हैं। नशे की पूर्ति के लिए घर व दुकानों के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी करके बेचते हैं।

### बाल शल्य चिकित्सा में समय पर पहचान और उपचार महत्वपूर्ण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** बच्चों का स्वास्थ्य हमारे स्वस्थ समाज की परिकल्पना और भविष्य है। इसलिए उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समय पर पहचानना और समयबद्ध चिकित्सकीय परामर्श व समाधान करना आवश्यक है। इस संबंध में एम्स के शल्य चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एम्स के शल्य चिकित्सा विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सरिता स्याल का मानना है कि बच्चों के शरीर में किसी भी प्रकार की वृद्धि, हरे रंग की उल्टी आना, शौच के साथ खून आना या पेट में दर्द जैसे लक्षणों को अक्सर हल्के में लिया जाता है। लेकिन यह बाल शल्य चिकित्सा संबंधी समस्याओं के संकेत हो सकते हैं। इस तरह के लक्षणों को अनदेखा करना बच्चों के जीवन के लिए घातक साबित हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों को सुझाव दिया कि बच्चों में इस तरह की शिकायत होने पर अनदेखी कतई न करें और तत्काल बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण अनुभवी शल्य चिकित्सक से कराएं। डॉ. सरिता का मानना है कि कुछ पांच बिंदुओं को ध्यान में रखकर हम बच्चों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकते हैं और उन्हें एक स्वस्थ भविष्य प्रदान कर सकते हैं।

# अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी केमू की बस, सात लोग घायल, चार की हालत गंभीर

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
बस के चालक किशन सिंह पुत्र कृपाल सिंह निवासी तुनेड़ा, बागेश्वर ने बताया कि बस की कमानी पिन टूटने के कारण बस नियंत्रण से बाहर हो गई और यह हादसा हो गया।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर रविवार को चौंसली के पास केमू की एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में बस में सवार सात यात्री घायल हो गए। जिनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, केमू कंपनी की बस संख्या यूके-04 पीए-1011 बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। दोपहर करीब एक बजे बस चौंसली के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने शेर सिंह पुत्र प्रताप सिंह के मकान के शौचालय से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे के वक्त वाहन में करीब 25 से 30 सवारियां मौजूद थीं। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई और वह बस से बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। हादसा होते ही आसपास के लोग मदद को दौड़े और यात्रियों को वाहन से बाहर निकाला।



हादसे में बस में सवार बीना पांडे (47) पत्नी सुरेश चंद्र निवासी कटघरिया हल्द्वानी, अनीता बजाज (59) पत्नी स्व. राजकुमार निवासी न्यू कॉलोनी भ्यारखोला अल्मोड़ा, विनीता भाकुनी (26) पुत्री राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सुनोली ताकुला व रेखा (29) पत्नी मदन लाल निवासी दिनेशपुर, रूद्रपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि राम (12) पुत्र मदन लाल, निवासी दिनेशपुर, रूद्रपुर, लता आर्य (20) पुत्री सुरेश राम आर्य निवासी ग्राम सुनोली ताकुला व परिचालक दरबान सिंह (40) पुत्र हयात सिंह घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुयालबाड़ी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है।

चौंसली में हादसे की खबर मिलते ही जिलाधिकारी विनीत तोमर और एसएसपी देवेंद्र पींचा भी मौके पर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने घायलों का हाल जाना और अन्य यात्रियों से बातचीत कर हादसे के बारे में जानकारी ली। डीएम ने घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए किए तत्काल जेसीबी मशीन मंगाकर मार्ग को सुचारू किया जाए।

चौंसली में हुए बस हादसे के बाद अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर जाम लग गया। दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्री करीब डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहे। डीएम तोमर के निर्देश के बाद मौके पर जेसीबी मशीन बुलाई गई और बस को मार्ग से हटाकर आवागमन शुरु करवाया गया।

## दिया गया समय खत्म, अब ढहेगा अतिक्रमण

**रामनगर, एजेंसी।** सड़क किनारे बसे लोगों को हटाने की प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली हैं। 15 दिन की मोहलत खत्म होने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिक्रमणकारियों कब्जा खुद ही हटा लेने को कहा। अतिक्रमणकारियों को दिया गया समय खत्म हो चुका है अब कभी भी बुलडोजर गरज सकता है।

कृषि उत्पादन मंडी समिति के पास लोक निर्माण विभाग की सड़क किनारे कच्चे भवन बनाकर बसे लोग अतिक्रमणकारी की श्रेणी में आते हैं। सरकार के निर्देश पर लोनिवि ने पांच जुलाई को 15 दिन के अंदर सभी से अपने कब्जे हटाने को कहा था। चेतावनी दी थी कि यदि अतिक्रमणकारियों ने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया तो विभागीय कार्रवाई के तहत बुलडोजर चलाया जाएगा जिसका सारा खर्चा वहां बसे लोगों से ही वसूला जाएगा।

शनिवार को लोगों को दी गई मोहलत का आखिरी दिन होने पर तहसीलदार कुलदीप पांडेय और लोनिवि के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने वहां बसे लोगों से कब्जा हटा लेने को कहा। इस दौरान कई महिलाओं ने अधिकारियों से कहा कि वे अब कहां जाएंगे, महिलाओं ने अधिकारियों से कब्जा हटाने के लिए और समय देने की मांग की लेकिन अधिकारियों ने और समय देने से इन्कार कर दिया है। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि मुनादी करा दी गई है।

### कालाढूंगी मार्ग पर काशीपुर से हल्द्वानी जा रहे युवकों की स्कूटी फिसली, एक की मौत, दूसरा घायल

**नैनीताल, एजेंसी।** स्कूटी सवार दोनों युवक काशीपुर से हल्द्वानी जा रहे थे। इसी दौरान उनकी स्कूटी सड़क पर फिसल गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कालाढूंगी में रविवार को टेढ़ी पुलिया के पास स्कूटी फिसलने से हादसा हो गया। इस दौरान दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने कालाढूंगी अस्पताल पहुंचाया।

## 10500 फीट की ऊंचाई पर इस गांव में पहली बार बजी फोन की घंटी, ग्रामीणों में खुशी



**पिथौरागढ़, एजेंसी।**
मोबाइल नेटवर्क आने से अब स्थानीय ग्रामीण और आदि कैलाश यात्रियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों को भी संचार सुविधा का लाभ मिलेगा।

उत्तराखंड में व्यास घाटी के चीन सीमा से सटे माइग्रेशन ग्राम पंचायत नाबी (10500फीट) में आजादी के बाद पहली बार फोन की घंटी बजी। ग्रामीणों ने निचली घाटी में रह रहे अपने परिजनों को फोन से बात कर खुशी जताई।

बता दें कि जियो ने ग्राम पंचायत नाबी में संचार सुविधा शुरू करा दी है, जिसके चलते अब स्थानीय ग्रामीण और आदि कैलाश यात्रियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों को भी संचार सुविधा का लाभ मिलेगा।

ग्राम प्रधान नाबी सनम देवी और होम स्टे संचालक मदन सिंह नबियाल ने संचार सुविधा उपलब्ध कराने पर सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने संचार सुविधा मिलने पर आपदाकाल या अन्य आपातकाल में समय से प्रशासन को सूचना दे पाएंगे।

ग्राम पंचायत गुंजी में दो साल से लगा मोबाइल टावर अभी तक शुरू नहीं हुआ है।सरपंच लक्ष्मी गुंज्याल ने बताया की पिछले साल ग्राम पंचायत कुटी और इस वर्ष ग्राम पंचायत नाबी में संचार सुविधा शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि व्यास घाटी का महत्वपूर्ण गांव गुंजी दो साल से संचार विहीन है।

जियो कंपनी के इंजीनियर आदित्य विक्रम और विकास कुमार ने बताया कि ग्राम गुंजी के टावर में कुछ टेक्निकल दिक्कत होने से नेटवर्क शुरू होने में देरी हुई है। ग्राम गुंजी में संचार सुविधा शीघ्र ही शुरू कराने की उम्मीद है।

## देहरादून, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाई सेवा का समय बदला; ये है नया शेड्यूल



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
उड्डयन मंत्रालय की क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत देहरादून और पिथौरागढ़ के बीच संचालित हवाई सेवा से लगभग 12 से 15 घंटे की दूरी मात्र एक-डेढ़ घंटे में सिमट गई है। पर्यटन और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस हवाई सेवा का अब शेड्यूल बदला गया है।

उड्डयन मंत्रालय की क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत देहरादून और पिथौरागढ़ के बीच संचालित हवाई सेवा से लगभग 12 से 15 घंटे की दूरी मात्र एक-डेढ़ घंटे में सिमट गई है। पर्यटन और व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस हवाई सेवा का अब शेड्यूल बदला गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से संचालन की अनुमति मिलने के बाद फ्लाई बिग ने बीती दो फरवरी से इस हवाई सेवा को शुरू किया था। इसे अब तीन साल का और विस्तार मिल गया है। कंपनी इस हवाई मार्ग पर अपने नए 19 सीटर एयरक्राफ्ट से हवाई सेवा मुहैया करवा रही है। उड़ान योजना के तहत पंतनगर- पिथौरागढ़ के बीच किराया 1999 रुपये से शुरू होकर लगभग पांच हजार रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। जून में इस हवाई सेवा की अवधि समाप्त होने पर इसके बंद होने के कयास लगने शुरू हो गए। साथ ही यह हवाई सेवा कुछ दिनों के लिए बंद भी हो गई थी। तीन साल का सेवा विस्तार मिलने के बाद कंपनी ने अब इस हवाई सेवा को सप्ताह में छह दिन पुनः संचालित करना शुरू कर दिया है।

## परचून की दो दुकानों में मिला एक्सपायरी तिथि का सामान



**खटीमा, एजेंसी।** परचून की दुकानों में एक्सपायरी तिथि का सामान मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा। रविवार को औचक निरीक्षण के दौरान खटीमा में दो और दुकानों में एक्सपायरी तिथि की खाद्य सामग्री मिली। दोनों दुकानदारों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके अलावा मेलाघाट बाजार में एक दुकान से खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए गए।

प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खटीमा चौराहा स्थित दो दुकानों में खाद्य सामग्री का निरीक्षण। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि आशीष अग्रवाल और विकास अग्रवाल की परचून की दुकान में खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया। एक दुकान में बेसन व मसाले और दूसरी दुकान में तिल का तेल, चिप्स आदि एक्सपायरी तिथि के मिले। तहसीलदार जोशी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या ने बताया कि दोनों दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा मेलाघाट बाजार में फईम नामक व्यक्ति की दुकान से खाद्य तेल आदि के सैंपल भरे गए। राजीव नगर स्थित एक दुकान में आपदा

## गड्ढे से बचने के प्रयास में सड़क पर गिरे युवक की ट्रक से कुचलकर मौत, बाजार से घर लौट रहा था

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
दिनेशपुर के मटकोटा मार्ग पर रविवार की रात को ट्रक से कुचलकर स्कूटी युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार उसका साथी बाल बाल बच गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला।

दिनेशपुर के मटकोटा मार्ग पर रविवार की रात को ट्रक से कुचलकर स्कूटी युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार उसका साथी बाल बाल बच गया। हादसे के चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।कालीनगर गांव निवासी मंटू दफादार (35) पुत्र वैद्य दफादार अशोक नगर बिलासपुर यूपी निवासी कार्तिक मंडल के साथ स्कूटी संख्या यूके 06 एसी-1274 पर बाजार से घर लौट रहा था।

मटकोटा मार्ग पर कौशल्या गार्डन के सामने खड्डे को बचाने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी।इस बीच पीछे से आ रहे ट्रक संख्या एचआर 58 डी 8025 के पहिये के नीचे आकर मंटू का सिर कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठा उसका साथी कार्तिक छिटककर सड़क किनारे गिरने से बाल बाल बच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

बाद में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंटू की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंटू सिडकुल की कंपनी में कार्यरत था। उनके तीन बच्चे,दो बेटे और एक बेटी है। पत्नी काकुली और तीनों बच्चों के साथ परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### लमगड़ा में प्रधानाचार्यों का टोटा, प्रभारी के भरोसे 13 जीआईसी

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के लमगड़ा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 13 जीआईसी में से एक में भी प्रधानाचार्य नहीं है। यहां वरिष्ठ शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाचार्य का प्रभार दिया है। एक साथ दोहरी जिम्मेदारी मिलने से वह कक्षाओं में समय नहीं दे पाते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लमगड़ा विकासखंड के सरकारी इंटर कॉलेज प्रधानाचार्यों की कमी से जूझ रहे हैं। जीआईसी देवीथल, जसकोट, पुभाऊं, सत्यों, चौराअनुली, ज्वारनेड़ी, पीपली, बसंतपुर, लमगड़ा, कनरा, शहरफाटक, गंगानगर मोतियापाथर, मेरगांव में लंबे अरसे से प्रधानाचार्यों के पद रिक्त हैं। इन पदों पर तैनाती न होने से वरिष्ठ प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य का प्रभार दिया गया है। इंटर कॉलेजों में पहले से ही शिक्षकों की कमी हैं। शिक्षकों को प्रधानाचार्य का प्रभार देने से व्यवस्था और बिगड़ गई है। प्रधानाचार्य का प्रभार मिलने से शिक्षक कार्यालय कार्य में उलझ जाते हैं। साथ ही विभागीय बैठकों, प्रशिक्षण में जाना पड़ता है।

# छात्र ने दिखाया साहस तो बेनकाब हुआ रिश्वतखोर, पासपोर्ट के लिए मांग रहा था 10 हजार की चाय




**हल्द्वानी, एजेंसी।** हर गतिविधि पर पल-पल जानकारी रखने वाले स्थानीय खुफिया इकाई (एलआइयू) का रामनगर इंचार्ज सौरव राठी व हेड कांस्टेबल गुरुप्रीत सिंह अपने पकड़े जाने की आशंका को नहीं भाप सके। विजिलेंस के बुने जाल में दोंनों क्या फंसे, उसके काले कारनामों का चिट्ठा खुलकर सामने आने लगा।

असल में एलआइयू इंचार्ज का खेल लंबे समय से चल रहा था, लेकिन कोई उनके खिलाफ शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। बीबीए के छात्र ने इनकी शिकायत सीएम पोर्टल पर कर साहस दिखाया तो विजिलेंस ने गिरफ्तार करने में जरा भी देर नहीं लगाई।

एलआइयू इंचार्ज के पकड़े जाने से पूरे जिले में एलआइयू की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। पासपोर्ट में नाम पर चाय से शुरू होने वाली रकम 500 से शुरू होकर 10 हजार तक पहुंच जाती है। पासपोर्ट के सत्यापन के नाम पर जैसा व्यक्ति मिलता है, उससे उसी हिसाब से पैसे की डिमांड कर दी जाती है। रामनगर में तो ऐसा ही चल रहा था। एलआइयू इंचार्ज की कहानी के किस्से भी शनिवार को सामने आने लगे।

चर्चा यह भी कि जिले में तैनात एक इंस्पेक्टर ने अपने किसी परिचित को एलआइयू इंचार्ज राठी के पास पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए भेजा था, मगर राठी ने उससे भी दो हजार रुपये ऐंठ लिए। लोग इसलिए शिकायत करने से बचते थे कि उनका बना बनाया काम न रुक जाए, मगर बीबीए के छात्र ने कुछ दिन पहले सीएम पोर्टल पर यह शिकायत कर दी।

लिखा कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर इंचार्ज रिश्वत मांग रहे हैं। वह पढ़ाई करता है। ऐसे में रुपये क्यों दे। सीएम पोर्टल पर इस शिकायत को गंभीरता से लिया गया और मामले की जांच हल्द्वानी सेक्टर की विजिलेंस को ट्रांसफर कर दी गई।

सीओ अनिल मनराल ने जाल बिछा दिया और महिला इंस्पेक्टर ललिता पांडे को जांच में लगा दिया। जांच में आरोप सही पाए गए। शनिवार को सुनियोजित तरीके से सीओ मनराल ने फील्डिंग बिछाकर दोनों रिश्वतखोरों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी भनक एलआइयू कर्मियों को तब हुई, जब रिश्वतखोर पकड़े जा चुके थे।

शनिवार की शाम विजिलेंस दोनों रिश्वतखोरों को हिरासत में लेकर पूछताछ करती रही। घर के अलावा कार्यालय की तलाशी ली। इधर, विजिलेंस में दोनों के विरुद्ध रविवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में तहत प्राथमिकी हो सकती है। प्राथमिकी होते ही एलआइयू इंचार्ज व हेड कांस्टेबल का निलंबन तय है।

# दिल्ली में कांवड़ियों के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ेगी केजरीवाल सरकार; जोर-शोर से चल रही कांवर शिविर लगाने की तैयारियाँ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार दिल्ली में कांवड़ियों के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। कांवड़ियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सके इसलिए सरकार शहर भर में जोर-शोर से चल रही कांवर शिविर लगाने की तैयारियाँ कर रही है। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए साझा करते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार दिल्ली भर में 185 कांवर शिविरों के जरिए कांवड़ियों के लिए सबसे बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित कर रही है। इस दिशा में हमारे शिविर हाई क्वालिटी वाटर प्रूफ टेंट, मेडिकल फैसिलिटीज,साफ-पानी, शौचालय,फर्नीचर सहित तमाम सुविधाओं से लैस होंगे।

उन्होंने कहा कि, सावन के पवित्र महीने में शिवभक्तों की सेवा में कोई कमी नहीं छूटेगी। कांवड़ियों के लिए बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएँगे। बता दें कि, दिल्ली में कांवड़ियों का आगमन 25 जुलाई के बाद से होगा और अगले 2-3 दिन में सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह तैयार होंगे। पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शाहदरा जिले दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते है। ऐसे में इन तीनों जिलों में कांवड़ियों की सुविधा के लिए सबसे अधिक शिविर लगाए जा रहे है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि, सरकार तो अपनी तैयारियाँ कर रही लेकिन दिल्ली के लोग भी धर्म के इस कार्य में भाग ले, अपना सहयोग दे और जहां भी जरूरत हो वहाँ कांवड़ियों की मदद करें। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि,आज से सावन के महीने की शुरुआत हो गई है। इस दौरान देशभर में खासतौर पर उत्तर भारत में कांवड़िए हरिद्वार से जल लेकर आते है। दिल्ली में इन कांवड़ियों के स्वागत के लिए केजरीवाल सरकार शहर भर में कांवर शिविर लगाती है और उसमें कांवड़ियों के लिए सबसे शानदार सुविधाएँ सुनिश्चित की जाती है।

उन्होंने कहा कि, दिल्ली में केजरीवाल सरकार इस साल 185 कांवर शिविर लगवा रही है। इनमें पूर्वी दिल्ली, उत्तरी पूर्वी दिल्ली व शाहदरा जिलें जो दिल्ली में कांवड़ियों के एंट्री-एग्जिट पॉइंट होता है ऐसे में यहाँ सबसे ज्यादा शिविर लगाए जा रहे है ताकि बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने बाद भी भीड़ का आसानी से प्रबंधन हो सकें सबसे ज्यादा 38 शिविर शाहदरा ज़िले में लगाए जा रहे है। उत्तरी पूर्वी, सेंट्रल और पूर्वी दिल्ली में क्रमशः 29,22 व 19 शिविर लगाए जा रहे है। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, केजरीवाल सरकार प्रतिबद्ध है कि वो अपने शिविरों में कांवड़ियों को सबसे शानदार सुविधाएँ दे सके। ऐसे में जब से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी की सरकार बनी है, तब से कांवड़ियों के लिए हाई-क्वालिटी वाटरप्रूफ टेंट, मेडिकल फैसिलिटीज, साफ-पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि सुविधाओं का इंतजाम किया जाता है। ताकि लंबी कांवड़ यात्रा कर आ रहे कांवड़ियों को उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो।

उन्होंने कहा कि, इस साल भी दिल्ली का राजस्व विभाग अपने कांवड़ शिविरों में ये सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कर रहा है। जून से ही कांवड़ शिविरों को लेकर राजस्व विभाग की तैयारियाँ जारी है और लगातार मिनिस्टर इंचार्ज और राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा इसका निरीक्षण किया गया है।

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में कांवड़ शिविर लगाने को लेकर सभी तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी है। दिल्ली में 25 जुलाई के बाद से कांवड़ियों का आगमन शुरू हो जाएगा। ऐसे में आने वाले 2-3 दिन में कांवड़ शिविर से जुड़ी सभी तैयारियाँ पूरी हो जाएगी। राजस्व मंत्री आतिशी ने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि, धर्म के इस कार्य में भाग ले, अपना सहयोग दे और जहाँ भी जरूरत हो कांवड़ियों की मदद करें।

## दिल्ली के कई हिस्सों में बारिश होने से उमस से राहत मिली



नई दिल्ली। सोमवार अपराह्न दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। इस दौरान उमस भरे मौसम से काफी राहत मिली।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शहर में अगले कुछ घंटों के भीतर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने कहा, पूरे दिल्ली क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश, हल्की गरज-चमक की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सुबह उमस भरा मौसम रहा और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता का स्तर 84 प्रतिशत रहा। आईएमडी के मुताबिक, शहर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।

# सावन का महीना पवन करे शोर के अमर

- सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश को उनकी 101वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ -रजि नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी अवॉर्ड्स फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में हिंदी फिल्मों के मशहूर पार्श्व मुकेश को उनकी 101वीं जयंती पर उनके करोड़ों चाहने वालों की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा मुकेश दिल्ली के रहने वाले थे। उन्होंने अपने केरियर में एक से बढ़कर एक गीत गाए। उन्हें राजकपूर की आवाज कहा जाता था। अनाड़ी फिल्म के गीत सब कुछ सीखा हमने ना सीखी होशियारी, सच है दुनिया वालों के हम हैं अनाड़ी के लिए उन्हे पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला। इस गीत को गीतकार शैलेंद्र ने लिखा था। उनका गाया हुआ यह गीत फिल्म अभिनेता राजकपूर पर फिल्माया गया था। जिसे आज भी रेडियो श्रोताओं द्वारा खूब पसंद किया जाता है। फिल्म निर्माता सोहनलाल कंवर की फिल्म पहचान के गीत ह्यसबसे बड़ा नादान वहीं है जो समझे नादान मुझे और बेईमान के गीत जय बोलो बेईमान की के लिए दुसरा ओर तीसरा फिल्म फेयर अवार्ड मिला। इन दोनों ही गीतों के गीतकार वर्मा मलिक थे। अनाड़ी, पहचान, बेईमान के संगीत कार शंकर जयकिशन थे। कभी कभी के संगीतकार खय्याम थे। यश चोपड़ा की फिल्म कभी कभी में उनके गाए इस गीत ह्यकभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता हैह्न के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड से नवाजा गया। यह गीत महानायक अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया था। रजनीगंधा फिल्म के गीत ह्य कई बार यूं भी देखा है ये जो मन की सीमा रेखा है, मन तोड़ने लगता है के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भारत सरकार ने सम्मानित किया था। मुकेश ने अपनी दर्द भरी आवाज में जो भी सैंड सांग गाए वह सब अमर हो गए। मुकेश ने राजकपूर की सभी फिल्मों के गीत गाए जो बेहद लोकप्रिय हुए। मुकेश की आवाज के दीवाने रूस के लोग आज भी है। ह्यमेरा जूता है जापानी येन पतलून इंग्लिस्तान सर पे लाल टोपी रुसी फिर भी दिल है हिंदुस्तानी ह्न लोग आज भी गुनगुनाते हैं। यह गीत राजकपूर पर फिल्माया गया था। राजकपूर अपने पर फिल्माए इसी गीत के कारण रुस में आज भी लोकप्रिय हैं। आवारा, श्री 420, बरसात, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, मेरा नाम जोकर फिल्म में मुकेश ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। होंठों पे सच्चाई रहती है, इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल, दोस्त दोस्त ना रहा,

मैं ना भूलूंगा, बस यही अपराध मैं हर बार करता हूं, एक प्यार का नगमा है, सावन का महीना पवन करे सोर, मैं तो इक ख्वाब हूं, चांद सी महबूबा हो मेरी, चांद आहें भरेगा, कहीं दूर जब दिन ढल जाए,जैसे सैंकड़ों गीत गाकर मुकेश करोड़ों दिलों में अमर हो गए। वत्स ने कहा मुकेश के गीत आज की नौजवान पीढ़ी भी खूब पसंद करती हैं।

# दिल्ली में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी करे सरकार : विहिप

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

यूपी और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर नेमप्लेट लगाने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने दिल्ली में कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सभी दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने का आदेश जारी करने की मांग की है। विहिप इंद्रप्रस्थ के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर निवेदन किया कि यूपी की तर्ज पर दिल्ली के भी सभी दुकानदार और रेहड़ी पटरी वाले अपनी दुकान के बाहर नाम का बोर्ड टांगे ताकि किसी भी शिवभक्त की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ न हो पाए।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि श्रावण महीने में शिवभक्त कांवड़िये जल लेकर पैदल चलकर अपने गांव के शिव मंदिर पर शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं। कांवड़िये पूरे मार्ग नंगे पैर चलते हैं और कांवड की पवित्रता का अपनी जान से भी ज्यादा ध्यान रखते हैं। इस दुर्गम यात्रा को सुगम बनाने के लिए स्थानीय हिन्दू सेवा शिविर लगाते हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि आनन्द नगर इंद्रलोक में 35 वर्षों से जो शिविर लग रहा था, दिल्ली पुलिस उसको लगाने नहीं दे रही है। दिल्ली पुलिस पूरी तरह से हिन्दुओं की धार्मिक आस्था को दबाने का प्रयास कर रही है। हमारी शोभायात्रा नहीं निकलने देती है। दूसरी तरफ ताजिया को पूरी सुरक्षा के साथ निकलवा रही है।

उन्होंने आगे कहा कि सभी हिन्दू संगठन चाहते हैं कि कांवड़ यात्रा मार्ग में दिल्ली में भी दुकानदार और रेहड़ी पटरी वाले अपने असली नाम के बोर्ड टांगे ताकि किसी भी शिवभक्त का धर्म भ्रष्ट करने की कोशिश ना हो और कानून व्यवस्था बनी रहे। हमें जानकारी मिल रही है कि कुछ लोग नकली नाम से दुकान लगाकर दूषित फल और सब्जी बेचने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए, दिल्ली सरकार के मुखिया होने के नाते वीएचपी दिल्ली प्रांत एलजी से आग्रह करता है कि इस दिशा में उचित कार्रवाई करने का आदेश जारी करें।

# पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी इलेक्ट्रिक बस मेट्रो खंभे से टकराई, महिला की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली में डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) की एक इलेक्ट्रिक बस के सोमवार सुबह मेट्रो खंभे से टकरा जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 23 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि पंजाबी बाग थाने को सुबह सात बजकर 42 मिनट पर रोहतक रोड पर शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के निकट बस दुर्घटना की सूचना मिली। वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मंगोलपुरी और आनंद विहार के बीच चलने वाली डीटीसी इलेक्ट्रिक बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

उन्होंने कहा, बस के अचानक ब्रेक लगाने के कारण एक ऑटो रिक्शा भी पीछे से बस से टकरा गया। इस दुर्घटना में चालक और कंडक्टर समेत कुल 24 यात्रियों के घायल होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा, बस में सवार 45 वर्षीय महिला यात्री को महाराजा अग्रसेन अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक अन्य 55 वर्षीय यात्री फिलहाल आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) में है।

अधिकारी ने बताया कि 23 घायलों में से 14 का इलाज महाराजा अग्रसेन अस्पताल में जारी है, जबकि शेष 10 को मोती नगर स्थित आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, पंजाबी बाग पुलिस थाने में कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल के मुआयने के लिए अपराध जांच दल को बुलाया गया है। इस दल की रिपोर्ट और वाहन की यांत्रिक जांच के बाद दुर्घटना का कारण पता लगेगा।

हालांकि, डीटीसी के एक अधिकारी ने दावा किया कि बस अपनी निर्धारित लेन में चल रही थी। अधिकारी ने कहा, एक मोटरसाइकिल सवार और एक ऑटोरिक्शा चालक अचानक दाएं मुड़ गए। दुर्घटना से बचने के लिए (डीटीसी इलेक्ट्रिक बस के) बस चालक भी दाएं मुड़ा लेकिन बस मेट्रो खंभे से टकरा गई।

# वर्षा ने खोली फिर दिल्ली नगर निगम की पोल : राजा इकबाल सिंह

दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज हुई थोड़ी सी बारिश के बाद दिल्ली में हुए जलभराव के मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी पर कड़ा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आप सरकार के पास बारिश के चलते हो रह जलभराव से निपटने के लिए कोई भी योजना नहीं है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की महापौर साहिबा के द्वारा पिछले दिनों आनन फानन में किए हुए दौरे नाकाफी साबित हुए और आम आदमी पार्टी की नाकामयाबी की सजा दिल्ली की जनता को भुगतनी पड़ी।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आप सरकार किसी भी स्थिति से निपटने में नौसिखिया जैसा व्यवहार कर रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि थोड़ी सी देर की बारिश में दिल्ली पानी पानी हुई जा रही है और दिल्ली की महापौर साहिबा एवं दिल्ली नगर निगम के प्रशासन के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम चुनाव के समय तो आम आदमी पार्टी झूठी गारंटी देकर दिल्ली नगर निगम की सत्ता पर बैठ गई किंतु अब न इनसे निगम संभल रहा है और न ही दिल्ली। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार के शासन में अधिकारी निरंकुश हो गए हैं और आम आदमी पार्टी के पार्षदों को जन सरोकार के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि दिल्ली की में महापौर साहिबा वैसे तो बड़ी बड़ी बातें करती हैं किंतु जलभराव जैसी मूलभूत समस्या से निपटने के लिए इनके पास कोई भी कार्ययोजना नहीं है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मैं दिल्ली की महापौर साहिबा से अनुरोध करना चाहता हूं कि अगर उनसे दिल्ली नगर निगम न संभल रहा हो तो किसी अन्य को दिल्ली की सेवा का अवसर दे देना चाहिए।

# चातुर्मासिक पर्व एक आत्मा के कलिमल को धोने का पर्व है : आर्षमति माताजी

नई दिल्ली। षष्ठपट्टाचार्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर महाराज की शिष्या गणिनी आर्यिका 105 आर्षमति माताजी ने राजधानी दिल्ली के ऋषभ विहार स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास की स्थापना की। इस अवसर पर साध्वी श्री के साथ आर्यिका अमोघमति, अर्पणमति व अंशमति माताजी ने भी चातुर्मास स्थापना की। इस मौके पर बाल ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी, ललिता दीदी, कंचन दीदी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिलाध्यक्ष विपिन जैन, समाज के प्रधान सुनील जैन, महामंत्री अमरचंद जैन, कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन एवं समस्त कार्यकारिणी, लोकेश जैन, मनोज जैन एवं श्रवण सेवा समिति एवं महिला मंडल ऋषभ विहार आदि के साथ-साथ दिल्ली व अन्य शहरों की समाजो के प्रमुख लोग, ज्ञानार्ष भक्त परिवार के विभिन्न शैलियों लोग मौजूद थे, इस मौके पर चातुर्मास स्थापना हेतु मंगल कलश स्थापित किए गए व गुरु पूजन के साथ-साथ गुरु पूर्णिमा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य श्री ज्ञान सागर को याद करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि हमने भगवान आदिनाथ या महावीर स्वामी को नहीं देखा परतुं आचार्य श्री ज्ञान सागर मुनिराज के रूप में हमने चौबीस तीर्थकर के दर्शन किये जिन्होंने ना जाने कितने पत्थर रूपी श्रावकों को तराश कर पारस बनाया उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर व आचार्य श्री ज्ञान सागर जैसे संत ही वर्तमान में भगवान आदिनाथ व भगवान महावीर की प्रतिमूर्ति है। साध्वीश्री ने कहा कि बचपन के संस्कार हमारी पचपन वर्ष की आयु में काम आते हैं, हम बच्चों में बचपन में जो संस्कार रोपित करते है वह बुढ़ापे मे हमारे ही काम आते हैं उन्होंने चातुर्मास की व्याख्या करते हुए कहा कि चातुर्मासिक पर्व एक आत्मा के कलिमल को धोने का पर्व है। जिस प्रकार वर्षा होने से गली, मोहल्ले की सफाई होती है ठीक उसी प्रकार वर्षा वास से मानव मन की सफाई हो जाती है। उसी प्रकार धर्म आराधना करने से मानव मन की सफाई विषय विकारों की गंदगी सत्संग रूपी वर्षा से धूल जाती है। मोर जब गाता है, नाचता है तो सब को प्रिय लगता है इसी प्रकार एक आत्मार्थी को सत्संग रूपी गंगा में डुबकी लगाना प्रिय लगता है। उन्होंने कहा कि जैन धमानुर्सार गुरु पूर्णिमा का काफी महत्व है अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर ने आज के दिन ही उनके प्रथम गणधर शिष्य गौतम स्वामी मिले थे और गौतम स्वामी को महावीर भगवान जैसे सतगुरु मिले। इसी कारण इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

## कुलपति ने किया एसबीएससी में निर्माण कार्य का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह कॉलेज परिसर के नवनिर्मित अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का उद्घाटन समारोह सोमवार को कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया। इस दौरान कुलपति ने कैंपस में शिक्षा का स्तर बढ़ाने, शिक्षकों को आपसी सौहार्द बनाया रखने और शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कॉलेज परिसर में नवनिर्मित सुविधाओं जैसे ओपन एयर ऑडिटोरियम, दो नई लिफ्ट, नया वातानुकूलित स्टाफ रूम, नए स्मार्ट क्लास रूम, नए सभागार कक्ष और ज्ञान प्रसार केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अरुण कुमार अत्री ने इसके लिए कुलपति का आभार प्रकट किया। उन्होंने आगामी वर्षों में कॉलेज द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा रखी और शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों के सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

## सेंट्रल विस्टा: अदालत ने वक्फ बोर्ड से कहा- जब केंद्र कार्रवाई करे तो याचिका दायर करें

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड से कहा कि जब भी केंद्र सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के संबंध में उसकी संपत्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करे तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा कि परियोजना को उच्चतम न्यायालय की मंजूरी मिली हुई है और उन्होंने बोर्ड से 2021 में दायर अपनी याचिका वापस लेने को कहा। बोर्ड ने इस याचिका में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निर्देश देने का आग्रह किया था।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि वक्फ बोर्ड यह नहीं कह रहा है कि सेंट्रल विस्टा परियोजना को खत्म करना होगाह्व, बल्कि वह केवल यह आश्वासन चाह रहा है कि उसे उसकी संपत्तियों से बेदखल नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश ने कहा, इस याचिका को वापस ले लीजिए। हम मामले को उलझाना नहीं चाहते। जब भी वे कोई कार्रवाई करेंगे, आप आ सकते हैं। अदालत ने बोर्ड को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए कहा कि यदि आवश्यक हो तो वह नई याचिका दायर कर सकता है। बोर्ड ने 2021 में क्षेत्र में अपनी छह संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। क्षेत्र में उस समय पुनर्विकास कार्य किया जा रहा था।

बोर्ड की इन संपत्तियों में मानसिंह रोड पर मस्जिद जब्ता गंज, रेड क्रॉस रोड पर जामा मस्जिद, उद्योग भवन के पास मस्जिद सुनहरी बाग रोड, मोतीलाल नेहरू मार्ग के पीछे मजार सुनहरी बाग रोड, कृषि भवन परिसर के अंदर मस्जिद कृषि भवन और उपराष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के अंदर स्थित मस्जिद शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिसंबर 2021 में उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया था कि परियोजना के आसपास के क्षेत्र में दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा था कि लंबी योजना होने के कारण, पुनर्विकास संबंधित संपत्तियों तक नहीं पहुंचा है।

## जेल में बंद संपत नेहरा ने कारोबारियों से रंगदारी मांगी

नई दिल्ली। लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े संपत नेहरा ने जेल से कारोबारियों को फोन कर रंगदारी मांगी और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। अशोक विहार फेज वन निवासी 64 वर्षीय स्टील कारोबारी को शुक्रवार को एक नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा संपत नेहरा बताया। उसने कहा कि, वह जेल से फोन कर रहा है और उसे दो करोड़ रुपये की जरूरत है। फोन करने वाले ने एक दिन के अंदर रुपये नहीं देने पर कारोबारी के बेटा-बेटी को जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी से डरे बुजुर्ग कारोबारी ने देर रात परिजनों से बात की और अगले दिन अशोक विहार पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं, दूसरी वारदात बेगमपुर इलाके में रविवार शाम को हुई। रोहिणी सेक्टर 24 निवासी अनाज कारोबारी के बेटे के मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद का नाम संपत नेहरा बताते हुए कहा कि मैंने तुम्हारे पिताजी को फोन किया,

## धर्मगुरुओं ने बाल विवाह मुक्त देश का संकल्प लिया

नई दिल्ली। अलग-अलग धर्मों के नौ धर्मगुरुओं ने देश को बाल विवाह मुक्त कराने का संकल्प लिया। इस संबंध में धार्मिक नेता बाल विवाह मुक्त भारत के गठबंधन सहयोगी इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की ओर से आयोजित संवाद में 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया। कार्यक्रम में हिंदू, इस्लाम, सिख, ईसाई, बौद्ध, बहाई, जैन, यहूदी और पारसी धर्म के धर्म गुरु जुटे थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि कोई भी धर्म बाल विवाह का समर्थन नहीं करता। किसी भी धर्मगुरु या पुरोहित को बाल विवाह संपन्न नहीं कराना चाहिए। धर्मस्थलों में बाल विवाह के खिलाफ संदेश देने वाले पोस्टर बैनर लगाएंगे। बाल विवाह को प्रोत्साहित करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई करेंगे। भारतीय सर्व धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि बाल विवाह की समस्या सभी धर्मों और समुदायों में है। हम सभी धार्मिक नेता साथ मिलकर इस समस्या के समाधान की कोशिश में है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के डॉ. एम. इकबाल सिद्दीकी ने कहा कि इस्लाम में विवाह की किसी उम्र का प्रावधान नहीं है, लेकिन इस्लाम निश्चित रूप से कहता है कि दूल्हे और दुल्हन दोनों को विवाह पर सहमति देनी होगी। चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि समुदाय के साथ खड़े होने पर बाल विवाह जैसे सामाजिक रूप से स्वीकृत अपराध को खत्म कर सकते है।

## दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन ने की अपील- कांवड़ मार्ग पर बंद रखें मीट की दुकान

नई दिल्ली । कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन ने कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकान चलाने वालों से दुकान बंद रखने की अपील की है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी इरशाद कुरैशी ने कहा कि ऐसे दुकानदारों से यह कहा गया है कि अगर वे दुकान बंद नहीं कर सकते तो ऐसा इंतजाम करें कि किसी की भावनाएं आहत न हो और कांवड़ यात्रियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन सभी धर्मों की भावना का सम्मान करती है, ताकि किसी की आस्था को नुकसान न पहुंचे। साथ ही देश का माहौल अच्छ बना रहे। इरशाद कुरैशी ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम से भी मांग की है कि दिल्ली की सड़कों पर अवैध रूप से बेची जा रही मीट की दुकानों को भी बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सड़क किनारे अवैध रूप से मीट बेचा जाता है, लेकिन दिल्ली पुलिस और दिल्ली नगर निगम इस तरफ आंखें मूंदे बैठे हैं। इस तरह की दुकानों पर हाइजीन का जरा भी ख्याल नहीं रखा जाता, जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। दिल्ली मीट मर्चेंट एसोसिएशन ने इस संबंध में दिल्ली नगर निगम और दिल्ली पुलिस से कई बार शिकायत भी कर चुका है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है।

**Public Notice**

Public at large is hereby informed that my client Mr. Chand is the owner of Property area measuring 72 sq. yrds. Out of total area measuring 180 sq. yrds., out of Khasra No. 429min, situated in the area of village Raispur, ParganaDasna Tehsil &Distt. Ghaziabad, U.P.vide Gift Deed dated 28.08.2023 executed by Mrs.JuvedaKhatoon in favour of Mr. Chand in respect of land area measuring 70 sq. yds.Doc no. 8740, Vol no. 20240, Pages no. 145-174, SRO- GZBD IInitially, Sale Deed dated 27.09.1986 executed by Mr. Ram Chander, Mr.Sardar Singh, Mr. Mansa Ram and others in favour of Mr. Ajijuddin in respect of the area measuring 180 sq. yds.., Document no. 33423, who expired leaving behind his last testament reg. Will dated 11.04.2011 in favour of Mrs.JuvedaKhatoon in respect of the area measuring 180 sq. yds. and Finally, Gift Deed dated 28.08.2023was executed in favour of abovementioned client who will be mortgaging the said property with Cholamandalam Investment and Finance Company Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

PRAGYABHUSHAN
DATE: 22/07/2024

ADVOCATE
Enrl. No. D/721/02
L-27, GF, Kailash Colony,
New Delhi-48

9968006418

# रिंग रोड पर पंजाबी बाग गोल चक्कर से प्रेमबाड़ी पुल के बीच रोड स्ट्रेच का अपग्रेडेशन व सुदृढ़ीकरण करवायेगी केजरीवाल सरकार

- लगभग 4 किमी लंबा रिंग रोड का ये महत्वपूर्ण स्ट्रेच,रोजाना लाखों लोग आवागमन के लिए करते है इसका इस्तेमाल-पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी
- सुदृढ़ीकरण के बाद उत्तरी पश्चिमी दिल्ली की यह महत्वपूर्ण सड़क और सुंदर, सुरक्षित व मजबूत बन जाएगी- पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी
- चाहे जितनी बाधाएँ आए लेकिन जबतक अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है तबतक दिल्लीवालों के काम नहीं रुकेंगे-पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली की सड़कों को यात्रियों के लिए सुंदर और सुरक्षित बनाना केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है। इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मिशन मोड पर काम कर रहा है। इस दिशा में हाल ही में, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में रिंग रोड पर प्रेमबाड़ी पुल से पंजाबी बाग गोल चक्कर तक की सड़क के अपग्रडेशन और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी। बता है कि, ये सड़क रिंग रोड का महत्वपूर्ण स्ट्रेच है और रोजाना लाखों यात्री इनका उपयोग करते हैं।

परियोजना को मंजूरी देते हुए, पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा, ह्लकेजरीवाल सरकार का विजन अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए शहर में एक वर्ल्ड क्लास और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क स्थापित करने पर है। इस दिशा में सरकार रिंग रोड जो दिल्ली में यातायात के लाइफ-लाइन की तरह है, शहर के विभिन्न हिस्सों को जोड़ती है और लाखों निवासियों के दैनिक आवागमन को सुविधाजनक बनाती है।

उन्होंने कहा कि, इसके तहत उत्तरी पश्चिमी दिल्ली में रिंग रोड के प्रमुख रोड स्ट्रेच पर प्रेमबाड़ी पुल से पंजाबी बाग गोल चक्कर के सड़क का अपग्रेडेशन और सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा। ये पहल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के विभिन्न क्षेत्रों की समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाते हुए दिल्ली के लोगों को सड़कों पर चलने के बेहतर अनुभव देने के विजन का हिस्सा है।

बता दें कि रोजाना इस सड़क पर लाखों लोग आवाजाही करते है। ऐसे में भारी ट्रैफिक के कारण सड़क की ऊपरी सतह पर कई जगह दरार देखे गये है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने एक्सपर्ट्स की सहायता से सड़क का निरीक्षण किया है और पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जल्द से जल्द इसके सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिये है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का दिल्ली के लोगों से वादा है- राजधानी की सड़कों को वर्ल्ड क्लास स्टैंडर्ड की सड़कों में तब्दील करेंगे और उनके नेतृत्त्व में दिल्ली की सड़कों को को बेहतर बनाने के लिए सरकार ह्यमिशन मोडह्न में काम कर रही है। परियोजना को मंजूरी देते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश भी दिए कि,सुदृढ़ीकरण के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व क्वालिटी के सभी मानकों का प्रतिबद्धता से पालन हो और आवाजाही करने वालों को समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि, चाहे जितनी बाधाएँ आए लेकिन जबतक अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है, तबतक दिल्लीवालों के काम नहीं रुकेंगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्माण के दौरान यात्रियों को कोई असुविधा न हो और निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के सभी मानकों का पालन किया जाए।

# बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस देने से इनकार, याचिका में त्रुटियां ठीक करने का निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की ओर से नई दिल्ली से चुनी गई भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर फिलहाल नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सोमनाथ भारती से कहा कि आपकी याचिका में काफी गलतियां हैं। आप इसमें सुधार करें तब हम सुनवाई करेंगे। अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

हालिया लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से बांसुरी स्वराज ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती को हराकर जीत दर्ज की थी। भारती ने कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर लोकसभा चुनाव 2024 में बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद बीएसपी के टिकट पर खड़े थे। उनको बीजेपी ने खड़ा करवाया था ताकि याचिककाकर्ता का वोट काटा जा सके।

आनंद को बीजेपी ने खड़ा किया: याचिका में कहा गया है कि राजकुमार आनंद आम आदमी पार्टी की सरकार में मंत्री थे और 9 अप्रैल तक सोमनाथ भारती के प्रचार में सक्रिय थे और अचानक उन्होंने 10 अप्रैल को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बांसुरी स्वराज पर आरोप लगाया गया है कि चुनाव के दिन याचिकाकर्ता ने देखा कि बांसुरी स्वराज के बूथ एजेंटों के पास उनकी फोटो, चुनाव चिह्न और प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाले पर्चे थे और वे इसे मतदाताओं को दिखा रहे थे, जो जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है।

याचिका में कहा गया है कि बांसुरी स्वराज ने चुनाव के दौरान पैसे, साड़ियां और सूट-सलवार मतदाताओं को बांटे। इसका आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने काफी विरोध किया, लेकिन बांसुरी स्वराज की ओर से मतदाताओं को लुभाने का सिलसिला जारी रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुस्तक लोकार्पण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित

मुजफ्फरपुर। स्थानीय नवयुवक समिति के सभागार में आज पुस्तक लोकार्पण (गीतों की गूंज), सम्मान समारोह, पौधा रोपण, पौधा वितरण, सँगीत एवं कवि सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डाँ अरूण शाह, डाँ विजयेश कुमार, डाँ देवव्रत अकेला, डाँ हरिकिशोर प्रसाद सिंह, डाँ पुष्पा गुप्ता, डाँ जगदीश शर्मा, मीरा भारती, उदय नारायण सिँह, सत्येंद्र कुमार सत्येन, उमेश राज, मुस्कान केसरी, स्मृति सुमन, दीनबन्धु आजाद, आशा कुमारी, आशा सिन्हा, मुन्नी चौधरी, अँजनी कुमार पाठक, उत्तम शर्मा, विनोद हँसौडा, डाँ उमा सिंह किसलय, डाँ प्रियम्बदा मिश्र, रमेश कुमार श्रीवास्तव, डाँ वी के मल्लिक, प्रमोद नारायण मिश्र, पूनम भगत, डाँ कुमारी मनीषा, कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, रविनंदन सैनी, कुमकुम मिश्रा ठाकुर, मीना कुमारी आदि उपस्थित थे।

### भकुआ अंडिया घाट पर धौरी नदी कटाव से ग्रामीण सड़क विलीन

मधुबनी खजौली भकुआ पंचायत के वार्ड एक अंडिया घाट पर धौरी नदी की कटाव से ग्रामीण सड़क नदी में विलीन होने से जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन से अविलंब सड़क निर्माण की मांग की है.जिप सदस्य श्री सिंह ने बताया कि भकुआ पंचायत के वार्ड एक मे धौरी नदी में पुल निर्माण के बाबजूद भी पुल सटे उत्तर एव पश्चिम दिशा में ग्रामीण सड़क को नदी की तेज धारा में कटने से जयनगर प्रखंड एव खजौली प्रखंड के दर्जनों गांव के लोग चार से पांच किलोमीटर धूमकर जाना पड़ता है. वही भकुआ पंचायत के दर्जनों किसान की खेतीबारी करने में भारी परेशानी हो रही है. वही दर्जनों किसान एव आमजनों को जाने के लिए मुख्य उपयोगी एक मात्र सड़क था जो स समय विभाग द्वारा कटाव निरोधक कार्य नही करने से ग्रामीण सड़क नदी में विलीन हो गया है.जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि जनहित में देखते हुए अविलंब ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग किया है.

### पांच लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गाढ़ा टोल से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार कारोबारी की पहचान मनियारपुर गाढ़ा टोल के स्व बतहु साह के पुत्र अफसर साह के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को उत्पाद अधिनियम तहत प्राथमिक दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही है।

### मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।जख्मी लोगों में भट्टी चौक के मंजू देवी और विशंभर पासवान मनियारपुर गांव के नजमी खातून डढ़िया गांव के बैजनाथ पासवान एवं राम सकल राम मंजिल मुबारक गांव के राहत परवीन शामिल है। सभी जख्मी लोगों का ईलाज पीएचसी में कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए नजमी खातून बैजनाथ दास एवं राम सकल राम को सरदार अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारियां ने ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

# हत्याकांड के मुख्य आरोपी को दौड़ा-दौड़ा कर मारी 5 गोली, हुई मौत

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता




समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के एसएच 88 पर बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक को घेर लिया और दौड़ा दौड़ा कर गोली मार दी। युवा को पांच गोली मारी गई है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक उजियारपुर थाना क्षेत्र के पचपाई का गांव का विनोद महतो बताया गया है। विनोद महतो गत 26 नवंबर की रात उजियारपुर के पचपाइका गांव में सोनू कुमार नामक युवक की गोली मारकर हुई हत्या के मामले का मुख्य आरोपी है। इस घटना को पूर्व घटना के बदल के रूप में देखा जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया है कि विनोद अकेले ही अपनी बाइक से दलसिंहसराय कोर्ट जा रहा था इसी दौरान डैनी गांव के पास पूर्व से घात लगाए लोगों ने उसे घेर लिया। बदमाशों को देख विनोद अपनी बाइक छोड़ भागने लगा इसके बाद लोगों ने उसे खदेड़ना शुरू किया और उस पर गोली चलानी शुरू की। बदमाशों द्वारा करीब आठ गोली चलाई। विनोद के सीने और पेट में 5 गोली लगी है। गोली मारे जाने के बाद बदमाश वहां से फरार हो गए। बाद में स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे दलसिंहसराय अनुमंडलीय अस्पताल ले जाएगा जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

उजियारपुर थाना क्षेत्र के पचपैका का गांव में गत 26 नवंबर की देर शाम गांव के ही धनेश्वर प्रसाद महतो के पुत्र सोनू कुमार महतो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड मेंविनोद महतो समेत तीन लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में विनोद समेत दो लोग जेल गए थे। विनोद करीब दो महीना पहले जेल से छूट कर बाहर आया था। इसी दौरान आज वह के स सिलसिले में दलसिंहसराय कोर्ट जा रहा था इसी दौरान बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। इस हत्याकांड को लोग सोनू हत्याकांड के बदले के रूप में देखा जा रहा है। दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि विनोद सोनू हत्याकांड का मुख्य आरोपी था। करीब दो महीना पहले यह जेल से छूट कर आया था इस हत्या को पुरानी हत्या से ही जोड़कर देखा जा रहा है जमीनी विवाद के कारण पूर्व में इस घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस पूरे मामले को देख रही है। सोनू और विनोद के बीच तीन कट्ठा जमीन को लेकर विवाद था।

## पर्यावरण प्रदूषण दूर करना सरकार के साथ-साथ हमारी भी जिम्मेदारी : डॉ पुष्पा झा

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत रविवार को महिला क्लब दरभंगा की ओर से मब्बी स्थित स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल परिसर में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इसके तहत सैकड़ो फलदार एवं अन्य वृक्ष लगाए गए। वृक्ष लगाने के पूर्व आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला क्लब की अध्यक्षा डॉ० पुष्पा झा ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए कसम यह खानी है हर वर्ष एक पेड़ लगानी है के मंत्र को अपने जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या बन गई है जिसने मानव जीवन के साथ-साथ पृथ्वी के सभी जीव- जंतुओं का जीवन भी खतरे में डाल दिया है। महिला क्लब की सचिव राजकुमारी मारीवाला ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना बहुत जरूरी है फिर पौधे के माध्यम से ही प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। उन्होंने कहा कि वृक्ष काटने से ही बाढ़, भूमि स्खलन आदि हो रहे हैं इसलिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ० अलका द्विवेदी,महिला क्लब की कोषाध्यक्ष डॉ० आभा सिन्हा एवं सदस्य लता खेतान, डॉ० प्रतिभा गुप्ता, डॉ० नूतन राय, रेखा पाहुजा, निधि झा ने भी अपने विचार व्यक्त किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद पूरे परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा भारत नेपाल सीमा पर किया गया कॉस्मेटिक सामग्री जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी मधवापुर के जिम्मेवारी के इलाके में वाह्य सीमा चौकी मधवापुर के जवानों द्वारा चैक पोस्ट ड्यूटी के दौरान की गई कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295/2 के नजदीक ह्नो मैन्स लैंडह्व से 3 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ, मोटरसाईकिल पर भारत से नेपाल ले जाई जा रही विभिन्न प्रकार की कॉस्मेटिक सामग्री के साथ एक तस्कर, प्रहलाद कुमार यादव, गांव एवं डाकघर मटिहानी, पुलिस स्टेशन मटिहानी, जिला महोत्तरी नेपाल को जब्त कर गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कॉस्मेटिक सामग्री, बरामद मोटरसाईकिल और गिरफ्तार तस्करों को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोंन के सुपुर्द कर दिया गया है ।भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके । साथ ही साथ देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह प्रत्येक प्रयास किया जा रहा है।

## श्रावण के पहले सोमवारी में कपिलेश्वर मंदिर में जलाभिषेक को लेकर उमड़ी भक्तों की भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड स्थित मिथिला के प्रसिध्द देवघर माने-जाने कपिलेश्वर धाम,सौराठ गांव के सोमनाथ,डुमरी महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में जहां पवित्र सरोवर से जल भर कर कई किलो मीटर पैदल यात्रा कर शिवालय पहूंचने के बाद कांवरियों ने 04बजे सुबह से शिव लिंग पर जलाभिषेक किया।वही मंदिरों में शिव भक्तों आना जाना लगा रहा। श्रावणी मेले को लेकर जगह जगह मंदिर कमेटी से लेकर पंडा व पूजारीयों के द्वारा जहां मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया गया है। वही मंदिरों में पूजा व दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को कोई कठिनाई ना हो इसे देखते हुए पुख्ता तैयारी किया गया है। तो वही जिला प्रशासन के द्वारा भी काफी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है ।जगह जगह पुलिस और मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। काफी संख्या में पुलिस बल को इस कार्य के लिए लगाया गया है। जयनगर के कमला नदी से जलभर कर बाबा कपिलेश्वर धाम में बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक किया गया ।श्रावणी मेले को लेकर जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा,आरक्षी अधीक्षक शुशील कुमार स्वयं सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। वही दरभंगा जयनगर जाने वाली मुख्य मार्ग पर बेरिकेटिंग का भी व्यवथाकिया गया ।प्रशासन द्वारा कपिलेश्वर धाम के सभी जगहों पर पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार सहित 30 और महिला 07पुलिस बल प्रथम सोमवारी को तैनात किया गया, वही प्रशासन के द्वारा एंबुलेंस के साथ मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया।

पुरे सावन माह वातावरण भक्तिमय और शिवमय बना रहता है ।सावन की पहले सोमवारी में हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहूंच कर शिव लिंग पर जलाभिषेक व पूजा व दर्शन किए ।वही रहिका थानाध्यक्ष ने बताया की भीड़ को देखते हुए सभी जगह पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है ताकि श्रद्धालुओं की किसी प्रकार का दिक्कत का सामना ना हो वही असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर है। हुरदंग मचाने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नही जाएगा। हमारे पुलिस बल के द्वारा सादे लिवाज में जगह-जगह तैनात किया गया है। मंदिर में शिव भक्तों को कतार बध्य सभी भक्तो को मंदिर में प्रवेश करने की पुख्ता व्यवस्था की गई थी।

## नगर विधायक के पहल पर भू एवं राजस्व विभाग की ओर से हजारी नाथ मंदिर हुआ सूचीबद्ध



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। नगर विधायक संजय सरावगी की पहल पर शहर के बड़ा बजार स्थित बागमती नदी के तट पर बाबा हजारी नाथ मंदिर में अब श्रावण मास में होने वाले आयोजन की व्यवस्था को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से तत्काल 5 लाख की राशि जिला प्रशासन के नाम निर्गत कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर और भी राशि प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि भू राजस्व विभाग की ओर से अब बाबा हजारी नाथ मंदिर को सूचीबद्ध कर दिया गया है। अब प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में इस मंदिर पर होने वाले आयोजन को लेकर सरकार की ओर से राशि निर्गत होती रहेगी और आयोजन भी शानदार ढंग से होता रहेगा। मालूम हो कि नगर विधायक श्री सरावगी बाबा हजारी नाथ मंदिर परिसर में लगने वाले मेला को भी राजकीय मेला का दर्जा दिलाने को लेकर प्रयासरत हैं । कई बार मंत्रियों से मिल भी चुके हैं और अभिलेखिय तौर पर वर्षों से जुटे हुए हैं। अब जाकर उन्हें सफलता मिली है और मंदिर सरकार की सूची में सूचीबद्ध कर दिया गया है। इस बेहतरीन आध्यात्मिक कार्य को लेकर नगर विधायक की जितनी सराहना की जाए वह कम है । इस मंदिर पर होने वाले आयोजन की दिशा में सफलता मिली और राजस्व भूमि सुधार विभाग की ओर से राशि भी जिला प्रशासन को मुहैया करा दिया गया है। राशि निर्गत किए जाने पर नगर विधायक श्री सरावगी ने शहरी विधानसभा क्षेत्र के समस्त निवासियों की ओर से राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा उन्हें बधाइयां भी दी है।

## सम्पूर्ण जिले में उत्सव , उत्साह एवं शांतिपूर्ण वातावरण में श्रावण सोमवारी पर्व मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी श्रावण माह की प्रथम सोमवारी मेला में कल देर शाम से ही अपर समाहर्ता अनुमंडल पदाधिकारी ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा एवं एसपी सुशील कुमार स्वयं देर रात्रि तक बिस्फी मेला क्षेत्र की विधिव्यवस्था सहित प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेते रहे ।डीएम एसपी पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। सीसीटीवी कैमरे एवम वीडियो ग्राफी फुटेज के माध्यम से भी नजर रख रहे थे गश्ती दल भी लगातार सक्रिय है। सभी स्थानों पर आवश्यक दवाओं के साथ मेडिकल टीम मुस्तैद थे ।एसडीआरएफ की टीम श्रावणी मेले को लेकर बलहा घाट ,जयनगर, भैरवा सहित महत्वपूर्ण स्थलों पर राहत एवं बचाव कार्य में पूरी तरह मुस्तैद देखा गया,जिला नियंत्रण कक्ष पल पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। किसी भी प्रकार की सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष आपदा के दूरभाष नंबर 06276-222576 पर करे संपर्क। विधिव्यस्था के सम्पूर्ण वरीय प्रभार में एडीएम शैलेश कुमार एवं एसडीपीओ मुख्यालय रश्मि पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे,साथ ही लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा ले रहे थे साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो के प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँचकर उनकी उपस्थिति का भी जायजा ले रहे है।

## रौटर मशीन जलने से उपडाकघर वीरान पड़ा



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली उपडाकघर खजौली में 15 जुलाई को रौटर मशीन एव स्विच जलने से उपडाकघर का सारा सिस्टम बंद होने से सैकड़ो खाताधारी एव आमजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. उपडाकघर खजौली में सारा सिस्टम बंद होने से उपडाकघर के खाताधारी की राशि निकासी एव जमा नही होने से उपभोगता एक सप्ताह से उपडाकघर की चक्कर लगा रहा है. उपडाकघर के डाकपाल वंदना साक्षी ने बताया कि दर्जनों खाताधारी को जमा, निकासी , सुकन्या समृद्धि योजना, पीएलआई खाता , डाक रजिस्टरी पत्र, स्पीड पोस्ट, पार्सल, बीमा सहित अन्य कार्य संम्पूर्ण बाधित होने से डाककर्मी एव आमजनों से आये दिन बराबर झड़प होने से डाक कर्मी परेशान नजर आ रहे है. उन्होंने कहा कि उपडाकघर में लौ वॉल्टेज रहने के कारण डाकघर में रौटर मशीन को पूरा वोल्टेज नही मिलने से मशीन जल गया है. जिस कारण उपडाकघर खजौली के आवश्यक कार्य उपडाकघर राजनगर से एसकैनिग करके कार्य किया गया. वही डाक अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि उपडाक घर खजौली में रौटर मशीन की आपूर्ति कर दी गयी है.लेकिन रौटर मशीन में प्रयाप्त वोल्टेज के लिए विभाग द्वारा मिस्त्री भेजकर नये अर्थिंग को लगाकर दो दिन के अंदर उपडाकघर की सिस्टम को चालू कर दिया जाएगा.इस मौके पर उपडाकघर के डाकपाल वंदना साक्षी एव पोस्टल असिस्टेंट संजय कुमार कार्यालय में मौजूद थे.

## 16 दंडाधिकारी, 60 पुलिस पदाधिकारी व 18 बीएसएपी जवान की तैनाती के बावजूद मंदिर में हुई चेन स्नैचिंग

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी व सीसीटीवी कैमरा से निगरानी के बावजूद शहर के प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर में पहली सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए आए श्रद्धालु अपराध के शिकार हो गए। आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं के गले से सोने की चेन की चोरी हो गई। बावजूद इसके पुलिस एक भी बदमाश को गिरफ्तार नहीं कर पायी। बता दें कि पिछले साल भी इस तरह की कई घटनाएं हुई थी और उसके बाद भी पुलिस सजग नहीं रह पायी। इससे श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश है। यह हाल तब है जब दो-दो शिफ्टों में 16 दंडाधिकारी व 60 पुलिस पदाधिकारी तथा 18 बीएसएपी के जवान, श्रद्धालुओं के सुरक्षा में तैनात थे। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई थी। हालांकि इन सब पूरे तामझाम के बावजूद भी नगर थाना पुलिस चेन स्नैचिंग की घटनाओं को रोक नहीं सकी। इससे आम दिनों में शहर में शहरवासियों का क्या हाल होता होगा, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कम से कम 10 महिलाओं के गले से सोने की चेन की चोरी हुई है। हालांकि पुलिस इस से संबंधित दो-तीन घटनाएं ही होने की बात कह रही थी। शहर के थानेश्वर स्थान मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए आयी हुई उजियारपुर के पतैली की पुष्पांजलि कुमारी के गले से बदमाशों ने उनके दो लाख रुपए मूल्य के सोने का चेन उड़ा लिया। वहीं धरमपुर बांदे के सत्यम कुमार पांडे की पत्नी नेहा कुमारी के गले से बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए मूल्य का सोने के चेन की चोरी कर ली। आदर्शनगर चौक के बीआरबी कॉलेज के पास के रहने वाले आर्यन राज की पत्नी स्वाति प्रिया के गले से भी बदमाशों ने सोने के चेन की चोरी कर ली। बारह पत्थर मोहल्ला के रहने वाले आसित कुमार सिंह की पत्नी रेखा कुमारी के गले से भी सोने की चेन की चोरी कर ली। वहीं मगरदही खरीदाबाद के रहने वाले श्याम किशोर सुमन की पत्नी अवंतिका कुमारी के गले से एक लाख रुपए मूल्य के सोने की चेन की चोरी हो गई। बता दें कि धरमपुर के रहने वाले मनीष कुमार की भाभी इस मामले में थोड़ी भाग्यशाली रही। वह अपने परिवार के साथ मंदिर आयी हुई थी। बदमाशों ने उनके गले से सोने का चेन काट लिया, लेकिन बदमाश चेन उड़ाते उससे पहले एक महिला ने देख कर उन्हें आगाह कर दिया, जिससे उनका सोने का चेन चोरी होने से बच गया। उन्होंने कटे हुए सोने के चेन दिखाते हुए नगर थाना पुलिस से शिकायत की है।

## बाल विकास योजना पदाधिकारी बिथान, विभूतिपुर एवं मोहनपुर के वेतन पर डीएम ने लगाई रोक



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा समूह 12 जिसके अंतर्गत कल्याण ,पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण, एससी यस टी कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, उर्दू कोषांग, सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांग जनशक्तिकरण कोषांग, आईसीडीएस, महिला विकास निगम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदन पूर्व में दिए गए निर्देश के आलोक में नहीं बनाया गया था जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा काफी नाराजगी जाहिर की गई एवं पुनः उनको अद्यतन रिपोर्ट के साथ संध्या 7:00 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अल्पसंख्यक कल्याण की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया की महिला परित्यक्ता व तलाकशुदा योजना अंतर्गत केवल अब तक 72 लाभुकों ही लाभान्वित किया जा सका है। जिलाधिकारी के द्वारा इस पर खेद व्यक्त किया गया एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक बाल विकास परियोजना अधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं विकास मित्रों तथा अन्य क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं कर्मियों का सहयोग लेते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करवाए तथा आवेदन पत्रों को अधिक संख्या में जनरेट करने का कार्य करना सुनिश्चित करें। सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा अब तक कितने लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा चुका है पर सही जानकारी नहीं देने के कारण सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही दिव्यांगजन सशक्तिकरण की सहायक निदेशक द्वारा भी प्रतिवेदन सही तरीके से नहीं प्रस्तुत करने एवं योजनाओं की जानकारी नहीं दे पाने के कारण स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश विशेष कार्य पदाधिकारी को दिया गया। उर्दू भाषा कोषांग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी उर्दू को निर्देश दिया गया कि सेमिनार सह कार्यशाला एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कार्यक्रम की अभी से विस्तृत रूप से तैयारी एवं प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें जिससे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक का आयोजन कराया जा सके। आईसीडीएस की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आईसीडीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा विभिन्न पदों में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध लक्ष्य की कम निकासी करने वाले, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ बंधन योजना एवं एनएनएम योजना अंतर्गत विभिन्न इंडिकेटरों में लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने वाले बाल विकास योजना पदाधिकारी विभूतिपुर, बिथान एवं मोहनपुर से कारण पृच्छा करते हुए उनके वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया।

# शिकायत के बावजूद कॉलेज मैदान पर हो रहा अतिक्रमण

**कॉलेज मैदान की जमीन पर अतिक्रमण हटने के बाद बाउंड्री कराए जाने पर हो रहा विचार, सरकार से की जाएगी मांग**

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर का खेल मैदान अतिक्रमण का शिकार हो रहा है। कॉलेज प्रशासन की उदासीनता के कारण जहां कॉलेज कॉलेज की पूर्व दिशा की ओर खेल मैदान के उत्तर से अतिक्रमणकारियों ने कब्जा किया हुआ है। छोटी पुलिया के बाद थोड़ी सी जमीन खाली बची हुई थी, जिसका मिट्टी वगैरह भरकर दुकान बनाने के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अतिक्रमण कारियों को कॉलेज से जुड़े किसी कर्मी का वरदहस्त प्राप्त है। इसी के आड़ में पहले उन्हें अतिक्रमण के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और बाद में उनसे अवैध उगाही की जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार कॉलेज मैदान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पहले वहां दुकान बना लिया जाता है और दुकान की आड़ में नशीले पदार्थों की बिक्री की जाती है। बता दें कि जितवारपुर निजामत बुल्लेचक, कन्हैया चौक, चांदनी चौक, जितवारपुर बूढ़ी गंडक नदी किनारे धम्मक चौक और उससे आगे मोक्षधाम के आसपास के इलाकों में जमकर नशे का कारोबार होता है। इससे समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर में पढ़ाई करने के लिए आने वाले युवा पीढ़ी के नशे की गिरफ्त में आने का खतरा लगातार बना हुआ है। बता दें कि समस्तीपुर कॉलेज मैदान पर हो रहे अतिक्रमण से स्थानीय लोगों में काफी रोष है और इसके लिए वह सीधे तौर पर समस्तीपुर कॉलेज प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं। बता दें कि कॉलेज मैदान की जमीन पर पहले से अतिक्रमण कर जेनरल स्टोर, होटल, पान-गुटखा एवं मीट-मुर्गा की दुकान खुली हुई है। इसके अलावा अतिक्रमणकारी फिर से दो-तीन दुकानें बनाकर वहां कब्जा करने की फिराक में हैं। वहीं इस संबंध में कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीणा प्रसाद ने बताया कि कॉलेज मैदान पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय अंचलाधिकारी और सदर एसडीओ को लिखित रूप से जानकारी दी गई है। जिसमें उनसे अतिक्रमण पर रोक लगाते हुए कॉलेज मैदान की अतिक्रमित जमीन को खाली कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने के बाद कॉलेज मैदान में बाउंड्री करने के लिए सरकार से मांग किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## बाइक सवार बदमाश रजिस्ट्री ऑफिस के पास से कातिब का एक लाख रुपए लेकर हुए फरार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



शहर में बाइक सवार बदमाशों का कहर बदस्तूर जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार बदमाशों ने सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के रजिस्ट्री ऑफिस के पास से एक कातिब के झोले में रखा हुआ एक लाख रुपए उड़ा लिया और पीछा करने के बावजूद फरार हो गए। पीड़ित कातिब की पहचान जितवारपुर कुम्हिरा के धीरेंद्र लाल कर्ण के रूप में हुई है। वह रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन की रजिस्ट्री करने वालों के लिए चालान जमा करने का काम करते हैं। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। घटना के संबंध में पीड़ित कातिब धीरेंद्र लाल कर्ण का बताना है कि जमीन रजिस्ट्री के लिए एक पार्टी के द्वारा उन्हें एक लाख रुपए दिया गया था, जिसे झोला में रखकर वह अपने काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान बाइक से आए बदमाश उनका झोला लेकर भागने लगे, शोर मचाने व पीछा करने के बावजूद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई थी। बता दें कि शहर में आए दिन हो रही इस तरह की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले के संबंध में जानकारी मिली है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला जा रहा है। बदमाशों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### शराबी शिक्षक को हंगामा मचाते पुलिस ने किया गिरफ्तार

जमुई। झाझा पुलिस ने सूचना के आधार पर एक प्राइवेट शिक्षक को नशे में हंगामा मचाते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार प्राइवेट शिक्षक की पहचान नगर क्षेत्र के भलुआ मुहल्ले के रहने वाले पंकज कुमार के रूप में हुई है। दरअसल पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि पंकज अपने घर के पास नशे में धुत होकर हंगामा मचा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर हंगामा मचा रहे शराबी प्राइवेट शिक्षक को गिरफ्तार कर थाना लाया जिसके बाद उसपर प्राथमिकी दर्ज कि गई। गिरफ्तार प्राइवेट शिक्षक को सोमवार को मेडिकल जांच के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां मेडिकल जांच होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया। गिरफ्तार पंकज टयूशन पढ़ाने का काम करता है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घैलाढ़ (मधेपुरा)। परमानंदपुर थाना क्षेत्र के भतरंधा परमानपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 13 परमानपुर गांव निवासी दिनेश तांती उर्फ मुसहरु के छोटे पुत्र शिवम कुमार (22) ने रविवार की अहले सुबह उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय परमानपुर पश्चिम टोला के बगल आम गाछी में लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आम गाछी में लटक रहे शिवम कुमार की लाश को शौच करने गए लोगों ने देख घटना की जानकारी पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसके बाद लोगों ने उनके परिजनों को भी घटना की सूचना देकर अवगत कराया। जहां घटना स्थल पर पहुंचकर उनके परिजनों ने जोर-जोर से धहाड़ मारकर रोना शुरू कर दिया। जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को मिली चारों तरफ से घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। तत्काल पुलिस लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और परिजन भी घटनाक्रम का खुलासा करने से परहेज कर रहे है। शिवम कुमार वार्ड नंबर 12 परमानंदपुर थाना चौक पर इलेक्ट्रॉनिक का दुकान चलाता था। वह दो भाइयों में छोटा था। ग्रामीणों के अनुसार आत्महत्या का कारण गृह कलह हो सकता है। शिवम की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। वही इस घटना के संबंध में परमानंदपुर थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल घटना कैसे हुई इस बात का पता लगाया जा रहा है।

### विवाहिता महिला को ससुराल वालों ने मारपीट कर किया घायल

जमुई। झाझा थानाक्षेत्र के योगियाटीला गांव में ससुराल में रह रही एक विवाहिता के साथ के साथ उसके ससुराल वालों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान की पहचान फुलकुमारी देवी के रूप में हुई है। जिसे उसके मायकों वालों के द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चिकित्सक के द्वारा किया गया। घायल महिला ने बताया कि मुझे ससुराल में रहने नही दिया जाता है और लोग प्रताड़ित करते हुए मारपीट भी करता है। सोमवार को भी ससुर हिरू यादव एवं सास, ननद सहित अन्य लोगों ने ससुराल से निकाल रहा था जिसका विरोध किया तो वे लोग एक कमरें में बंद करके बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

# लोकसभा में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे पर मिला सीधा जवाब नहीं, जदयू ने रखा था सवाल

जमुई संवाददाता



केंद्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देना चाहती है ? हां तो बताएं, नहीं तो क्यों ? लोकसभा में जदयू सांसद रामप्रीत मंडल ने सरकार से सीधा सवाल किया और इसका जवाब भी आ गया- मौजूदा प्रावधानों में तो यह संभव नहीं है।

केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में शामिल जनता दल यूनाईटेड ने सीधे-सीधे लोकसभा में अपनी ही सरकार से पूछ दिया कि क्या वह बिहार और शेष ऐसे राज्यों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना चाहती है? अगर सरकार ऐसा विचार रखती है तो बताए और नहीं रखती है तो इसका कारण स्पष्ट करे। जदयू के रामप्रीत मंडल के इस सीधे सवाल का सीधा जवाब भी बजट सत्र के पहले दिन आ गया। मंडल ने वित्त मंत्री के लिए यह सवाल रखा था। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इस पर प्रावधानों को स्पष्ट करते हुए नकारात्मक और सीधा जवाब दिया। मतलब अब जैसा जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सर्वदलीय बैठक में अपनी बात रखी थी कि अगर विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे सकते हैं तो विशेष पैकेज दें। अब संभवतः एनडीए सरकार के अहम किरदार जदयू की बात रखने के लिए केंद्र सरकार इस राह का विकल्प खोजेगी।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने रामप्रीत मंडल के सवाल के जवाब में बताया- राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने पहले कुछ राज्यों को योजना सहायता के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा प्रदान किया था। उन राज्यों में कुछ विशेष परिस्थितियां थीं, जिनके आधार पर यह किया गया था। यह निर्णय उन सभी कारकों और राज्य की विशिष्ट स्थिति के एकीकृत विचार के आधार पर लिया गया था। विशेष श्रेणी के दर्जे के लिए बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) ने पहले भी विचार किया था, जिसने 30 मार्च 2012 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। आईएमजी ने निष्कर्ष निकाला था कि मौजूदा एनडीसी मानदंडों के आधार पर बिहार को विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। 2012 में देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। उस समय भी यही रिपोर्ट आई थी। केंद्र की मौजूदा सरकार ने उसी का हवाला दिया है। केंद्र सरकार के सीधा जबाव के बाद अब जदयू का क्या रुख होगा, यह देखने वाली बात होगी।

## पूर्ण बजट से आम आवाम को महंगाई नियंत्रण की पूर्ण आशा और आकांक्षा

प्रात: किरण, संवाददाता

- जब दाल-रोटी की कीमत बढ़ती है, तो क्रांति जन्म लेती है



जमुई-भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 2.0 सरकार की वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रथम पूर्ण बजट आगामी 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के पटल पर पेश किया जाएगा। पूर्ण बजट से आम अवाम को काफी अपेक्षाएं हैं। केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं मुंगेर विश्वविद्यालय के पूर्व वित्तीय सलाहकार डॉ.गौरी शंकर पासवान ने कहा कि आगामी पूर्ण बजट से देश की आम-अवाम को महंगाई पर पूर्ण नियंत्रण पूर्ण आशा और आकांक्षा है। यही नहीं देश के लाखों करदाताओं को कर निवेश और कर छूट की सीमा में भारी वृद्धि की उम्मीदें लगी हुई हैं। वित्त मंत्री जी को करदाताओं के प्रति उदारता दिखाते हुए कर निवेश की सीमा को 1.5 लाख से 5 लाख तथा कर छूट की सीमा को 5 लाख से 10 लाख तक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तुत करने से पूर्व वित्त मंत्री जी को यह ज्ञात होना चाहिए कि जब दाल-रोटी की कीमत बढ़ती हैं, तो क्रांति जन्म लेती है। चुकी दाल-रोटी की कीमतें आम आदमी को प्रभावित करती हैं। जनता खाद्यान्न संबंधी वस्तुओं से सीधे जुड़ी होती हैं। वर्तमान में टमाटर से लेकर प्याज तक की कीमतें आसमान छू रही हैं। बेरोजगारी दर और प्याज के मूल्य बढ़ते हैं, तो सरकारें मुसीबत में भी पड़ जाती हैं। गौरतलब है कि 1974 में दाल- रोटी, प्याज की कीमतें और बेरोजगारी दर बढ़ी थीं। इस मुद्दे पर जेपी आंदोलन ने जोर पकड़ा। फलतः श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार पदच्युत हो गई थीं। अतः देश के आम लोगों को आगामी बजट से अपेक्षा है कि किचन के वस्तुओं का दाम कम हो, दाल रोटी की कीमत घटे, किसानों को उम्मीद है कि बजट में सर्वाधिक फसलों में टरढ लागू हो और उसमें वृद्धि भी हो, ताकि किसानों के फसलों को उचित और अधिक दाम मिले। प्रो.पासवान ने कहा कि बजट से हमें उम्मीद है कि कृषकों की वित्तीय सुरक्षा का प्रावधान हो, आय की गारंटी मिले, 60 साल से अधिक के किसानों को लगभग 10,000 मासिक पेंशन की घोषणा भी हों। प्रो.पासवान ने कहा कि बजट से यह भी उम्मीद है कि सबसे अधिक रोजगार देने वाला एमएसएमई क्षेत्र पर वित्त मंत्री को सर्वाधिक फोकस देने की जरूरत है। इससे अर्थव्यवस्था रोजगारोन्मुखी होगी। बजट विकास की दशा और दिशा को तय करता है। आगामी बजट ऐसा होना चाहिए, जो जनहित और गरीब, मजदूर, किसान, जवान, महिलाओं के लिए लाभकारी और कल्याणकारी हो।

## खैरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 400 लीटर विदेशी शराब को किया जब्त



जमुईः- जिला पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन को सोमवार रात्रि में मिली गुप्त सूचना के आधार पर 400 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।

प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि 22 जुलाई को रात्रि 1:00 पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की टोयोटा कैमरी कार अवैध शराब लेकर सोनो से खैरा की ओर जा रहा है।

प्राप्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन के निर्देशन में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें दुर्गेश दीपक, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष खैरा, एस आई नीलम कुमारी, विकास कुमार व विद्यारंजन कुमार एवं खैरा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल द्वारा सिंगारीटांड़ में एक संदिग्ध टोयोटा कैमरी हइ 02र 3656 गाड़ी को पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी में लगभग 400 लीटर विदेशी शराब मिला जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम में प्रथम सोमवरी को दो लाख से अधिक शिव भक्तों ने की बाबा पर जलाभिषेक

प्रात: किरण संवाददाता, मधेपुरा



उतर बिहार के प्रसिद्ध दूसरे देव घर कहे जाने वाले मधेपुरा के बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम में सावन के प्रथम सोमवारी को करीब दो लाख से अधिक शिव भक्तों ने की बाबा भोले नाथ पर जलाभिषेक। हर हर भोले की नारो से गूंज उठा पूरा शहर। बता दें कि मधेपुरा के बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम को पहली बार बिहार सरकार ने राजकीय श्रावणी मेले की दर्जा दी है, यहां बिहार समेत पश्चिम बंगाल और परोशी देश नेपाल से भी बाबा शिंहेश्वर नाथ धाम पहुंचते है बाबा भोले नाथ के भक्त और बाबा पर करते हैं जलाभिषेक। दरअसल सिंहेश्वर नाथ धाम की बहुत हीं बड़ा महत्व है जो भी भक्त सच्चे दिल से कुछ मन्नते लेकर आते हैं उनकी हर मुरादे पूरी कर देते हैं बाबा भोले नाथ। श्रावणी मेले को लेकर जहां मंदिर परिसर में जिला प्रशासन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है वहीं शिव भक्तों के लिए ब्रेकेटिंग पंडाल आदि व्यवस्था भी की गई है वहीं न्यास बोर्ड के सचिव सह मधेपुरा एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि पहली बार सिंहेश्वर नाथ धाम को बिहार सरकार राजकीय श्रावणी मेले की दर्जा दी है यहां शिव भक्त तथा कांवरियो के लिए जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ अन्य व्यवस्था की है किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं हो सके इसके लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है उन्होंने बताया कि आज प्रथम सोमवरी के दिन करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा पर जलाभिषेक की है । वहीं सुरक्षा व्यवतस्था के मद्देनजर मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि यहां सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है हर जगह सिविल ड्रेस में भी महिला व पुरुष पुलिस जवान को तैनात किया गया है ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़े । ज्ञात हो कि नारियल बोर्ड के पास ट्रेफिक व्यवस्था नहीं रहने के कारण भारी जाम की समस्याओं से शिव भक्तों को गुजरना पड़ा करीब तीन घंटे के बाद किसी तरह जाम की समस्याओं से लोगों को मुक्ति मिली।

## 11 वर्षीय जुही गोल्ड एवं सिल्वर के लिए चैम्पियन सीप में हुई चयनित

चंद्रदेव बरनवाल सोनो जमुई संवाददाता



दिनांक 20 ओर 21 जुलाई 2024 को जयपुर के विद्याधर नगर स्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश भवन में राजस्थान यूथ कराटें चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें जमुई जिले के झाझा प्रखंड अंतर्गत सिमुलतला की बेटी जूही प्रजापति ने एक बार फिर गोल्ड और सिल्वर पर पंच लगाते हुए वेस्ट जोन चैंपियनशिप के लिए खुद को चयनित कर लिया है । इस प्रतियोगिता मे पूरे राजस्थान से तकरीबन 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सिमुलतला की नन्ही उस्ताद जूही प्रजापति अपने 11 ओर 12 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के साथ दमदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की । ज्ञात हो कि बेटी जूही इससे पहले भी लगातार चार बार राजस्थान स्टेट चैंपियन और नेशनल चैंपियन रह चुकी है । वर्तमान में जूही जयपुर की द पैलेस स्कूल की छठवीं क्लास कक्षा की छात्रा है । जूही के कोच निर्मल बोहरा और मोहन श्रेष्ठ ने जूही की इस उपलब्धि पर बधाई दी है । वहीं द पैलेस स्कूल के प्रधाना ध्यापक उर्वशी वर्मन, महाराजा सवाई मानसिंह, द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्ता एवं शेर सिंह शेखावत ने जूही को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है । जुही प्रजापति की इस कामयाबी पर लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह चकाई विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक प्रत्याशी श्री संजय कुमार मंडल सहित कई गणमान्य लोगों ने उसे बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी जुही इसी प्रकार धुंआधार खेल खेलते हुए अपने जमुई जिला ही नहीं बल्कि बिहार प्रदेश सहित देश भर का नाम रौशन करती रहे, हम सबका आशीर्वाद उसके साथ हे । श्री मंडल ने गुदड़ी में छिपे लाल की कहानी दोहराते हुए कहा कि गरीबी में जीवन यापन करने वाले जुही के पिता अपने बाल बच्चों का भरण पोषण करने के लिए जयपुर शहर में रहकर मजदुरी करते हैं, लेकिन उनकी 11 वर्षीय नन्ही पुत्री ने गुदड़ी में छिपे लाल की कहानी को चरितार्थ कर दिखाई ओर केवल मात्र 2 वर्षों के अंदर ही चार दर्जन से अधिक मैडल जीतकर अपने माता-पिता का सर ऊंचा कर दिखाई ।

## बिशनपुर घाट के समीप सुरसर नदी में डूबने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मृतक के आश्रितों के लिए मुखिया प्रतिनिधि महताब आलम ने सरकार से मुआवजे की मांग**

प्रात: किरण संवाददाता, कुमारखंड

कुमारखंड थाना क्षेत्र के बिशनपुर बाजार पंचायत स्थित बिशनपुर घाट के समीप रविवार को सुरसर नदी किनारे बिशनपुर वार्ड नंबर पांच निवासी सुगदेव राम शौच करने के लिए गए थे। पानी लेने के दौरान पैर फिसलकर कर गहरे पानी में जाने से सुगदेव राम नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोर के सहयोग से दो घंटे बाद नदी से बाहर निकाला तबतक उनकी की मौत हो गई थी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही कुमारखंड थाना के दरोगा गोपेंद्र प्रसाद सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। मृतक के भांजा व पूर्व सरपंच बिंदेश्वरी राम ने बताया मेरे मामा सुगदेव राम नदी किनारे शौच करने गए थे। पानी लेने के दौरान पैर फिसल कर गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गए। ग्रामीणों ने जानकारी दिया कि सुगदेव राम डूब गया है। स्थानीय गोताखोर द्वारा काफी खोजबीन के बाद शव को बाहर निकला तब तक सुगदेव राम की मृत्यु हो गया था। मौत की खबर सुनते ही पत्नी विमला देवी समेत अन्य परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महताब आलम, समाजसेवी बीडी यादव, जुम्मन मिया पहुंच कर मृतक के परिजनों के साथ ढाढस बंधाया और सरकार से मृतक के आश्रतो के लिए सरकारी मुआवजा की मांग किए। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया शव को कब्जे में कर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल भजे दिया गया है। मृतक की पत्नी विमला देवी के आवेदन पर ओडी केस दर्ज किया जा रहा है।

## आहार को अतिक्रमण मुक्त किए जाने को लेकर लोगों ने उठाई आवाज

जमुई। झाझा प्रखंड क्षेत्र के महापुर पंचायत के चितोचक वार्ड संख्या 2 में खसरा संख्या 83 में बने आहार पर अतिक्रमण किए जाने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सीओ से इसपर कार्रवाई किए जाने की मांग किया। स्थानीय रौशन कुमार, पवन यादव, विशाल कुमार, महेश कुमार आदि ने बताया कि चितोचक गांव के वार्ड संख्या 2 में खसरा संख्या 83 के पास दशको पहले इस स्थान पर किसानों के सिंचाई के सुविधा के लिए एक आहार का निर्माण सरकार के द्वारा करवाया गया था। पिछले चार वर्ष पूर्व में किसी बिचैलियों के द्वारा धोखे से इस आहार को अतिक्रमण कर खंड खंड में बेचा गया। लोगों ने बताया कि इस आहार के के मदद से ही आसपास के किसानों को सैकड़ो बीघा में अनाज पैदावार किया करता था। जो किसानों के लिए खेती बारी में काफी मदद होती थी लेकिन कुछ बिचैलियों के द्वारा इस पर अतिक्रमण करवा देने से आहार से किसानों को कोई लाभ नही मिल पा रहा है। वही लोगों ने अंचलाधिकारी से इस और जल्द से जल्द जांच कर आहार को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग कि है। सीओ नीशा कुमारी ने बताया कि मेरे संज्ञान में यह मामला अबतक नही आया है। अगर ग्रामीण मामले को लेकर आवेदन देते है तो इसको लेकर जांच के लिए उचित कदम उठाया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आहत पान समाज के लोगों ने की स्वजातीय बैठक

- आरक्षण के लिए आंदोलन की बनी रणनीति कहा सड़क से लेकर सदन तक होगा संघर्ष

प्रात: किरण संवाददाता, मधेपुरा



सुप्रीम कोर्ट के द्वारा तांती ततत्मा को आरक्षण सूची से हटाए जाने के बाद फैसले से नाराज पान समाज लोगों ने अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है इसी को लेकर रजनी पंचायत के मिलिक हाई स्कूल के मैदान में पांन चौपाल बुनकर महादलित संघ के जिला अध्यक्ष राजीव राजा की अगुवाई में कोसी सीमांचल के साथ जिले के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई इस बैठक में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा इन जातियों के आरक्षण हटाए जाने के फैसले के विरुद्ध अपील दायर करने एवं सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर मौजूद जिला परिषद उपाध्यक्ष रघुनंदन दास ने कहा कि तांती, ततमा, दास हम लोगों का टाइटल है यह जाति नहीं है हम लोग मूल रूप से पान जाति के लोग हैं और हम अनुसूचित जाति में आते हैं लंबी लड़ाई के बाद हम लोगों को आरक्षण का अधिकार मिला लेकिन 9 साल के बाद सुप्रीम कोर्ट के द्वारा हमसे हमारा आरक्षण छीन लिया गया है जिसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे हमारा समाज अभी भी पिछड़ा हुआ है हमारे समाज में ना कोई विधायक है ना कोई सांसद है और ना कोई आईएएस आईपीएस है मूल रूप से भूमिहीन और दैनिक मजदूरी करने वाले हम पांन जातियों के लिए आरक्षण बेहद जरूरी है तो वहीं जिला अध्यक्ष राजीव राजा ने कहा आरक्षण के लिए लड़ाई आर पार की होगी । सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे, विधायक और सासद का रोड पर निकलना मुश्किल कर देंगे। इस आंदोलन में जो भी कुबार्नी देनी होगी हम कुबार्नी देंगे लेकिन अपना अधिकार लेकर रहेंगे ।

## पूर्व विधायक स्व. शिवनंदन यादव की मनाई गई 38 वीं पुण्यतिथ

जमुई। झाझा क्षेत्र में विकास कार्यो के कारण विकासपुरूष के नाम से ख्याति प्राप्त किए स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक स्व. शिवनंदन यादव की 38वीं पुण्यतिथि नगर क्षेत्र के शिवनंदन यादव पार्क परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. रविंद्र यादव, नप के मुख्य पार्षद संजय यादव, सामाजिक नेता राजीव कुमार उर्फ गुडडु यादव, उपमुख्य पार्षद विपीन साव, बिटटू राम, अनिल बरनवाल, विश्वराज, पवन राम, मंटू गुप्ता, पिंकू बरनवाल, राजेश बरनवाल सहित बड़ी संख्या में लोग एकजुट हुए और पूर्व विधायक स्व.यादव के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर पूर्व विधायक डॉ. रविंद्र यादव ने कहा कि दिवंगत विधायक ने इस क्षेत्र के विकास कार्यो को सदैव आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होनें कहा कि दलित, वंचित, पीड़ितों के लिए वे जो संघर्ष कर रहे थे उन संघर्षो को हमलोग मिलकर पूरा करेगे। मुख्य पार्षद संजय यादव, सामाजिक नेता राजीव कुमार ने कहा कि स्व. यादव सदैव गरीबों को आवाज को उठाने का काम किया और उनके बीच अपनी निस्वार्थ भाव से सेवा देते रहे। उनके द्वारा क्षेत्र में जो कार्य किया गया है उसे लोग सदैव याद करते रहेगे। उनके द्वारा जो क्षेत्र में जो सपना देखा गया था उन सपनों को पूरा करने का कार्य भी किया जा रहा है। सामाजिक नेता, मुख्य पार्षद ने कहा कि दिसंबर माह में यहां पर स्व. यादव की प्रतिमा भी लगाई जाएगी।

### श्रावण मास की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

जमुई/गिद्धौरः प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर में श्रावण मास की पहली सोमवारी पर क्षेत्र के तमाम शिवालयों में शिव भक्तों की भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना को ले अहले सुबह से ही काफी भीड़ देखी गई। इस श्रावण मास के पहली सोमवारी के अवसर पर क्षेत्र के बाबा बूढ़ा नाथ मंदिर, पंच मंदिर, बाबा विकटनाथ, त्रिपुर सुंदरी मंदिर, रतनपूर, गंगरा, धोबघट, केवाल मंदिर, मौरा, सेवा, गंगरा शिव मंदिर सहित सभी अन्य शिवालयों में क्षेत्र के हजारों महिला, पुरुष, श्रद्धालु भक्तों ने महादेव को जलाभिषेक कर अपने परिजनों क शुख समृद्धि की मंगल कामना की। साथ ही साथ क्षेत्र के खुशहाली एवं तरक्की की भी भगवान भोलेनाथ से कामना की गयी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई गुरू पूर्णिमा, बच्चों के बीच हुआ कार्यशाला

जमुई। झाझा गुरू पूर्णिमा को लेकर सोमवार को नगर क्षेत्र स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में गुरू- शिष्य के बीच गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल प्रसाद बरनवाल उपस्थित हुए। मौके पर कालिका प्रसाद बरनवाल ने उपस्थित बच्चों को गुरू पूर्णिमा के महत्व के बारे में जानकारी दिया। वही मुख्य अतिथि और सेवानिवृत रेलकर्मी बीके चंदेल ने विद्यालय में पंखा एवं अन्य कई तरह की सुविधा देने का आश्वसन दिया। मुख्य अतिथि ने स्कूली बच्चों को बताया कि जीवन में शिक्षा का सर्वाधिक महत्व है और बेहतर शिक्षा देन का कार्य गुरू करता है। छात्र के जीवन में गुरू का सबसे योगदान होता है क्योकि गुरू हमेशा अपने अपने शिष्यों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर समाज में एक अच्छे नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, इसलिए जीवन में गुरू का सदैव आदर करे। मौके पर विद्यालय के आचार्य नरेंद्र कुमार, विद्यालय सचिव मुन्ना साह सहित कई लोग मौजूद थे।

## भतनी थाना में मारपीट को लेकर दोनों पक्ष के 11 नामजद पर केस दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता, कुमारखंड (मधेपुरा)

भतनी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनिया वार्ड नंबर 9 में मामूली विवाद को लेकर हुए मारपीट की घटना में दोनों पक्ष के आवेदन के आलोक में रविवार को भतनी थाना में 11 नामजद लोग पर केस दर्ज किया गया। भतनी थाना अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया लक्ष्मीनिया वार्ड नंबर 9 में रास्ता पर पानी बहाने को लेकर एक पक्ष के मो ० एहसान दूसरा पक्ष के मुन्ना खान के बीच मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष के मो ० एहसान अपने ट्रैक्टर को पानी से धो रहा था। पानी रास्ता पर जाने को लेकर दूसरा पक्ष के मुन्ना खान अन्य परिजन मना किया तो इस बात को लेकर गाली गलौज होते हुए मारपीट की घटना हुई थी। एक पक्ष के मो० एहसान दूसरा पक्ष के मुन्ना खान के आवेदन के आलोक में 11 नामजद व्यक्ति पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साईकिल यात्रा एक विचार मंच ने अपनी 446 वीं यात्रा पर पूर्व कृषि मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र सिंह के समाधि स्थल के पास किया पौधारोपण

प्रात: किरण, संवाददाता




खैरा/जमुई : पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण ही एक मात्र उपाय उपाय के साथ साइकिल यात्रा विचार जमुई ने खैरा प्रखंड के पकरी ग्राम में पूर्व कृषि मंत्री स्वर्गीय नरेंद्र सिंह जी के समाधि स्थल पास पौधारोपण किया इसमें सदस्य शेषनाथ राय ने कहा कि जब तपमान 40 डिग्री से ऊपर हो और लोग इस तपती गर्मी में जहाँ अपने घर में दुबके पड़े रहते है, वही जमुई के युवा द्वारा पर्यावरण जागरूकता अभियान जो अभियान छेड़ा है वो अब भी इस भीषण गर्मी में भी नही रुका हैं इस अवसर पर सदस्य हरेराम कुमार सिंह द्वारा बताया गया की पृथ्वी के बढ़ रहे ताप को संतुलित करने के लिए सबसे आवश्यक है पौधों का रोपण किया जाना। हमें अपने जनसंख्या के अनुपात को समझते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दो पौधों का रोपण किया जाना चाहिए ताकि हम अपनी आगामी पीढ़ियों को सुरक्षित जीवन दें सके। हमारे पूर्वज हमेशा पर्यावरण के लिए चिंतित थे आज हमें उसी परम्परा पर कार्य करते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए पूर्व विधायक अजय प्रताप सिंह जी ने कहा की पौधे जीवनदाता होते है, जीवन के संतुलन के लिए पर्यायवरण का संतुलित होना नितांत आवश्यक है इसीलिए हमें हर अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए आकाश कुमार ने बताया की हम अपनी अच्छी जीवन जीने के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करते है उसी प्रकार स्वस्थ रहने के लिए प्रकृति का भी स्वस्थ रहना आवश्यक है, इसके लिए हमें जहाँ भी बेकार जमीन मिले वहाँ पौधा रोपण कर देना चाहिए' यह हमसे थोड़ी सी सेवा लेकर जीवन भर स्वस्थ रखते है।446 वीं यात्रा में सदस्य हरेराम कुमार सिंह, शेषनाथ राय, राहुल ऋतुराज, लक्ष्मण कुमार, सौरव कुमार, आकाश कुमार, सिंटू कुमार के अलावे ग्रामीणों में पूर्व विधायक जमुई अजय प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह रघुवंशी, अमित कुमार, नागेन्द्र वाजपेयी, नमामि गंगे कॉर्डिनेटर सह समाजसेवी नंदलाल सिंह, मुकेश कुमार, गुंजन कुमार, विकाश पासवान घनश्याम पासवान सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सावन की प्रथम सोमवारी पर शिव मंदिरों में जलाभिषेक को उमड़ी कांवरियों की भीड़

घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र बरदाहा रामपुर गांव के तिलावे नदी तट पर स्थित जालंधर धाम शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार की शाम से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज, मुंगेर घाट से गंगा जल लेकर आने का सिलसिला सुबह तक जारी रहा। प्रधान पुजारी गौरीशंकर ठाकुर ने जैसे बाबा के गर्भगृह का पट खोला और वैदिक उच्चारण करते जल चढ़ाएं, इसके बाद से महिला, पुरुषों, युवा, युवतियां, बुजुर्ग सभी कांवरियों में जल चढ़ाने की होड़ मच गयी। मंदिरों में जलाभिषेक करते बाबा के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। सोमवार शाम तक लोगों की भीड़ जल चढ़ाने को लेकर जूटी रही। मंदिर में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो उसके लिए विशेष रुप से प्रधान पुजारी गौरीशंकर बाबा निगरानी कर रहे थे।

## ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने धर दबोचा

प्रात: किरण संवाददाता, घैलाढ़

घैलाढ़ ओपी के पुलिस ने बिजली के ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर लिया है। रविवार की अहले सुबह घैलाढ़-सिंघेश्वर रोड सोनहा पुल के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी करके चोर टेंपो पर सवार होकर घैलाढ़ भतरंधा की ओर आ रहा था। जिसकी गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी जैसे ही चोर पुलिस को आते देखा भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर दो चोर को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपित मधेपुरा जिला के कुमारखंड थाना अंतर्गत रानीपट्टी गांव निवासी कृष्ण यादव के पुत्र रूपेश कुमार है और दूसरा मधेपुरा थाना अंतर्गत गोढ़ियारी गांव निवासी पप्पू कुमार के पुत्र मखुश कुमार है। ओपीध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने बताया कि दोनों चोर से पूछताछ में तेल चोरी की घटना की बात स्वीकार किया हैं। वहीं उन्होंने बताया कि दो चोर के साथ 40 लीटर तेल व एक टेंपो को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक बता दें की तेल चोर का मनोबल इतना बढ़ा है कि लगातार तेल चोरी व तार काटने की घटना को अंजाम देकर ग्रामीणों को अंधेरा में डाल देता है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार की अहले सुबह तेल चोरी करके भाग रहे चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। चोर गिरोह के सदस्य पकड़े जाने से पुलिस को गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने में सुविधा होगी। गौरतलब है कि करीब आधा दर्जन गांवों में ट्रांसफॉर्मर से तेल की चोरी होने से विभाग को नुकसान हुआ है। साथ ही उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। रुपेश और मखुश के पकड़े जाने से ट्रांसफार्मर तेल की चोरी की घटना में कमी आने की पुलिस को उम्मीद है।

सम्पादकीय

## कारगिल के योद्धाओं को याद करे राष्ट्र

भारतीय सेना 26 जुलाई को कारगिल युद्ध की पच्चीसवीं वर्षगांठ मनाएगी। यह दिन पाकिस्तान के लिए शर्मिंदा करने वाली तारीख है। पाकिस्तान हमेशा कश्मीर को हथियाने के मंसूबे तैयार करता रहा है। मगर भारतीय सेना ने पाक हुक्मरानों की ख्वाहिशों का काफिला सरहद से आगे कभी नहीं बढे दिया। सन 1980 के दशक में पाक सेना के कर्नल ह्यजावेद अब्बासह्न ह्यआफिसर कमांड एंड स्टाफ कालेजह्न ह्यक्वेटाह्न में सेवारत थे। जावेद अब्बास को पाक सेना ने भारत पर एक रिसर्च प्रोजेक्ट ह्यइंडिया ए स्टडी इन प्रोफाइलह्न का काम सौंपा था। जावेद अब्बास ने अपने शोध में खुलासा किया था कि ह्यभारत के कुछ निजी मसलों का लाभ उठाकर हिंदोस्तान की ताकतवर सेना को कंट्रोल किया जा सकता है। सन 1990 के दशक में पाक सेना के ह्यसैन्य अभियान महानिदेशकह्न के पद पर आसीन परवेज मुशर्रफ जावेद अब्बास के उस शोध से इस कदर प्रभावित हुए कि कश्मीर को हथियाने का जहालत भरा मंसूबा तैयार करने लगे तथा ह्यडीजीएमओह्न रहते कश्मीर मंसूबे का मशिवरा पाकिस्तान की तत्कालीन वजीरे आजम बेनजीर भुट्टो के समक्ष पेश कर डाला। हालांकि परवेज मुशर्रफ के उस प्रस्ताव को मोहतरमा ने नाकाबिले अमल करार देकर खारिज कर दिया था, लेकिन वक्त ने करवट ली। सन 1998 में पाक वजीरे आजम नवाज शरीफ ने पाक सेना के दो सीनियर जरनैलों को दरकिनार करके परवेज मुशर्रफ को पाकिस्तान का चार सितारा जरनैल नियुक्त कर दिया। नवाज शरीफ की जिंदगी की यह सबसे बड़ी भूल साबित हुई। 17 मई 1999 को जनरल परवेज मुशर्रफ ने पाक सेना के ह्यओजड़ी कैंपह्न में वजीरे आजम नवाज शरीफ को कारगिल मंसूबे की ब्रीफिंग पेश करके कश्मीर का फातिम बनने का ख्वाब दिखाकर नियंत्रण रेखा के पार भारतीय हदूद में जाने की इजाजत लेने का ढोंग रचा था। जबकि हकीकत यह थी कि 18 हजार फीट की बुलंदी पर मौजूद कारगिल के दुर्गम क्षेत्रों में शीतकालीन स्थिति में भारतीय सेना जिन चौकियों को खाली कर देती थी, पाक सेना सन 1999 के शुरूआती दौर में ही एलओसी पार करके उन चौकियों पर रक्षात्मक किलेबंदी कर चुकी थी। यानी पाकिस्तान 21 फरवरी 1999 के लाहौर समझौते को नजरअंदाज करके एलओसी पर मंसूबाबंदी को अंजाम दे चुका था। उस पेशकदमी के दौरान एवलांच की चपेट में आने से कई पाकिस्तानी सैनिकों की मौत भी हो गई थी। एलओसी पर सिविल लिबास में घुसपैठ कर चुके हजारों सैनिक पाकिस्तान की ह्यनार्दर्न लाइट इन्फैंट्रीह्न तथा ह्यस्पेशल सर्विस ग्रुपह्न के थे। कारगिल के मंसूबे को पाक सेना ने आपरेशन ह्यकोह-ए-पैमाह्न का नाम दिया था जिसका मकसद कारगिल क्षेत्र पर कब्जा करके सियाचिन ग्लेशियर को भारतीय सेना की पहुंच से अलग करके कश्मीर मसले को आलमी सतह पर दुनिया की निगाहों का मरकज बनाकर भारत पर रणनीतिक दबाव बनाना था। तीन मई 1999 को स्थानीय चरवाहों ने कारगिल क्षेत्र में पाक घुसपैठ की खबर भारतीय सेना को दी। छह मई 1999 को तुर्तुक क्षेत्र में ह्यजाट रेजिमेंटह्न की गश्त पार्टी पर पाक सेना की एनएलआई ने घात लगाकर हमला कर दिया। भीषण गोलीबारी में लांस नायक ह्यखडग सिंह गुर्जरह्न वीरगति को प्राप्त हो गए। खडग सिंह कारगिल युद्ध के प्रथम बलिदानी थे। आठ मई 1999 को द्रास सेक्टर में भारतीय सेना की ह्यग्रेनेडियर्स रेजिमेंटह्न के चार जवान तथा 13 मई 1999 को ह्यगढ़वाल राइफल्सह्न की पैट्रोलिंग पार्टी के भी चार जवान पाक सेना से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। 14 मई 1999 को पाक घुसपैठ का पता लगाने के लिए कैप्टन सौरभ कालिया के नेतृत्व में निकले गश्ती दल का कॉकसर क्षेत्र में पाक सेना से मुकाबला हुआ। सौरभ कालिया का गश्ती दल दुश्मन से आखिरी गोली तक लड़ा, मगर गोला बारूद खत्म होने के बाद उस गश्ती दल को हिरासत में लेकर पाक सेना ने उन सैनिकों की नृशंस हत्या कर दी थी। सौरभ कालिया के गश्ती दल को खोजने के लिए उनकी यूनिट ह्यचार जाटह्न का एक अन्य गश्ती दल 17 मई 1999 को कैप्टन अमित भारद्वाज के नेतृत्व में निकला।

## बोले जा प्यारे ! बम भोले !!

आषाढ़ निकल गया। सावन शुरू हो गया है। वो ही सावन जो लाखों का होता है और दो टकियों की नौकरी के फेर में बर्बाद हो जाता है। इस सावन का पहला सोमवार भोले बाबा के नाम है। मंगलवार इस देश की बैशाखा सरकार के नाम होगा, क्योंकि मंगलवार को सरकार देश की जनता के लिए एक लंगड़ा बजट लेकर आने वाली है। मेरी पशोपेश ये है कि मै लिखूं तो आखिर किस मुद्दे पर लिखूं? क्योंकि हमारे देश में मुद्दे घड़ी-घड़ी बदलते हैं। जब तक एक मुद्दे के बारे में सोचो, तब तक दूसरा मुद्दा सिर तानकर खड़ा हो जाता है। उत्तर प्रदेश में भोला भंडारियों के लिए सरकार के तुगलगी फरमान के बारे में लिख चुका हूँ। सरकार को सामाजिक समरसता से ज्यादा फिक्र भोले के भक्तों का धर्म भ्र्ष्ट होने की थी, सो मुजफ्फर नगर के सभी रेहड़ी, ठेले वालों तक को अपने-अपने नाम लिखकर टांगने का फरमान दे दिया गया। इस मांमले में चूंकि सुप्रीम कोर्ट तक बात पहुँच चुकी है, इसलिए मैंने इस मुद्दे को छोड़ दिया है। इस मुद्दे पर अब फैसला या तो सुप्रीम कोर्ट करेगा या फिर आने वाले दिनों में सूबे की जनता। जनता को आने वाले दिनों में विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उप चुनावों में मतदान करना है। आपको पता है कि भोले बाबा के सामने शायद हिन्दू-मुसलमान का मुद्दा कभी आया ही नहीं। बेचारे पहली बार फंसे हैं इस फेर में। वो भी योगी आदित्यनाथ की वजह से। योगी जी भी भोले बाबा के भक्त हैं और वे भी जो आजकल मुस्लिम विरोधी कहे जाते हैं। देखना ये है कि योगी जी कितने दिन भोले के भक्तों को मुसलमानों की दुकानों से दूर रख पाते हैं? कितने दिन हिन्दू मुसलमान के यहां पंचर ठीक करने नहीं जाते? कितने दिनों मुसलमानों के ठेलों से फल, साग-सब्जी नहीं खरीदते? कितने दिन उनसे बैल्डिंग नहीं कराते? कितने दिन मुसलमानों से दूसरी सेवाएं नहीं लेते? भोले बाबा को छोड़िये अब अमित शाह साहब की बात कर लें। वे भी आजकल खूब बम-बम कर रहे है। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उनका बमकना कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। अपने बाप की उम्र के शरद पंवार पर वे खूब बमके। उन्हें भ्ष्टार्चार का सरदार बता दिया। मजबूरी कुछ भी करा सकती है आदमी से। महाराष्ट्र जीतने के लिए शाह साहब सब कुछ हारने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। वे कभी अपनी पार्टी के पुराने साथी उद्धव ठाकरे पर बमकते हैं तो कभी शरद पंवार पर। कांग्रेस का भूत तो उनके सिर से उतरने का नाम ही नहीं लेता। आदमी दूध से जलने के बाद छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है लेकिन बन्दा है कि सब कुछ गर्मागर्म पी लेना चाहता है, भले ही जबान और जुबान दोनों जलकर राख हो जाएँ। बमकने के मामले में इंडिया गठबंधन वाले भी कम नहीं है। ममता दीदी को ही लीजिये। उन्होंने बमकते हुए कह दिया है कि बांग्लादेश से जो भी शरणार्थी आएंगे उन्हें उनकी सरकार पूरा संरक्षण देगी। शरणार्थियों को शरण देना हमारे देश की सनातन नीति है लेकिन आजकल की सरकार की विदेश नीति से मेल नहीं खाती। सनातन कहानियों में त्रेता में राम ने बिभीषण को शरण दी और आज हम हैं कि किसी को शरण नहीं देना चाहते। और देना भी चाहते हैं तो पहले उनकी पूँछ उठाकर देखना चाहते हैं कि वे हिन्दू हैं या नहीं? जाहिर है कि शरणार्थियों के मामले में हमारे यहां देश और राजनीतिक दल एक राय नहीं हैं। हो भी नहीं सकते। होना भी नहीं चाहिए। इधर आप आज भोले बाबा पर बेलपत्र चढ़ाकर फारिग होंगे उधर कल 23 जुलाई को केंद्र सरकार अपना सीतारामी बजट लेकर आपके ऊपर बमकेगी। आप बजट में राहत की उम्मीद लगाकर बैठे हैं। आपको लगता है कि सरकार का बजट बजटपूर्व की हलुवा सेरेमनी जैसा मीठा होगा, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है। सरकार आपकी नहीं अडानी और अम्बानी की चिंता पहले करेगी। करना भी चाहिए। आप केवल वोट देते हैं और अडानी-अम्बानी टेम्पो में भर-भरकर नोट देते हैं राजनीतिक दलों को। ये बात हम नहीं कहते, हमारे भाग्यविधाता, अविनाशी प्रधानमंत्री जीने खुद कही है। आपको यदि उनके सूत्रवाक्य सुनना हों तो गूगल खंगाल लीजिये। आजकल आप जो भी अच्छा-बुरा बोलते हैं वो सब गूगल अक्षय पात्र में संग्रहित हो जाता है। देश में सर्वाधिक बमकने वाले दिल्ली के मुख्यमत्री अरविंद केजरीवाल का बमकना आजकल कम हो गया है, लेकिन उनकी पार्टी बमक रही है। आप का कहना है कि कोई है जो केजरीवाल को हलाल करने की कोशिश कर रहा है। केजरीवाल का स्वास्थ्य खराब है। उनका वजन गिर रहा है। लेकिन सरकार और सरकारी पार्टी इसे केजरीवाल का नाटक बता रही है। खग जाने खग की भाषा । केजरीवाल आखिर एक जमाने में सरकारी पार्टी की बी टीम की तरह काम करते थे। वे आजकल आईएनडीआईए गठबंधन में हों लेकिन हैं तो आधे-अधूरे ही। भगवान भोले नाथ उनकी रक्षा करें।

# पाकिस्तान की शह से फिर सक्रिय हो रहे हैं आतंकवादी

**वहीं अफगानिस्तान से वापस लौटी अमेरिकन आर्मी के सैन्य कर्मी काफी तादाद में हथियार वहीं छोड़ गए थे। पाकिस्तान के जरिए अमेरिकी फौज के बचे खुचे हथियार भारत में हिंसा फैलाने के लिए दहशतगर्दों को पहुंचाए गए हैं। जिस कारण आतंकियों का हौसला कुछ बढ़ गया है लेकिन भारत सरकार आतंक को नेस्तनाबूद करने के लिए दृढ़ संकल्प लिए है और जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का नामोनिशान मिटा कर रहेगी। दरअसल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को गहरी हताशा हाथ लगी बांग्लादेश के अलग अस्तित्व में आने से जख्मी पाकिस्तान फन कुचले सांप जैसा हो गया, इसलिए उसने भारत के खिलाफ साजिश की शुरूआत की और अलगावादियों को शह देना शुरू कर दिया। 1990 के दशक में आतंकवादी घाटी में अत्यधिक सक्रिय हो गए और भारत सरकार के सामने चुनौती बनकर खड़े हो गए। इंटरनेशनल जिहाद के नाम पर भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की स्थिति आर्टिकल 370 हटने के बाद बिलकुल अलग है।**





**मनोज कुमार अग्रवाल**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार**

धारा 370 हटने के बाद जम्मू में कुछ समय से शांति मानी जा रही थी। यहां छुटपुट घटनाओं के अलावा कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ था लेकिन अचानक साल 2023 में यहां आतंकी घटनाएं बढ़ गई और 43 आतंकी हमले हुए, जिनमें 16 से ज्यादा जवान शहीद हो गए। अगर पिछले 3 साल की बात करें तो 43 जवान शहीद और 23 से ज्यादा नागरिक इन आतंकी घटनाओं में मारे गए। भारतीय सेना ने इस इलाके में आतंकवाद को दोबारा जिंदा करने के लिए पाकिस्तान से आए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए इलाके में लगभग 500 पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो को तैनात किया है।

आंकड़ें बताते हैं कि आतंकवाद अब जम्मू में अपने पैर पसार रहा है। जम्मू में पिछले कुछ महीने में 9-10 आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें सबसे बड़ा हमला 9 जून को रियासी में हुआ था, जहां तीर्थयात्रियों से भरी एक बस को आतंकियों ने निशाना बनाया, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। फिर 8 जुलाई को दहशतगर्दों ने घात लगाकर सेना के काफिले पर हमला किया, जिसमें 5 जवान शहीद हुए। अप्रैल 2024 से अब तक आतंकियों के हमले में 24 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, इनमें सेना के जवान भी शामिल थे। जानकारों का मानना है कि बीते कुछ सालों में ऑपरेशन ह्यऑल आउटह्न के तहत सेना ने कश्मीर में आतंकियों की कमर तोड़कर रख दी इस दौरान भारी तादाद में आतंकी और उनके सरगना मारे गए। घाटी में लगभग हर बड़े नेटवर्क का सफाया कर दिया गया। सेना ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ पर काफी हद तक रोक लगा दी। ऐसे में आतंक के आकाओं ने अपनी रणनीति और पैटर्न को बदलते हुए जम्मू को निशाना बनाना प्रारंभ कर दिया।

आपको पता है कि पिछले कुछ महीने से जम्मू में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। माना जा रहा है कि कश्मीर में मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने नई स्ट्रैटेजी और पैटर्न के तहत जम्मू को हमले का नया ठिकाना बना लिया है, जम्मू क्षेत्र में पहाड़ी गुफा व जंगल का बड़ा क्षेत्र आतंकियों के छिपने के लिए काफी सुरक्षित साबित हो रहा है। गौर तलब है कि जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष दर्जे ने यहां अलगावादी ताकतों को सिर उठाने का मौका दिया। ये ताकतें पिछले 70 साल से आतंक मचा रही हैं, जिसे पड़ोसी देश पाकिस्तान का खुला समर्थन हासिल है। चरमपंथियों द्वारा सत्ता शासित पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर कश्मीर को भारत से अलग करने की साजिश का जाल बुनता रहा है।

दरअसल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को गहरी हताशा हाथ लगी बांग्लादेश के अलग अस्तित्व में आने से जख्मी पाकिस्तान फन कुचले सांप जैसा हो गया, इसलिए उसने भारत के खिलाफ साजिश की शुरूआत की और अलगावादियों को शह देना शुरू कर दिया। 1990 के दशक में आतंकवादी घाटी में अत्यधिक सक्रिय हो गए और भारत सरकार के सामने चुनौती बनकर खड़े हो गए। इंटरनेशनल जिहाद के नाम पर भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की स्थिति आर्टिकल 370 हटने के बाद बिलकुल अलग है। अब आतंकी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हमले कर रहे हैं। वे नहीं चाहते हैं कि प्रदेश में शांति हो और जम्मू-कश्मीर शांति के साथ भारत का अंग रहे।

अलगाववादियों ने कश्मीर से गैर मुसलमानों को खदेड़ा जिसकी वजह से लगभग तीन लाख हिन्दुओं ने कश्मीर छोड़ दिया। पहले कश्मीर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम लागू था। जिसके अंतर्गत सेना को विशेष शक्तियां प्राप्त थी। इसमें सेना स्वयं संबंधित क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए कई निर्णय ले सकती हैं, जिसमें आतंकियों की तलाश करना और गोली मारना भी शामिल था। लेकिन बाद में अफस्पा के लागू करके सेना की शक्तियां सीमित कर दी गी। परिणाम स्वरूप कश्मीरी पंडितों पर हमले बढ़ गये और उन्हें अपना घर-बार छोड़कर रिफ्यूजी बनना पड़ा। बांग्लादेश की मुक्ति के बाद पाकिस्तान की मंशा हमेशा यह रही कि वह जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग कर हिसाब चुकता कर दे, जबकि भारत ने हमेशा ही जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानकर इसके विकास और शांति के लिए ऐडी से चोटी का जोर लगाया है। यही वजह है कि जब भी पाकिस्तान ने विदेशी मंचों पर जम्मू-कश्मीर का मसला उठाने की कोशिश की, भारत ने उसे मुंहतोड़ जवाब दिया और कश्मीर से धारा 370 हटा कर जम्मू-कश्मीर को अपनी प्राथमिकता का विश्व को संदेश दिया।

2024 के लोकसभा चुनाव के समय से आतंकी घटनाएं पुनः बढ़ी हैं, जो यह साफ बताती हैं कि आतंकवादियों की मंशा क्या है। दरअसल आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होना है। आतंकी ताकतें चुनाव को बाधित करना चाहती हैं। पाकिस्तान परस्त आतंकी यह नहीं चाहते कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण मतदान हो। आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद सरकार गांव-गांव तक पहुंची है, कम्युनिकेशन बढ़ा है, जिसकी वजह से सेना हर जगह पहुंच रही है और सरकार भी पहुंच रही है। लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्कूलों में छात्र लौटे हैं। मस्जिदों से देश विरोधी नारे नहीं लग रहे और ना ही हुर्रियत देश विरोधी नारों और गतिविधियों के साथ सड़क पर उतर रहा है। सरकार ने अलगाववादियों पर नकेल कस दी है जो पुलिस उनकी सुरक्षा में थी वह आज उनकी निगरानी कर रही है। एक और बड़ी बात है, जो आतंकवादियों को बहुत अखर रही हैं, वह यह कि आर्टिकल 370 के हटाए जाने के बाद कश्मीरी पंडितों को उनके घरों में फिर से बसाया जा रहा है और उन्हें नौकरी दी जा रही है, अभी इस दिशा में काम कम हुआ है, लेकिन सरकार प्रयासरत है, इस बात से आतंकी नाराज हैं और इस प्रक्रिया को रोकना चाहते हैं।

यही कारण है कि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वे लोगों को भयभीत कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटा दिया गया और जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर उसे तीन हिस्सों में बांटकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। आर्टिकल 370 को हटाने का मुख्य उद्देश्य जम्मू-कश्मीर को अन्य राज्यों के समान हैसियत देना और यहां से आतंकवाद मिटाना था। आर्टिकल 370 हटने के पांच साल बाद घाटी में हालात काफी बदले हैं, लेकिन आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो गया, यह कहना अभी सही नहीं होगा, क्योंकि आतंकी घटनाएं होती रहती हैं। जानकारी के अनुसार मजहब के नाम पर कुछ स्थानीय वाशिंदो ने आतंकियों की मुखबिरी करना चालू कर दिया है। माना जा रहा है कि जम्मू के कई इलाकों में आतंकियों के मददगार मजहब, पैसे और भय के दबाव में भेदिए का काम कर रहे हैं। जिससे दहशतगर्दों को सेना और नागरिकों को शिकार बनाने में मदद मिल रही है। इन भेदियों की मदद से उन्हें सुरक्षाबलों के हर मूवमेंट की खबर मिल रही है और वे हमला करने में कामयाब हो रहे हैं।

# डिजिटल के खंभे से टिकी दुनिया ने झेले फेल हुए सर्वर के झटके

**ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह डिजिटल के गिरफत में है। लोगों के यातायात के साधन अब बैलगाड़ी या सामान्य मोटरवाहन नहीं रहे। संपन्न आबादी समय की बचत को ध्यान में रखकर ज्यादा हवाई आवाजाही करते हैं। गनीमत रही कि सर्वर खराबी के बाद सुबह के शिड्यूल में लगी सभी फ्लाइटें रोकी गईं। एयरलाइंस यात्री एयरपोर्ट में भी नहीं घुस पाए, इसके लिए उन्होंने हंगामा काटा। हंगामा देख एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों को मैन्युअल चेक इन से बोर्डिंग कराई। लेकिन अंदर जाकर भी उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। विमानन सेवाएं सुबह 10 बजे से ठप रहीं। सर्वर डाउन होने से विमानों को तत्काल प्रभाव से उड़ने से रोका गया। क्योंकि एयरलाइंस सिस्टम पूरी तरह से क्राउडस्ट्राइक साफॅटवेयर पर निर्भर हैं। एयरलाइंस के टिकटों की बुकिंग और चेक इन सर्विस कंप्यूटर आधारित होते हैं। ऐसे में उड़ चुका विमान तो सिर्फ ईश्वर भरोसे ही होता है। ऐसे स्थिति दोबारा भविष्य में न हो, इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट निमार्ताओं को सुनिश्चित करना चाहिए।**





**डॉ. रमेश ठाकुर**
**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार**

डिजिटल की आदी हो चुकी दुनिया को माइक्रोसॉफ्ट के ठप हुए सर्वर ने ऐसा झटका दिया, जिसे कुछ क्षणों के लिए उनको गुजरा जमाना याद आ गया। सर्वर की तकनीकी खराबी ने तबाही मचा दी। चारों ओर कोहराम मच गया। दुनिया थोड़ी देर के लिए सोचने पर मजबूर हो गई। महानगरीय लोग भी देशी तरीकों से बड़े चाव और खुशहाल जीवन जी लेते थे। ग्रामीण आबादी तो बिना सुविधाओं के बिना हारी-बीमारी और अभावों में ही अच्छा जीवन जिया करते थे। हालांकि अब ग्रामीण अंचल भी सुविधा संपन्न हैं। महानगरों जैसी सुविधाएं गांव-देहातों में पहुंच चुकी हैं। इंटरनेट, एटीएम, पेटीएम, क्यूआरकोड, फिल्पकार्ड, एमोजोन, ओटीटी से सभी वाकिफ हैं। कुलमिलाकर उनका जीवन भी डिजिटल हो चुका है। पर, युवा पीढ़ी गुजरे जमाने से अनभिज्ञ है, वो बिना आधुनिक सुविधाओं के रह ही नहीं सकती। निश्चित रूप से संपूर्ण संसार ने विकास की नई गाथा लिखी है। इंसान धरती से चांद तक पहुंच गया। लेकिन सच ये भी है विकास ही विनाश को जन्म देता है। सर्वाधिक सुविधाएं ही संसार में सन्नाटा पैदा करती हैं। जरा सोचिए, अगर माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर एकाध दिनों तक फेल हो जाए, तो मानव जीवन का क्या होगा? कल्पना करने मात्र से रूह कांप उठती है। बिना इंटरनेट के इंसान निश्चित रूप से अपंग हो जाएगा। क्योंकि उसकी जान ई-तंत्र में जो फंसी है। कहने में कोई हर्ज नहीं है कि आधुनिक युग की डिजिटल निर्भरता ने इंसान को पंगु बनाकर कहीं का भी नहीं छोड़ा। इंसान की लगाम, उसकी गति छोटे से कंप्यूटर रूपी डिब्बे में समा गई है। डिजिटल, इंटरनेट व सर्वर के बिना हम कितने अपाहिज हैं जिसकी तस्वीर हमने 19 जुलाई को खुली आंखों से देखी, इस समस्या पर इंसानी बस भी नहीं चलता। इंसान का प्रत्येक कार्य अब डिजिटल है। बैंकों में जमा पैसा भी डिजिटलाइट है। वो भी बिना सर्वर चले नहीं निकल सकता। क्योंकि बैंकों अब मैन्युअल कार्यों तक तालाबंदी हो चुकी है। ग्राहकों की चाहें कितनी भी जरूरत पैसे के वजह से क्यों न रुकी हो। अस्पताल में मरीज भर्ती हों या बच्चों की स्कूलों में फीस भरनी हो। बैंक पैसा तभी रिलीज करेंगी, जब उसका कंप्यूटर चलेगा। दुनिया मैन्युअल सिस्टम से कहीं आगे जा चुकी है। इसलिए इंसान डिजिटल लत के चलते दिव्यांग हो गया है। उसकी जान कंप्यूटर में घुसी है। पारंपरिक दुनिया हमसे कितनी पीछे छूट गई है और ई-व्यवस्था हम पर कितनी निर्भर हो गई जिसकी हल्की-सी झलक कुछ घंटों के माइक्रोसॉफ्ट सर्वर के फेलियर से पता चल गई। ये तय तारीख हमें गंभीरता से सोचने पर विवश करती है। तारीख 19 जुलाई, दिन शुक्रवार समय सुबह 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक समूची दुनिया मानो थम गई। चालू व्यवस्था पर ब्रेक लग गया, पूरा जगत ठहर सा गया। अमेरिका से लेकर भारत तक हजारों विमान बिना उड़े बिना रनवे पर खड़े रहे। इसके अलावा बैंकिंग से लेकर मीडिया, रेलवे, टेलिकास्टिंग, स्टॉक एक्सचेंज, कॉरपोरेट जगत व विभिन कंपनियों के कामकाज भी ठप हुए। शेयर बाजार एकदम धड़ाम से नीचे गिरा। क्या हिंदुस्तान, क्या अमेरिका, पूरी दुनिया में अफरातफरी का माहौल बन गया। सर्वर की गड़बड़ी की शुरूआती जांच में अमेरिकी एंटी-वायरस को बताया गया। जिसका प्रभाव सबसे पहले एयरलाइंस के संचालनों पर पड़ा, उनका सॉफटवेयर अचानक डाउन हो गया। कर्मचारी काफी देर तक अपने सिस्टमों को रिस्टार्ट और ऑन-ऑफ करते रहे, घंटों कोई रिस्पांस नहीं मिला। अमेरिका के अलावा कई देशों में आपात बैठकें बुलाई गईं। हमारी केंद्र सरकार में भी खलबली मची, एयर अथॉरिटी को सफाई देनी पड़ी। पर, स्थिति को जैसे-जैसे काबू में किया गया। कुछ घंटों बाद जब पता चला कि दुनिया का मुख्य क्राउडस्ट्रइक सॉफ्टवेयर ही डाउन हो गया तो सुनकर सभी के होश उड़ गए। आईटी कंपनियों के कार्यालयों में तो भगदड़ जैसे हालात हो गए। आईटी एमएनसी कंपनियां तो टोटली डिजिटल हैं। डिजिटल जंजाल में फंस चुकी दुनिया अब बाहर भी नहीं निकल सकती। क्योंकि दुनिया की आदत हो चुकी है। मैन्युअल कामों से इंसानों ने तौबा कर लिया। मार्डन जमाने में ई-व्यवस्था का नशा मनुष्य के सिर चढ़कर बोल रहा है। सर्वर खराबी के कारण बेशक खोज लिए गए हां, लेकिन करीब 15 घंटे तक दुनिया की सांसे थमी रहीं। क्राउडस्ट्राइक एक अग्रणी साइबर सुरक्षा कंपनी है जो उन्नत खतरे की खुफिया जानकारी और एंडपॉइंट सुरक्षा प्रदान करती है। उनके सॉफ्टवेयर समाधान संगठनों को वास्तविक समय में साइबर खतरों का पता लगाने, रोकने और उनका जवाब देने में मदद करते हैं, जिससे मजबूत सुरक्षा और मन की शांति सुनिश्चित होती है। खुदा न खास्ता अगर ये जाम हो जाए यानी सर्वर डाउन, तो पूरा सिस्टम हैंग हो जाता है, जो उस दिन हुआ। माइक्रोसॉफ्ट के फेलियर से भारत की बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह चरमराई थीं जिससे कंपनियां और आम ग्राहकों को अनगिनत वित्तीय नुकसान हुआ। हालांकि, भारत के निजी बैंक क्राउडस्ट्राइक सिस्टम का प्रयोग नहीं करते? सिर्फ आरबीआई और अन्य 10 बैंकें इसका इस्तेमाल करती हैं। वरना, स्थिति और खराब हो जाती।

# पौधरोपण से ज्यादा निगरानी की जरूरत

प्रियंका सौरभ

पौधरोपण योजनाएँ जलवायु परिवर्तन से निपटने और बिगड़े हुए पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने के लिए व्यापक रूप से समर्थित रणनीति के रूप में उभरी हैं। हालाँकि, उनकी लोकप्रियता और उनके द्वारा उत्पन्न सद्भावना के बावजूद, इन योजनाओं को कई गंभीर मुद्दों का सामना करना पड़ता है जो उनकी प्रभावशीलता को कमजोर करते हैं। पेड़ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहीत और हटाकर जैविक कार्बन पृथक्करण में मदद करते हैं। बड़े पैमाने पर पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में देखा जाता है, जिसमें सरकारें, गैर सरकारी संगठन और व्यक्ति शामिल होते हैं। 1950 में, भारतीय कृषि मंत्री ने वन महोत्सव (ह्यपेड़ों का त्यौहारह्न) कार्यक्रम शुरू किया, जिसे हर साल जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2021-2030 को पारिस्थितिकी तंत्र बहाली का दशक घोषित किया। 350 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि को बहाल करना, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में $9 ट्रिलियन का उत्पादन करना और अतिरिक्त 13-26 गीगाटन ग्रीनहाउस गैसों को अलग करना। विभिन्न भारतीय राज्यों में एक दिन में पौधे लगाने के अभियान। विश्व आर्थिक मंच द्वारा ह्लएक ट्रिलियन परियोजनाह्व। ह्लचीन की महान हरित दीवारह्व। पाकिस्तान की ह्ल10 बिलियन ट्री सुनामीह्व। ह्लबॉन चैलेंजह्व 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि को बहाल करने के लिए। आकर्षक नारे, आकर्षक अभियान और सुर्खियाँ बटोरने वाले अभियान मीडिया का ध्यान और सार्वजनिक भागीदारी आकर्षित करते हैं। 2023 में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ संयुक्त संबोधन में, प्रधान मंत्री ने कहा कि भारत एकमात्र ह्र20 देश है जिसने पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। 2024 के राज्यसभा संबोधन में, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री ने घोषणा की कि भारत ने 1.97 बिलियन टन सीओ2 समतुल्य का अतिरिक्त कार्बन सिंक हासिल किया है। शहरी वनों को विकसित करने के उद्देश्य से एक पहल। वन प्रबंधन और संरक्षण के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। वन/वृक्ष आवरण को बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करता है। वन अग्नि की रोकथाम और प्रबंधन को संबोधित करता है। वन भूमि को गैर-वन उपयोगों के लिए मोड़ने के लिए वनीकरण और पुनर्जनन गतिविधियों के लिए धन प्रदान करता है। वनों में कम से कम 10% छत्र आवरण होना चाहिए, पेड़ों की न्यूनतम ऊँचाई 5 मीटर होनी चाहिए और क्षेत्रफल कम से कम 5 हेक्टेयर होना चाहिए। इस परिभाषा के तहत ऐसे क्षेत्र जहाँ कृषि प्रमुख भूमि उपयोग है, उन्हें वन नहीं माना जाता है। वनों में 10-30% छत्र आवरण होना चाहिए, पेड़ों की ऊँचाई 2-5 मीटर के बीच होनी चाहिए और क्षेत्रफल कम से कम 1 हेक्टेयर होना चाहिए। जलवायु से संबंधित संकटों और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण एक लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है। स्थानीय समुदायों की सीमित भागीदारी। पर्याप्त अनुवर्ती देखभाल और मोनोकल्चर को बढ़ावा देने की कमी। स्थानीय पारिस्थितिक संदर्भों और लोगों की भागीदारी की उपेक्षा। घास के मैदानों और जानवरों के आवासों जैसे कुछ स्थानों पर पेड़ लगाने से पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुँच सकता है, जंगल की आग की तीव्रता बढ़ सकती है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ सकती है। घास के मैदानों को पेड़ लगाने के लिए वनों की कटाई या क्षरित भूमि नहीं माना जाना चाहिए; ये भूमि अत्यधिक उत्पादक और जैव विविधता वाली हैं, जो पशुधन और लोगों का भरण-पोषण करती हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

अमनौर स्थानीय थाना क्षेत्र के सारण तटबन्ध परसुरामपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ दो धंधेबाज को धर दबोचा।थाना अध्यक्ष मो जफरुदीन खान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस न दल वल के साथ छापेमारी किया।बांध के निकट एक झोपड़ी में धंधेबाज शराब छुपाया था।पुलिस की गाड़ी देखते ही भागने लगे।पुलिस ने दोनों ब्यक्ति को धर दबोचा। छापेमारी में पुलिस ने 16 लीटर शराब के साथ धंधेवाजो को धर दबोचा है।पुलिस के अनुसार दोनो धंधेवाज परसुराम गांव का है।एक अभ्युक्त बिपिन सिंह दूसरा नागेंद्र राम बताया जाता है।दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छपरा जेल भेजने की बात कही।

### नग्न अवस्था मे युवक की पिटाई का वीडियो वायरल



बगहा। एक कमरे में एक युवक को नंगा कर उसके साथ पिटाई का विडियो वायरल हो रहा है। दरअसल सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में युवक की नग्न अवस्था में पिटाई हो रही है, वीडियो में लोग पुछ रहे हैं बोल यहां क्या करने आया था। गलत काम करने आया था, वीडियो में लोग पूछ रहे हैं जिसपर युवक सिर्फ ना बोल रहा है। बताया जा रहा है की वायरल वीडियो रामनगर थाना क्षेत्र के मठिया गाँव का है जहाँ एक घर में प्रेमी को लोगों ने रात में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था फिर क्या उसकी नग्न अवस्था में लप्पड़ थप्पड़ से पिटाई शुरू कर लोग हिसाब लेने लगे। इस मामले में रामनगर थानाध्यक्ष ललन कुमार नें बताया की वायरल वीडियो की सूचना मिली है लेकिन कोई लिखित शिकायत नहीं मिला है जैसे पीड़ित या जख़्मी की ओर से कोई आवेदन मिलेगा जाँच कर कार्रवाई शुरू की जायेगी ।

### इसुआपुर में डायरिया का बढ़ रहा है प्रकोप

इसुआपुर ।प्रखंड में डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। सीएचसी इसुआपुर में प्रतिदिन औसतन 2 से 3 डायरिया के मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। यात्रा डटरा गांव के सुफियान रजा गंगाई गांव के अखिलेश्वर सिंह तथा मान पुरसौली गांव की मुन्नी कुमारी के मुंह-पेट चलने की शिकायत पर परिजन उन्हें अस्पताल लाए । जिनका समुचित इलाज हुआ तथा वे स्वस्थ होकर घर गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिका कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग खासकर बरसात के मौसम में होने वाले डायरिया तथा डेंगू बीमारी को लेकर काफी सजग है। इन मरीजों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की गई है जिला चकित्सा पदाधिकारी के आदेशानुसार कल मंगलवार से कैंपेनिंग कर लोगों को इस बीमारी से बचाव तथा इसके इलाज को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी ने कहा कि मरीज के लिए दवा, स्लाइन की पूरी व्यवस्था है । वहीं स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल कुमार मांझी ने बताया कि अस्पताल के दवा स्टॉक मैं पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है तथा इस बीमारी से बचाव को लेकर चिकित्सकों की टीम चौबीसों घंटे सजग है।

# जिलाधिकारी ने की अल्पसंख्यक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग सशक्तिकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग सशक्तिकरण के तहत जिला में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ित व्यक्ति/आश्रित को देय मुआवजे के भुगतान में अनावश्यक रूप से विलंब नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। देय मुआवजे के प्रथम किश्त के 7 दिनों के अंदर भुगतान हेतु लक्ष्य निर्धारित कर इसे सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करने को कहा गया। अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण छात्रावास में विधिवत आवासित छात्रों का पहचान पत्र बनाने को कहा गया। ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से इस छात्रावास में नहीं रह सके। छात्रावास में आवासित छात्रों के लिये प्रत्येक सप्ताह प्रेरणा एवं मार्गदर्शन सत्र का प्रभावी अयोजन सुनिश्चित करने को कहा गया। बताया गया कि जिला के मढ़ौरा अनुमंडल में स्थित राजकीय अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का भवन जर्जर हो चुका है। इसके लिये इस विद्यालय को तत्काल किसी अन्य भवन से संचालित करने हेतु उपयुक्त भवन को चिन्हित करने का निदेश दिया गया। शिफ्ट होने के उपरांत विभागीय निर्णय के अनुरूप उक्त स्थल पर नये भवन का निर्माण कराया जायेगा। कल्याण विभाग द्वारा संचालित पाक प्रशिक्षण केंद्र के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार कर इसका प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा गया।विभिन्न कल्याण छात्रावास में आवासित छात्रों को भी इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षित करने का निदेश दिया गया। उपविकास आयुक्त को इस प्रशिक्षण केंद्र के संचालन की व्यवस्था की गहन समीक्षा कर इसमें गुणात्मक सुधार लाने को कहा गया। विकास मित्रों के रिक्त पदों को सबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप भरने का निदेश दिया गया। महादलित टोलों में सामुदायिक भवन सह वर्क शेड के संदर्भ में बताया गया कि 57 में से 30 सामुदायिक भवन सह वर्क शेड का निर्माण पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी ने शेष 27 योजनाओं के अद्यतन स्थिति का स्पष्ट रिपोर्ट तलब किया। मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को इढरउ की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50 हजार रुपये तथा वढरउ की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख रुपये मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु सहायता राशि के रुप में राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। इस योजना के तहत सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने हेतु पहल करने को कहा गया। बताया गया कि पिछड़ा वर्ग आवासीय कल्याण विद्यालय हेतु गड़खा में भूमि चिन्हित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी विद्यालयों एवं छात्रावासों का प्रत्येक माह वरीय पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। अल्पसंख्यक कल्याण के संदर्भ में बताया गया कि अल्पसंख्यक कल्याण आवासीय विद्यालय के निर्माण हेतु रिविलगंज में वक्फ की जमीन चिन्हित चिन्हित की गई है। जमीन से संबंधित कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत विद्यालय के निर्माण से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु परिसर में जमीन उपलब्ध कराने के लिये जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा प्रशासन द्वारा सैद्धांतिक सहमति दी गई है। वक्फ विकास योजना के तहत तीन मंजिला सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना है जिसके लिये जमीन चिन्हित की गई है। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इंटरमीडिएट में पहली श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं को एक मुश्त 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है। जिलाधिकारी ने सभी पात्र छात्राओ को इस योजना का लाभ दिलाने का स्पष्ट निदेश दिया।

# बेतिया, नौतन, बगहा सहित कई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर हुई गर्भवतियों की स्वास्थ्य जांच

## स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थायी साधनों की जानकारी और अस्थायी साधन के सामग्रियों का वितरण



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)।पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया, नौतन, बगहा समेत कई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर सोमवार को विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच सीएचओ एवं महिला चिकित्सकों द्वारा की गई। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत अभियान चलाते हुए जगह-जगह स्वास्थ्य मेला का आयोजन भी हुआ। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच के दौरान बीपी, शुगर, वजन, रक्त प्रतिशत के साथ कई अन्य जाँच की गई। इस दौरान अन्य महिलाओं के स्वास्थ्य की भी जाँच की गई है। स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों के बीच अंतराल व सही समय पर बच्चे होने की जानकारी देने के साथ परिवार नियोजन के स्थायी साधनों की जानकारी दी गई वहीं अस्थायी साधन में कंडोम, गर्भनिरोधक सामग्रियों का वितरण किया भी गया।

इस दौरान नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल की डॉ प्रीति कुमारी ने अस्पताल आई गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम से कैसे सुरक्षित रहें, इनके उपाय बताये और साथ ही इस दौरान कैल्शियम सहित आयरन की 180 गोली प्रसव से पहले व 180 गोली प्रसव के बाद 6 महीने लेने की सलाह दी। - सुरक्षित प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं की समय समय पर जांच आवश्यकगर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य हेतु रहन-सहन, साफ-सफाई, खान-पान आदि ठीक रखने की सलाह दी गई। डॉ. प्रीति कुमारी ने बताया कि सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच जरूरी है। इससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहता है। पहली जांच गर्भधारण के 12वें सप्ताह तक, दूसरी जांच 14वें से 26वें सप्ताह तक, तीसरी 28वें से 32वें सप्ताह तक और अंतिम जांच 34वें से प्रसव होने से पहले तक करानी चाहिए। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को जो सलाह दी जाती है, उसका पालन करना चाहिए। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा एवं डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर माह के 09 एवं 21 तारीख को कैंप लगाकर गर्भवती महिलाओ की जाँच की जाती है। डॉ चंद्रा ने बताया कि गर्भवस्था के दौरान एनीमिया से बचने के लिए पालक, हरी सब्जी व मछली, दूध व अंडा आदि का नियमित सेवन जरूरी है। ये शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ाते हैं। गर्भावस्था में बहुत अधिक चाय व कॉफी के सेवन से बचना चाहिए। तनाव से बचना चाहिए, अच्छी नींद लेनी चाहिए। चुकंदर, सूखे मेवे व मौसमी फल भी अवश्य लेना चाहिए ।

# अपनी शानदार आवाज की जादू से सुल्तानगंज में समा बांधेंगे उद्घोषक संजय



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा नगर। अपनी शानदार उद्घोषणा का लोहा मनवा चुके उद्घोषक संजय भारद्वाज को एक बार फिर पर्यटन विभाग बिहार सरकार ने विश्व प्रसिद्ध बाबा अजगैबीनाथ की नगरी सुल्तानगंज मेले के मुख्य मंच पर चर्चित कलाकारों के कार्यक्रम के संचालन के लिए आमंत्रित किया गया है. संजय भारद्वाज को पर्यटन विभाग ने 29 जुलाई को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन के लिए आमंत्रित किया है. उन्होंने इसके लिए पर्यटन विभाग मंत्री, सचिव, निर्देशक, उपनिदेशक समेत सभी पदाधिकारी को धन्यवाद दिया है. जानकारी हो कि बाबा धाम के रास्ते में पड़ने वाले सुल्तानगंज से ही श्रद्धालु उत्तर वाहिनी गंगा से जल लेकर बाबा धाम की ओर पैदल रवाना होते हैं. सुल्तानगंज जहाज घाट पर मुख्य मंच का निर्माण हुआ है और यहीं पर तमाम प्रशासनिक सुविधा भी हैं. पूरा मेला जैसा दृश्य है. हर दिन लाखों लोग यहां स्नान करने आ रहे हैं और यहीं से जल लेकर बाबा धाम की ओर रवाना हो रहे है. इस साल फिर बाबा धाम का पूरा क्षेत्र गुलजार हुआ है। जगह-जगह पर मेला में लगाए गए सरकारी पंडालों में देश के सुविख्यात कलाकारों के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। बिहार के सारण जिले के गुदरी बाजार के रहने वाले उद्घोषक संजय भारद्वाज 1997 से राज्य और राज्य के बाहर के सांस्कृतिक और साहित्यिक मंचों पर अपनी उद्घोषणा का लोहा मनवाते रहे हैं इतना ही नहीं विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में भी 2007 से ही उद्घोषणा का कार्य कर रहे हैं उन्होंने देश के लगभग सभी राज्यों में अपनी शानदार उद्घोषणा से सारण और बिहार का मान सम्मान बढ़ाया है श्रोताओं ने कहा कि दरअसल संजय भारद्वाज जी की बोलने की शैली जब लोगों के कानों में जाती है तब खाली पंडाल भी कुछ ही मिनट में भर जाता है और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन होता है। अमीन सयानी को अपना गुरु मानने वाले संजय भारद्वाज कहते हैं कि मैंने अमीन सयानी जी से बहुत कुछ सुन सुन कर सीखा है 1990 के बाद लगातार अमीन सयानी की उद्घोषणाओं को सुनते रहे हैं और सीखते रहे हैं।

# विद्यालय के संस्थापक की पुण्यतिथि पर प्राचार्य समेत शिक्षकों व विद्यार्थियों ने दी श्रद्धांजलि



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।स्थानीय ब्रजकिशोर किंडर गार्टन के प्रार्थना सदन में सोमवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं महान शिक्षाविद् ,विद्यालय के संस्थापक सचिव कपिलदेव प्रसाद श्रीवास्तव की 23वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव , उप प्राचार्य अजीत कुमार, शिक्षकवृंद एवं छात्रगण उपस्थित थे। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने संस्थापक सचिव की प्रतिमा एवं तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थापक सचिव ने जिस परिकल्पना के साथ इस संस्था की स्थापना की, हम इसे उत्तरोत्तर विकास की ओर ले जाएँ। हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि उनके आदर्शों को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लें। उनके प्रति यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस मौके पर विद्यालय के सभी सदस्य एवं छात्रवृंद ने खड़े होकर एक मिनट का मौन धारण किया। विद्यालय के उप प्राचार्य एवं वरीय शिक्षक सूर्यप्रकाश ने संस्थापक सचिव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।

# बीएसएफ के एसआई नीरज का हार्ट अटैक से निधन

प्रात :किरण संवाददाता



माँझी। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पदस्थापित बीएसएफ के एसआई नीरज पाण्डेय का शव पहुँचते ही गाँव में कोहराम मच गया तथा लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर परिजनों के रुदन क्रन्दन से शव देखने आसपास के गांवों से पहुँचे सैकड़ों लोगो की भी आंखें भर आईं। इससे पहले बीएसएफ के विशेष वाहन से जवानों के काफिले के साथ कोलकाता से माँझी लाये जा रहे शव की गाँव के बाइक सवार दर्जनों युवकों द्वारा छपरा शहर से माँझी तक आगवानी की गई। बाइक सवार युवक भारत माता की जय तथा नीरज भैया अमर रहें का नारा लगा रहे थे। बताते चलें कि माँझी के अलियासपुर गाँव निवासी व सेना के पूर्व जेसीओ स्व स्वामीनाथ पाण्डेय के पुत्र नीरज पाण्डेय का रविवार को हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया था। सोमवार को माँझी श्मसान घाट पर मृतक का दाह संस्कार राजकीय सम्मान के साथ सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि मृतक के पुत्र आयुष पाण्डेय ने दी। तिरंगे में लिपटे शव को साथ आये जवानों ने सशस्त्र सलामी दी तथा छह राउंड फायरिंग भी की। साथ आये बीएसएफ के जवानों ने बताया कि वे पिछले 31 वर्षों से बीएसएफ में तैनात थे तथा सात वर्षों बाद रिटायर होने वाले थे। परिजनों ने बताया कि निधन से महज दस दिन पहले ही उनका एसआई के पद पर परमोशन हुआ था तथा परिजनों ने मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया था। लेकिन शायद यही परमोशन परिजनों के जेहन में उनका अंतिम यादगार भी बनकर रह गया। अलियासपुर से माँझी तक की लगभग चार किमी लम्बी निकली शवयात्रा में मृतक के अग्रज क्रमशः आर्मी के अवकाश प्राप्त कर्नल ललित पाण्डेय,एयर फोर्स के रियायर एयर मैन केशव पाण्डेय,आर्मी के रिटायर सब मेजर बाल मुकुंद पाण्डेय,छपरा के सदर एसडीओ संजय कुमार राय,माँझी की राजस्व पदाधिकारी रोजी कुमारी,थानाध्यक्ष अमित कुमार,स्थानीय मुखिया मुन्ना साह,सरपंच शिव कुमार साह के अलावा पूर्व मुखिया परमहँस प्रसाद,भाजपा नेता हेम नारायण सिंह,रणविजय उर्फ धड़ाका सिंह,कुंदन कुमार,अनु खान,नागेन्द्र ठाकुर तथा आशीष मिश्रा सहित सैकड़ों ग्रामीण आदि भी शामिल थे। परिजनों ने बताया कि मृतक को एक पुत्र तथा एक पुत्री हैं तथा फिलहाल दोनों अविवाहित हैं। मृतक का पुत्र आयुष पाण्डेय यूपीएससी की तैयारी कर रहा है जबकि पुत्री दिल्ली में शिक्षिका है।

# 28 जुलाई को पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर हुई जन सुराज की बैठक

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा । जनसुराज जिला कार्यालय परिसर मे जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता की अध्यक्षता में कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से 28 जुलाई को बापू सभागार पटना में आयोजित जन सुराज राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पंचायत से लेकर जिलास्तर के सभी पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सारण से अधिक से अधिक कार्यकताओं को भागीदारी सुनिश्चित कराने की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जनसुराज के जिला संगठन महासचिव अभय सिंह ने बताया कि पटना सम्मेलन में पंचायत से लेकर जिला स्तर कमिटी के सक्रिय कार्यकताओं की भागीदारी अधिक से अधिक हो जिसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई है । कार्यकर्ता समेलन को सफल बनाने में हम सभी की भुमिका महत्वपूर्ण है। इस सम्मेलन को जनसुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर संबोधित कर आगे की रणनीति से सभी कार्यकताओ को अवगत करायेंगे। सभापति अशोक सिंह ने कहा कि जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर की पदयात्रा का असर अब दिखने लगा है।अगामी विधानसभा चुनाव में जन सुराज सभी पार्टियों का सुपड़ा साफ करने जा रही है। वही मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि 28 जुलाई को होने वाली सम्मेलन अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मजबूत पहल है। विरोधियों में हलचल बढा दिया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों पटना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी के सहमति से जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर ने यह घोषणा किया था कि विगत 2 अक्टूबर को जन सुराज एक राजनीतिक पार्टी के रूप मे गठन किया जायेगा। जिसकी रूपरेखा,पार्टी का संविधान बनाने व अन्य मुद्दों पर पंचायत से लेकर प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ प्रशांत किशोर के साथ बैठक किया जायेगा। तैयारी बैठक में शामिल कार्यकर्ता इसको लेकर काफी उत्साहित दिखे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नेचर लवर्स ने वृक्षारोपण कार्यशाला का आयोजन किया



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। गुरु पूर्णिमा के मौके पर नेचर लवर्स ने इंडो नेपाल सीमा पर स्थित त्रिवेणी संगम तट पर कौलेश्वर मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया। बतादें की इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी मनोज कुमार ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संवर्धन में पेड़ पौधों के महत्व को समझाया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों को लगाने के लिए जागरूक किया। बतातें चलें कि गत 2007 से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इसके तहत अबतक हजारों पौधे पेड़ का स्वरूप ले लिए हैं। कार्यशाला के दौरान पूर्व में लगाए गए पौधों का जायजा भी लिया गया जिसमें से कुछ पौधों के रिप्लेसमेंट पर विचार किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मनोज कुमार, प्रेम कुमार, अजय झा,अभिजीत मिश्रा,विजय विश्वास, छोटे लाल,भाजपा नगर उपाध्यक्ष, मैथली लाल गुप्ता,सहायक एप निरीक्षक संजोयी मैती,मुख्य आरक्षी गोराई, आरक्षी सामान्य समेत कई नेचर लवर्स शामिल हुए।

# मंत्री सहित सांसद प्रतिनिधि ने की पूजा अर्चना

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सावन मास के प्रथम सोमवारी पर बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे बिहार सरकार नगर विकास मंत्री नितिन नवीन विधानपरिषद दल के उप सचेतक सह राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख और मंत्री निजी सचिव विवेक कुमार सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंदिर मे पूजा अर्चना किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की मंदिर मे पूजा अर्चना सुशीलचंद्र शास्त्री भूटकून बाबा बमबम बाबा राहुल बाबा पवन बाबा ने मन्त्रोंउच्चारण के साथ विधिवत पूजा कराया इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और मंदिर सचिव विजय लाला ने अंग वस्त्र और मंदिर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया इस अवसर पर इंस्पेक्टर राजनंदन कुमार मिथलेश सिंह नगर पंचायत स्कूटीब मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहरनाथ ओपी प्रभारी स्वर्ना सुप्रिया अफ्छ मनोरंजन कुमार विशाल कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर माननीय मंत्री नितिन नवीन ने मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया और बेवस्था की सराहना की और कहा की मंदिर मे हमसे जितना सहयोग होगा हम जरूर करेंगे और मंदिर मे पूजा करने आते रहते है आज सावन के सोमवारी के दिन बाबा हरिहरनाथ पर लाखो लोगो ने जल चढ़ा कर पूजा अर्चना किया और सुख शांति की कामना की ज्ञात हो की बाबा हरिहरनाथ मंदिर पूरा देश पहला ऐसा मंदिर है जहाँ हरी और हर दोनों है इस मंदिर मे देश और विदेश के लोग भी पूजा करने बराबर आते रहते है

# हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रात :किरण संवाददाता

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्र के दंदासपुर गांव स्थित श्रीढोंढ़नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक हजारों की संख्या में आये हुए श्रद्धालुओं ने किया. सावन को पहली सोमवारी होने से शिव भक्तों की इतनी भीड थी कि भीड़ नियंत्रन करने में प्रशासन को काफी मसक्कत करनी पड़ी. प्रशासन के सहयोग में स्थानीय समाजसेवी एवं पंडे भी आगे आये. बहुत सारे कांवरिया रविवार की रात से ही मंदिर परिसर में बनाये गये ठहराव ( अस्थायी धर्मशाला ) में आकर जमे हुये थे, जो बोलबम के नारों के साथ अहले सुबह से ही जलाभिषेक करना शुरू कर दिये. ढोंढ़स्थान से लगभग 35 किलोमीटर दूर सेमरिया ( रिविलगंज ) के नाथजी घाट से सरयू नदी का पवित्र गंगाजल कांवर में भरकर लाये तथा भगवान शिव का जलाभिषेक किये. कांवरिया बम के अलावे कयी हजार की संख्या में गैर कांवरिया शिवभक्तो ने भी जलाभिषेक किया, जिसमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक थी. पश्चिम बंगाल के विभूम जिला से सपरिवार आयी शालिनी घोष ने बताया कि जब से उनकी मुरादें पूरी हुयी हैं, तब से वह सावन के सोमवारी को श्रीढोंढ़नाथ बाबा का जलाभिषेक करती आ रही हैं. उत्तर प्रदेश के टूंडला से आये रघुनाथ सिंह तोमर भी वर्षों से आ रहे है. सीओ शम्मी कुमार, बीडीओ नीलेश कुमार तथा थानाध्यक्ष निर्मला देवी ने भीड़ पर पैनी नजर रखे हुए थे.

# सोमवार के दिन पूजा अर्चना जलाभिषेक करने से केवल चन्द्रमा ही नही बल्कि भगवान शिव की कृपा मिलती है

प्रात :किरण संवाददाता



अमनौर सावन की पहली सोमवारी को बिभिन्न शिवालयों पर भक्तो की उमड़ी भारी भीड़।हर हर महादेव के गुज से गुंजयमान हुआ पूरा वातावरण।प्रखंड के ऐतिहासिक शिव मंदिर अपहर जिसका जिक्र टोडरमल के बनाये नक्से पर अंकित था व अमनौर पर्यटक स्थल केंद्र शिवालय पर अहले सुबह से घण्टी कि टुन टुनाहटा हर हर महादेव के जय जय घोष गूंजने लगा।महिलाए हरि- हरि लाल- लाल परिधानों में सुसज्जित होकर बेलपत्र भांग धतूरा अछत जल से भगवान शिव को जलाभिषेक किया।इस दौरान बच्चों के साथ पुरुषो की काफी संख्या देखी गई।पति की लंबी आयु व पुत्र सुंदर कन्या की कामना से लोग यह ब्रत करते है।मान्यता है की सोमवार के दिन चन्द्र ग्रह का होता है और चंद्रमा के नियंत्रज शिव होते है ।मन्यता है कि सोमबार के दिन पूजा अर्चना करने से केवल चन्द्रमा ही नही बल्कि भगवान शिव की कृपा मिलती है।.

# पहली सोमवारी वाल्मीकिनगर गंडक नारायणी से जलबोझी कर नर्मदेश्वर मंदिर में जलाभिषेक शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल और उतर प्रदेश की सीमा पर स्थित पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक मान्यताओं से लबरेज रामनगर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आज पवित्र सावन मास के पहली सोमवारी पर अहले सुबह से लगातार भक्तों की भीड़ उमड़ी है। सावन के पावन महिने की शुरूआत आज सोमवार से हो रही है। ऐसे में पश्चिमी चम्पारण जिला के रामनगर स्थित नर्मदेश्वर नीलकंठ मंदिर में भक्तो की लम्बी लाइन लगी है । भक्तों को कोई परेशानी ना हो इसको लेकर हर जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है। मंदिर के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं मंदिर संरक्षण समिति के सदस्यों द्वारा भी यहाँ कड़ी निगरानी के साथ साथ कावर और श्रद्धालुओं की सुविधा के सामान पेयजल शौचालय वगैरह की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। बतादें की त्रिवेणी संगम तट वाल्मीकिनगर से जलबोझी कर श्रद्धालु व भक्त बाबा भोले नाथ का जलाभिषेक करने भांग धतूरा चढ़ाने देश विदेश से पहुंच रहे हैं ।

# सावन के पहली सोमवारी को लेकर परसा शिव मंदिर से निकली कलशयात्रा,उमड़ी भीड़

प्रात :किरण संवाददाता

परसाः-सावन की पहली सोमवारी को लेकर परसा बाजार स्थित नवनिर्मित शिवमन्दिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालु भक्तगणों द्वारा एक विराट कलशयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। आचार्य सुजीत कुमार तिवारी व पूर्वमंत्री डा.चंद्रिका राय के नेतृत्व में निकाली गई कलशयात्रा सह शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु लाल पीले वस्त्र में में शामिल थे ।इस दौरान डीजे बैंड के अलावे कुशल कलाकारों द्वारा निकाली गई झांकी में भगवान शंकर व उनके साथ अन्य देवी देवताओं के रूप में विराजमान थे जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र था ।कलशयात्रा सह शोभायात्रा पवित्र शिवालय स्थल से खलीफा चौक,मस्तीचक मोड़ होते हुए पोरई तुलब्रह्म स्थान पहुंची । जहा आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभरी कराई। पुनः कलश यात्रा नगर परिभ्रमण करते हुए परसा बाजार के शिवालय पहुंची ।जहा भगवान शिव के जयघोष से शिवालय गूंज उठा ।इस दौरान शिव मंदिर कमिटी के अध्यक्ष पप्पू कुमार राय,मुन्ना साह, डा.ललित प्रसाद,विकास कुमार सिंह,चंदन सिंह,शैलेंद्र कुमार साह ,वार्डपार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार राय, आमोद कुमार शर्मा,जितेंद्र कुमार ऊर्फ भूलन सिंह,राहुल कुमार,चंद्रिका शर्मा, हरि साह सहित दर्जनों श्रद्धालु महिला पुरुष व युवतियां लाल पीले वस्त्र में शामिल थे ।

# बेलहवा मदनपुर के मजदूर की मौत जयपुर में हुई परिजनों का रोरोकर बुरा हाल

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा दो प्रखंड के बेलहवा मदनपुर अंतर्गत सिरीसिया के रहने वाले एक मजदूर की मौत जयपुर में हो गई। बताया जा रहा है की मृतक जयपुर में रहकर मजदूरी करता था। इसी बीच वाहन की ठोकर से मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। इधर गाँव में मजदूर का शव पहुंचते हीं कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है क्योंकि मृत व्यक्ति परिवार में कमाने का एक मात्र सहारा और आमदनी का जरिया था। मृतक की पहचान 45 वर्षीय बालेश्वर राय के रूप में हुई है। फिलहाल परिवार की भरण पोषण के लिए परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सद्गुरु के सान्निध्य में जीव पावन हो जाता है : देवराहाशिवनाथ

आरा :जगदीशपुर के श्रीदेवराहा धाम सिअरुआ में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा सर्वप्रथम संत श्री देवराहा शिव नाथ दासजी महाराज की षोडशोपचार विधि से पूजा -अर्चना और महाआरती की गई।वहीं महाआरती के बाद त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध,विदेह संत श्री देवराहा शिव नाथ दासजी महाराज ने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि गु का अर्थ अंधकार और रु का अर्थ प्रकाश होता है। अर्थात जो अंधकार से प्रकाश की ओर हमें ले जाए तो उसे गुरु कहते हैं। संतश्री ने आगे कहा कि जैसे छोटी -छोटी नदियों का जल अलग -अलग रहता है तब उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं रहता है। परंतु जब वही नदी गंगा नदी में जाकर मिल जाती है,तब सम्पूर्ण जल गंगाजल कहलाता है। वैसे ही जब जीव सद्गुरु के सान्निध्य चला जाता है तब वह पावन बन जाता है। अर्थात सद्गुरु उसे पूजनीय बना देते हैं। वहीं इस दौरान हजारों श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

### शराब व्यवसाईयों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, मिली सफलता

करपी, अरवल। जिला उत्पाद टीम एवं शहर तेलपा थाना के संयुक्त प्रयास से शराब बनाने वालों के ठिकानों पर छापेमारी की गई! जिसमें इसमें विभिन्न जगहों से शराब बरामद किया गया है !शहरतेलपा थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि जिला पुलिस उत्पाद की टीम एवं थाना की संयुक्त कार्रवाई जो शराब बनाने वालों के खिलाफ की गई थी उसमें एक अच्छी सफलता मिली है !जिंदपुर मठिया से 6 लीटर शराब आजाद नगर से 13 लीटर शराब एवं घराना से 7 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है !जिला उत्पाद टीम के साथ आये डाग स्क्वाड टीम के द्वारा भी शराब बनाने वालों के ठिकानों को पकड़ने में काफी मदद मिल रही थी !डॉग स्कवायड टीम के सहयोग से आजाद नगर गांव से शराब जमीन के नीचे रखा हुआ मिला ! वही जिंदापुर मठिया से तारा चौधरी के यहां घर से 6 लीटर शराब बरामद हुआ और घराना ग्राम से पिंटू चौधरी के घर से 7 लीटर देसी शराब बरामद किया गया! बहुत लंबे अंतराल के बाद थाना के द्वारा एक प्रयास किया गया जिसमें संयुक्त कार्रवाई में अच्छी सफलता मिली है!

# एसबीएन कॉलेज लारी में प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों पर हाथ उठाना उचित नहीं : अभाविप

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। एसबीएन कॉलेज देरहेता लारी में हाल ही में एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मेघन प्रसाद ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हाथ उठाया। यह घटना तब घटित हुई जब कुछ छात्र विश्वविद्यालय के निदेशों के खिलाफ हो रही शुल्क वसूली के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। प्रधानाचार्य के सामने प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि डॉ. मेघन प्रसाद ने विश्वविद्यालय के निदेशों को मानने से स्पष्ट इनकार कर दिया। उन्होंने धमकी भरे शब्दों में कहा कि चाहे जो भी हो, वे किसी भी कास्ट के छात्र हों, एससी/एसटी क्यों न हो या छात्राएं, सभी से शुल्क वसूला जाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा, ह्न विश्वविद्यालय के निर्देश को नहीं मानूंगा और अपने मनमाने तरीके से काम करूंगा। हम किसी से नहीं डरते।ह्न यहाँ नामांकन करो करना है तो शुल्क मेरे मुताबिक देना होगा विद्यार्थी परिषद का हस्तक्षेप जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने प्रधानाचार्य को विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देश की हार्ड कॉपी दिखाई, तो उन्होंने उसे फेंक दिया और छात्रों के ऊपर हाथ उठाया। इसके साथ ही उन्होंने कार्रवाई करने की धमकी भी दी । महाविद्यालय के कार्य मे दखल दाजी न करे मे अपने तरीके से कार्य करूंगा बस मनचाहा शुल्क लूंगा वोही विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की और इसे छात्रों के हितों के खिलाफ बताया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा, ह्नऐसे प्रधानाचार्य किसी काम के नहीं हो सकते हैं जो छात्र हितों का ध्यान नहीं रखते। जो प्रधानाचार्य सिर्फ अपने जेब भरने के लिए काम कर रहे हैं, उनसे ना तो छात्र का विकास हो सकता है और ना ही महाविद्यालय का। वे केवल अपने विकास के लिए महाविद्यालय की प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठे हुए हैं। अरवल जिला संयोजक अमरकृति ने बताया कि छात्रों ने इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की और विश्वविद्यालय से तत्काल कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि अगर विश्वविद्यालय द्वारा उचित कदम नहीं उठाया गया, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे ऐसे प्रधानाचार्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो उनके हितों के खिलाफ काम कर रहे हों। कुर्था नगर मंत्री अभिषेक कुमार ने कहा कि एसबीएन कॉलेज देरहेता लारी में हुई इस घटना ने शिक्षा जगत में एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। क्या ऐसे प्रधानाचार्य जो विश्वविद्यालय के निदेशों की अवहेलना करते हैं और छात्रों के खिलाफ हाथ उठाते हैं, उन्हें अपने पद पर बने रहने का अधिकार है? छात्रों के हितों की रक्षा के लिए विश्वविद्यालय और संबंधित अधिकारियों को इस मामले में सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। यह घटना न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे शिक्षा प्रणाली के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

## सहार में एनम संविदा संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 21 वां दिन भी जारी रहा, कार्य बहिष्कार



प्रात : किरण संवाददाता

आरा : सहार पिचसी में एनम संविदा संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कार्य वहिष्कार का 21 वे दिन भी जारी रहा, कार्यक्रम के अध्यक्ष शोभा कुमारी एनम ने की अपने संबोधन में कहा कि हेल्थ डिपार्टमेंट के मंत्री और विभागीय अधिकारियों को केवल एनम का तीन बार फेस अटेंडेंस चाहिए, काम से कोई लेना देना नहीं है, पूरे बिहार के हेल्थ विभाग के एनम सहित कर्मी फेस अटेंडेंस के बिरोध में और समान काम के बदले समान वेतन के पक्ष में, 8 वा वेतन आयोग का गठन, पुराना पेंशन सहित कई अन्य मांगों के लेकर आंदोलन कर रहे हैं, कार्य वहिष्कार किया गया है, आम जनता रोगी के साथ परेसानी से जुझ रहा है, विभाग को कोई लेना-देना नहीं है, कारण इनको एनम सहित अन्य कर्मियों का फेस अटेंडेंस चाहिए, सदर अस्पताल हो या पिएचसी सभी एनम संविदा संघर्ष मोर्चा गोप गुट एकता के साथ आंदोलन में शामिल है, कल 23.7.24 को पटना में विधानसभा के समक्ष विसाल प्रदर्शन किया जाएगा, भोजपुर से भी एनम संविदा सविदा संघर्ष मोर्चा गोप गुट के साथी हजारों की संख्या में पटना पहुंचेगी, भोजपुर का नेतृत्व सपना कुमारी, दीप्ति कुमारी, अल्पना कुमारी, नूतन शर्मा, अनीता कुसुम के द्वारा किया जाएगा, आज के कार्यक्रम में रीता, गीता ,गूंजा,रेश्मा, अनुपम, रूबी, सहित अन्य कई कर्मी भी सभा को संबोधित किया. कार्यक्रम में कर्मचारियों के नेता जिला सचिव सुमन ने भोजपुर के सभी एनम संविदा संघर्ष मोर्चा गोप गुट के एनम से कहा कि कल विधानसभा के अंदर और बाहर एनम के सवालों पर जोरदार हंगामा होगा, इसलिए पूरे बिहार से ल्ले पटना में आ रही है, एकता के साथ अपनी मांगों के लिए पटना पहुंचे,

## बाबा गुप्तेश्वर धाम में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के चेनारी थाना अंतर्गत रोहतास कैमूर की पहाड़ी पर अवस्थित बाबा गुप्तेश्वर धाम में सोमवारी से जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। मंदिर कमेटी के अनुसार अभी तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा गुप्तेश्वरनाथ को जलाभिषेक करते हुए उनकी पूजा अर्चना की। रविवार की रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दुर्गम पहाड़ी के रास्ते जंगल और नदी को पार कर बाबा गुप्तेश्वरनाथ उर्फ गुप्ता धाम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बताते चले की गुप्ता धाम दर्शन के लिए बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश झारखंड सहित अन्य राज्यों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आते हैं। चुकी बाबा गुप्तेश्वर नाथ गुफा में अवस्थित हैं। जिसको लेकर मंदिर कमेटी और जिला प्रशासन के द्वारा गुफा में ऑक्सीजन की पाइपलाइन बिछाई गई है जिससे श्रद्धालुओं को श्वास लेने में कोई दिक्कत नहीं हो और सुरक्षित तरीके से बाबा गुप्तेश्वर के दर्शन हो सके इसके अलावा गुफा के भीतर समुचित लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई है। वहीं गुफा के अंदर और बाहर पुलिस प्रशासन की प्रतिनिधि की गई है जहां भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं और सभी को कतारबद्ध करते हुए बाबा गुप्तेश्वर नाथ के गुफा में प्रवेश किया जा रहा है। पूरे श्रावणी माह में बाबा गुप्तेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमरी है इसके साथ ही मेले का भी आयोजन किया जाता है।

## गुरु शिष्य का योग एक अद्भुत संयोग है : राणा प्रताप

प्रात : किरण संवाददाता



आराःपरंपरा और संस्कृति के मार्ग को आरा की वर्तमान पीढ़ी शास्त्रीय संगीत से प्रकाशित कर रही है। गुरुकुल परंपरा में शिष्यों के वटवृक्ष पर फालदायक हो चले हैं । आरा का सांगीतिक भविष्य सुखद होगा और इसकी बागडोर कुशल हाथो मे हैं। उक्त बाते वरिष्ठ ताल गुरु श्री राणा प्रताप सिन्हा ने कहा। अवसर था शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एन्ड म्यूजिक के द्वारा आयोजित गुरुपर्व संस्कृति महोत्सव का। इस अवसर नृत्य सम्राट पंडित बिरजू महाराज की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक कर विधिवत पूजन किया गया व इंद्राधानुषी संगीत परम्परा के संस्थापक व गुरु संगीतज्ञ दुधेश्वर लाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। कत्थक कलाकारों में अमित कुमार, राजा कुमार, संजना, स्नेहा पांडेय, कुमारी रूपा, खुशी कुमारी गुप्ता समेत कई युवा व बाल कलाकारो ने गुरु बक्शी विकास का अभिनन्दन किया वही गायन के क्षेत्र में श्रेया पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, नितीश पाण्डेय, अभिजीत मिश्रा, पिंटू यादव, वंदना समेत सभी इस परंपरा की अन्य शिष्याओं ने विदुषी बिमला देवी को सम्मानित किया। गुरुजनो ने शिष्यों का गंडाबंधन किया जो आज की युवा पीढ़ी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।इस अवसर पर श्रेया पाण्डेय ने राग बागेश्री में बड़ा ख्याल, तीनताल की बंदिश व तराना प्रस्तुत कर समाँ बांधा। वही अजीत पांडेय ने खमाज की ठुमरी ह्नकैसो बजावत श्याम मुरलियाह्न प्रस्तुत कर वहावाही लूटी। श्री बीएन राय व श्री महेश यादव ने अपने स्वरों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही कत्थक नर्तक अमित कुमार व राजा कुमार ने मनोहारी कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। एकल कत्थक में छपरा की कुमारी रूपा व कुमारी अनिषा तथा स्थानीय स्नेहा पाण्डेय, सलोनी व मुस्कान ने पारम्परिक कत्थक प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। गौरी, सोमी, सोनी, अंजलि, अमृता, हंशिका व वंदिता ने कत्थक के अंग भाव व अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राणा प्रताप सिन्हा व सूरज कांत पांडे के तबले की थाप ने रंग बिखेरा। मंच संचालन शालिनी तथा संजना कुमारी व धन्यवाद ज्ञापन रोहित कुमार ने किया।इस अवसर पर डॉ. जया जैन, डॉ. किरण कुमारी, समाज सेवक अमरदीप, जयकिशोर सिंह समेत कई संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

## रोहतास में जिम संचालक हत्याकांड का षड्यंत्रकर्ता गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास जिले के नासरीगंज थानाक्षेत्र के अमियावर गाँव निवासी सह जिम संचालक अतुल उर्फ आदित्य श्रीवास्तव के हत्या के मामले के फरार प्राथमिकी अभियुक्त षड्यंत्रकर्ता को नासरीगंज पुलिस ने नासरीगंज - दाऊदनगर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रेसवार्ता करते हुए बिक्रमगंज डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि जिम संचालक हत्याकांड का प्राथमिकी अभियुक्त षड्यंत्रकर्ता नासरीगंज थानाक्षेत्र के अमियावर गांव के निवासी गांधी उन्होंने बताया कि गांधी चौधरी ने जिम संचालक अतुल उर्फ आदित्य श्रीवास्तव की हत्या के आरोप को स्वीकार किया है। वही डीएसपी ने बताया कि गांधी चौधरी जिम संचालक के हत्या का षड्यंत्रकर्ता है। उक्त अभियुक्त का थार कार व शूटर छोटू राम की अपाची बाइक को भी जब्त किया गया है। गांधी चौधरी पर पूर्व से भी कुल 21 कांड दर्ज है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अगर आत्मसमर्पण नही करते हैं तो दो दिनों के अंदर कुर्की जब्ती भी की जायेगी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम में नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार, काराकाट थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, डीआईयू प्रभारी डिहरी राहुल कुमार व डीआईयू शाखा डिहरी के पदाधिकारी सुशांत मंडल शामिल थे।

# पौधारोपण बहुत जरूरी है, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे : डीपीओ



प्रात : किरण संवाददाता

आराःजिला गंगा समिति भोजपुर के द्वारागंगा ग्राम में चलाए जा रहे विशेष अभियान एक पौधा मां के नाम के तहत बड़हरा प्रखंड के सरैया बरजा पर स्थित के हाई एजुकेशन सेंटर संस्थान के प्रांगण में आयोजित किया गया। इसका कार्यक्रम में आज 1000 से अधिक छायादार और फलदार पौधे छात्र छात्रों के बीच में वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हाई एजुकेशन सेंटर के शिक्षक एम एस सर के द्वारा की गई कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर, भीम कुमार आई टी सी जिला समन्वयक आरा बक्सर उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिला। तन ढकने के लिए कपड़ा मिला। घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं।भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों को पूजा जाता है। अफसोस की ही बात है कि जिस देश में, समाज में पेड़-पौधों को पूजने की प्रथा रही है, अब उसी देश में, उसी समाज में पेड़ कम हो रहे हैं। बदलते दौर के साथ लोगों का प्रकृति से रिश्ता टूटने लगा। बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटा जा रहा है। नतीजतन जंगल खत्म हो रहे हैं। देश में वन क्षेत्रफल 19.2 फीसद है, जो बहुत ही कम है। इससे पर्यावरण के सामने संकट खड़ा हो गया है। घटते वन क्षेत्र को राष्ट्रीय लक्ष्य 33.3 फीसद के स्तर पर लाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने होंगे। हाई एजुकेशन सेंटर के शिक्षक ने कहा कि में विशेष ध्यान देता हु जिला गंगा समिति भोजपुर का जिनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हां।इस मौके पर कोचिंग के शिक्षक संचित कुमार ,एम डी इमामी दिन ,राधिकेश कुमार ,निशा सिंह ,इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन कुमार सिंह,मनीष कुमार सिंह,साजिद अली,शाहील सिंह ,आशीष कुमार काजल कुमारी,करिश्मा कुमारी इत्यादि।

## गुरु पूर्णिमा के समापन पर विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व के द्वितीय सत्र के कार्यक्रम में विचार गोष्ठी एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।वर्तमान परिवेश में गुरु शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता गायत्री शक्तिपीठ के संस्थापक बृज किशोर प्रसाद ने किया।जबकि,संचालन की जिम्मेवारी व्यवस्थापक रामध्यान प्रसाद ने निभाई।विचार गोष्ठी में पधारे मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के जिला उद्घोषक, अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रसिद्ध शिक्षाविद् उदय कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि मां गायत्री की साधना मानव जीवन के लिए अत्यंत ही फलदाई है।यदि विद्यार्थी बचपन से गायत्री मंत्र को आत्मसात कर ले तो वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। मैं बचपन से ही इस साधना के परिणाम को देख चुका हूं। सरस्वती शिशु मंदिर जम्होर के सचिव अविनाश कुमार सिंह उर्फ बबलू बाबू ,प्राचार्य परशुराम ओझा, शिक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, रेलकर्मी शर्मा जी,राजीव कुमार,जयप्रकाश कुमार ने गुरु शिष्य परंपरा की महता को एक स्वर में विभूषित करते हुए कहा कि आज गुरु शिष्य परंपरा की प्रासंगिकता बढ़ गई है। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने काव्य पाठ के माध्यम से गायत्री मंत्र की महिमा का बखान किया। तत्पश्चात,उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने दीप यज्ञ के माध्यम से प्रकाश ज्योति फैलाकर यह संदेश दिया कि यदि हम अपनी संवेदना को जगा लें तो जीवन में अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैला सकते हैं। रामध्यान प्रसाद ने वेदव्यास को भी याद किया और उनके द्वारा रचित साहित्य सर्जना की चर्चा की।इस मौके पर जितेंद्र पासवान,शिक्षक नवीन कुमार, कुंदन कुमार,कृष्ण कुमार सिंह सहित उपस्थित थे।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण, को ले प्रखंड मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना

### कहा, जब तक नहीं होगा भवन का निर्माण करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

प्रात : किरण संवाददाता




कूर्था अरवल। प्रखंड क्षेत्र के नदौरा पंचायत के मुख्यालय गांव नदौरा में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर नदौरा गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने कुर्था प्रखंड मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया। इस मौके पर कुर्था प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि क्रांति कुमार, नदौरा पंचायत के सरपंच मनीष कुमार व नदौरा पंचायत के पूर्व मुखिया सह जदयू किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविशंकर कुमार प्रसाद ने पत्रकारों को बताया कि पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत मुख्यालय के गांव में ही पंचायत सरकार भवन निर्माण करनी है हालांकि नदौरा गांव में पर्याप्त जमीन होने के बावजूद नदौरा पंचायत के मुखिया व प्रशासन के मिली भगत से पंचायत सरकार भवन नदौरा गांव में न बनाकर महमदपुर गांब में पंचायत सरकार भवन बनाने की तैयारी चल रही है जिसको लेकर हम लोगों ने अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किया है उन्होंने कहा कि जब तक नदौरा गांव में पंचायत सरकार भवन नहीं बन जाता तब तक हम लोग इसी तरीके से लगातार चरणबद्ध आंदोलन करेंगे उन्होंने कहा कि नदौरा गांव में पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर पर्याप्त जमीन है राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री भी करनी थी लेकिन मुखिया के द्वारा मनवाने किया गया और अधिकारियों के मिली भगत से महमदपुर गांव में पंचायत सरकार भवन बनाने की अंदर-अंदर तैयारी चल रही है उन्होंने कहा कि जब तक नजर गांव में पंचायत सरकार भवन नहीं बन जाता तब तक हम लोग लगातार चरणबद्ध आंदोलन करेंगे इस मौके पर मंटू कुशवाहा विनय कुमार दरोगा अशोक रविदास अभिषेक कुमार मुन्ना कुशवाहा संजीत चंद्रवंशी समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे

# भारत नेपाल सम्बन्ध सदियों पुराना : डॉ. संजय जायसवाल

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। स्थानीय वाईएस रिसोर्ट रक्सौल के सभागार में एनयूजेआई रक्सौल अनुमण्डल इकाई के तत्वधान में भारत नेपाल रिश्ते अतीत व बर्तमान बिषय पर बिचार गोष्ठी सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, कला व संस्कृति, खेलकूद व पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तथा भारत सरकार व बिहार सरकार के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाये 101 प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा सांसद व पूर्व बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, अति विशिष्ठ अतिथि एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार, नेपाल की सांसद वीणा शर्मा,माहेर की संस्थापक व निदेशक लूसी कुरियम , विशिष्ठ अतिथि नेपाल के बिधायक सह पुर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सोनल, बिरगंज मेयर राजेशमान सिंह,रक्सौल नप सभापति धुरपति देवी, नेपाल सरकार के पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री रामचंद्र कुशवाहा,नेपाल की पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री करीना बेगम, पूर्व मंत्री श्यामबिहारी प्रसाद, नेपाल के पूर्व मंत्री ओम प्रकाश शर्मा, नेपाल के संविधानसभा सदस्य रामचन्द्र प्यासी कुशवाहा, नेपाल के पूर्व विधायक प्रहलाद गिरी, पूर्व विधायक जन्नत अंसारी,पूर्व शिक्षा उप निदेशक तिरहुत प्रमंडल ब्रजेश कुमार ओझा, नेपाल भारत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार बैध, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रकिशोर झा, सेवानिवृत कैप्टन भारतीय सेना भाग्यनारायन राय, सेवा निवृत्त कैप्टन भारतीय सेना अमर सिंह, सेवा निवृत्ति सूबेदार मेजर भारतीय सेना भी. एल. प्रसाद, इंडियन नेवी के सेवा निवृत्त पदाधिकारी बिंदा पांडेय,केबीसी विजेता सुशील कुमार आदि लोगो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत नेपाल सम्बन्ध सदियों पुराना है,ये सम्बन्ध बेटी रोटी का सम्बंध है। ये सम्बन्ध आगे भी चलता रहेगा । आपसी प्रेम, सद्भाव व भाईचारे के साथ इस सम्बंध को और प्रगाढ़ करने की आवश्यकता है।

वक्ताओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली और काठमांडू में होता है। इस आयोजन के लिये कार्यक्रम आयोजक बिपिन कुशवाहा की काफी सराहना की। इस आयोजन में मुख्य प्रयोजक के रूप में रिपु राज एग्रो प्राईवेट लिमिटेड का सहयोग काफी सराहनीय रहा। इस मौके पर स्थानीय निवासी सह प्रशिक्षु एसडीएम ज्योति रानी, जिला अवर नियोजन पदाधिकारी मयंक कुमार, टुनु कुमार, मुकेश कुमार, अबरार खान, पूर्णिमा भारती, ज्योति राज गुप्ता, सैंड आर्टिस्ट मधुरेन्द्र कुमार, गोबिंद प्रसाद मस्करा, भरत प्रसाद गुप्ता, साइमन रेक्स,अरुण कुमार गुप्ता,सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दारोगा बनने का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दीःसुमित

अरवल। सदर प्रखंड के वार्ड नम्बर 7 के सुमित कुमार को दरोगा मे चयन होने पर क्षेत्र मे खुशी। सोमवार को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग पटना द्वारा लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता के जारी अंतिम परिणाम आने के बाद सुमित कुमार सफलता हासिल किए। सुमित पहले से क्रिकेट मे राज स्तरीय कैप्टन थे,दारोगा के पद पर चयनित होने के बाद सुमित के गांव और परिजनों के बीच खुशी का माहौल है। सुमित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा जीए हाई स्कूल अरवल से मैट्रिक इंटर की पढाई पूरी की. सिदेवनी साव महाविद्यालय कलेर से ग्रेजुएशन पास कर वह अब दारोगा बन गए है, बिहार पुलिस में दरोगा बनने का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया। चयनित होने पर लोगो ने वस्त्र बुक के देकर सम्मानित किया।

# आचार्य रामाश्रम सत्संग मथुरा के सानिध्य में भजन प्रवचन ध्यान प्रसाद अर्पण किया

प्रात : किरण संवाददाता

गया।रामाश्रम सत्संग मथुरा उपेंद्र गया के द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा के मौके पर निगमा धर्मशाला बोधगया में चल रहे दो दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग समारोह आयोजित किया गया।परम पूज्य डॉक्टर ऋषि कुमार मुकुल आचार्य रामाश्रम सत्संग मथुरा के सानिध्य में भजन प्रवचन और ध्यान प्रसाद अर्पण के साथ समापन किया गया है ।इस भव्य गुरु दरबार में बिहार के भाई, बहन, माता शामिल हुए. पूज्य मुकुल भैया जी ने अपने संबोधन में गुरु की महिमा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संसार में दो मार्ग हैं परवृत्ति का और निर्विति का प्रवृत्ति मार्ग हमें संसार की ओर ले जाता है जो शुरू में सुखद प्रतीत होता है लेकिन बाद में दुखदाई हो जाता है। निरवृत्ति का मार्ग हमें परमात्मा की तरफ ले जाता है इस मार्ग में संसार छूट जाता है यह सन्यासी मार्ग है गुरु महाराज ने एक तीसरा रास्ता बताया प्रवृत्ति में निर्विति का संसार में रहते हुए नौकरी, व्यापार, गृहस्थी आदि करते हुए मन को परमात्मा में लगाए रखना गीता में इसी को मध्यम मार्ग कहा गया है भगवान बुद्ध ने सम्यक मार्ग कहा है।

निखिल कुमार मीडिया प्रभारी ने बताया कि गुरु के चरणों में कोटीसा प्रणाम गुरु से मिलना और बात है लेकिन गुरु में मिलना दूसरी बात है शास्त्र ऐसा बताते हैं कि गुरु दर्शन बराबर करते रहना चाहिए अगर बीच में संभव न हो तो गुरु पूर्णिमा के दिन एक बार जरूर मिलना चाहिए.गुरु शिष्य के हृदय को पूर्ण प्रकाशित कर देता है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ दिग्विजय सिंह बघेल, आनंद स्वरूप करण,, बीबी सिंह, अनिरुद्ध कुमार सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, रतनलाल शर्मा, रमेश वर्मा, लक्ष्मण जी, विवेकानंद जी, केडी पांडे, मिथिलेश वर्मा, बिहारी जी, जगरोपण जी, वाल्मीकि शर्मा, पप्पू सिंह, अजय सिंह, सुधीर सिंह, कामता प्रसाद, मनोज कुमार, आलोक कुमार सिंह, लवकुश जी, सुनील कुमार, लखन पंडित, अमित जोशी, बिट्टू सिंह, विजय जोशी, पुरुषोत्तम सिंह, राकेश , अमित , पवन कुमार, अरविंद कुमार, शंकर उपाध्याय, छोटू जी, गिरजानंद जी, जितेंद्र कुमार, संजय कुमार, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, लखन सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, गोपाल सिंह, रामबली जी, नीतू सिंह, कल्याणी सिंह, रेखा सिंह, शिल्पी सिंह, रुबी दीदी, सुमन दीदी आदि लोगों का सहयोग बहुत सराहनीय और प्रसंसनीय रहा है ।



## श्वेता तिवारी के साथ डेटिंग की अफवाहों पर बोले फहमान

फहमान खान टीवी के लोकप्रिय अभिनेता हैं। फहमान को इमली शो से अधिक लोकप्रियता हासिल हुई थी। अब हाल ही में, अभिनेता ने श्वेता तिवारी के साथ अपनी डेटिंग अफवाहों के बारे में खुलकर बात की है। फहमान ने खुलासा किया कि जब वे मेरे डैड की दुल्हन शो में साथ काम कर रहे थे, तब उनके रिश्ते की अफवाहों ने सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके बीच बहुत अच्छा रिश्ता था, लेकिन उन्होंने डेटिंग की अफवाहों को खारिज कर दिया। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। एक साक्षात्कार में फहमान ने कहा, मेरे हर शो में अफवाह आती है यार। मैं तो उनको गुरु जी बुलाता था और वह मुझे सखी बुलाती थीं क्योंकि मैं उस शो में उनका दोस्त था। वह जो भी महसूस करती थीं, उसके बारे में मुझसे बात करती थीं। हमारे बीच बहुत अच्छा रिश्ता था।

इंटरव्यू में आगे पूछा गया कि क्या अभिनेता ने उस दौरान श्वेता तिवारी से बचने की कोशिश की थी क्योंकि वह तलाक से गुजर रही थीं। इस पर फहमान ने कहा, हम जानते हैं कि हम कैसे जुड़े थे, हम कैसे साथ रहे और हमारा रिश्ता कैसा था। अगर छिपाने के लिए कुछ होता, तो समस्या होती। जब आप सच में किसी रिश्ते में होते हैं और लोग नोटिस करते हैं, तो आप थोड़े अलर्ट हो जाते हैं कि लोगों को पता चल सकता है, लेकिन अगर ऐसा कुछ नहीं है, तो आपको अलर्ट होने की जरूरत नहीं है। फहमान ने खुलासा किया कि उनकी डेटिंग की अफवाहों ने पहली बार सुर्खियां तब बटोरीं जब वह लॉकडाउन के दौरान श्वेता से मिलने गए थे। अभिनेता ने कहा, एक अफवाह उड़ी क्योंकि मैं कोविड के दौरान उनसे बिल्डिंग के नीचे मिला था, और किसी ने यह अफवाह फैला दी कि अगर आप कोविड के दौरान किसी से मिल रहे हैं, तो इसका मतलब केवल एक ही हो सकता है। हमने इसके बारे में बात करने की भी जहमत नहीं उठाई। हम इस पर खूब हंसे और उसके बाद जब भी मैं किसी सह-अभिनेता के साथ काम करता हूं, तो हमेशा लिंक-अप की अफवाह उड़ती है।





# यशराज की अल्फा का हिस्सा बन उत्साहित हैं शरवरी

शरवरी वाघ धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपना मुकाम बनाने की ओर बढ़ रही हैं। उन्हें दर्शकों और फिल्म आलोचकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। हाल में ही उनकी फिल्म मुंजा रिलीज हुई है। इस फिल्म में भी उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई है। आज हर कोई उनके बारे में बात कर रहा है। इस फिल्म के बाद से अभिनेत्री की लोकप्रियता राष्ट्रीय स्तर पर काफी बढ़ी है। अब वह जल्द ही आलिया भट्ट के साथ यशराज की एक जासूसी पर आधारित फिल्म में नजर आने वाली हैं। हाल में ही निर्माताओं द्वारा एक वीडियो क्लिप जारी कर इसका नाम अल्फा बताया है। इस वक्त शरवरी फिल्म में अपनी भूमिका को लेकर तैयारियों में जुटी हैं। हाल में ही उन्होंने इस स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने को लेकर बात की है। यशराज की जासूसी पर आधारित इस फिल्म में शरवरी और आलिया भट्ट नजर आने वाली हैं। इस बीच उन्होंने आलिया भट्ट और यशराज बैनर के साथ काम करने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यशराज के इतने बड़े स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अपने आप में एक अविश्वसनीय अहसास है। हालांकि, वह इससे अपने ऊपर दबाव नहीं आने देतीं। वह इससे जुड़ने को लेकर हर पहलू का पूरा आनंद ले रही हैं। उन्होंने इस अवसर के लिए खुद को ऊर्जा से भरपूर और अत्याधिक उत्साहित बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह आलिया के साथ काम करने को लेकर काफी रोमांचित हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं सेट पर आने, आलिया से हर दिन सीखने और अपना किरदार अच्छे से निभाने को लेकर काफी उत्सुक हूं। मैं अपने ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं आने देना चाहती, क्योंकि दबाव की वजह से मैं मजे नहीं कर पाऊंगी और मैं ऐसा नहीं चाहती। सच कहूं तो इस यूनिवर्स का हिस्सा बनना, वो भी उनके साथ, जो मेरे आदर्श हैं, एक सपने के सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ को अपना आदर्श मानती हूं। अभिनेत्री ने आगे जोड़ते हुए कहा कि इस फिल्म में काम करना उनके लिए एक बेहद खास अनुभव है।

बात करें शरवरी के वर्क फ्रंट की तो हाल में ही वह हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंज्या में नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय की काफी सराहना भी हुई थी। इसके अलावा वह महाराज में जुनैद खान और जयदीप अहलावत के साथ नजर आई थीं। इस फिल्म को सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने निर्देशित किया था। इसके अलावा उनकी एक और फिल्म वेदा जल्द ही रिलीज होने वाली है। यह एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें वह अभिनेता जॉन अब्राहम के साथ दिखाई देंगी। फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

## विजय की दलपति 69 से जुड़ा कमल हासन का नाम

साउथ सुपरस्टार विजय अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गोट- ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वे अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। राजनीति में पूरी तरह से प्रवेश करने से पहले दलपति 69 अभिनेता के करियर की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक से जुड़ी जानकारी सामने आई थी। सोशल मीडिया पर अभिनेता की फिल्म को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि दलपति 69 का निर्देशन एच विनोत करेंगे। वहीं अब खबर है कि एक और सुपरस्टार का नाम इस फिल्म से जुड़ गया है, वह कोई और नहीं, बल्कि कमल हासन हैं। खबर है कि कमल हासन इस परियोजना में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस परियोजना पर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें हैं कि निर्देशक एच विनोत इस परियोजना को निर्देशित करने के लिए अभिनेता के साथ सहयोग करेंगे।





## नेशनल क्रश कहे जाने पर बोलीं तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी बैड न्यूज के साथ फिर दर्शकों के सामने हैं। उनके लिए ये फिल्म फिर एक बार गुड न्यूज लेकर आई है। क्रिटिक्स और ऑडियंस की ओर से एक्ट्रेस के स्किल्स को काफी सराहा जा रहा है। कला और एनिमल जैसी मूवीज से तृप्ति प्रशंसकों के दिलों पर राज कर रही हैं। रणबीर कपूर स्टारर एनिमल में एक्टिंग करने के बाद 2023 में तृप्ति के लिए सब कुछ पॉजिटिव रहा। उन्हें नेशनल क्रश का टैग दिया गया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस टैग के बारे में कैसा महसूस करती हैं, तो तृप्ति ने जवाब दिया, टैग से ज्यादा, यह प्यार है। यह अद्भुत लगता है, जैसा कि मैंने कहा है, जब भी आप कोई प्रोजेक्ट करते हैं, तो आप चाहते हैं कि लोग आपको देखें और आपको और किरदारों के नामों को याद रखें। जब ऐसा होता है, तो मुझे बहुत खुशी होती है। लोग मुझे बुलबुल या कला कहते हैं... अगर मैं कश्मीर जाती हूं, तो कोई मुझे मेरे नाम से नहीं बुलाता, वे कहते हैं लैला...

उन्होंने कहा, यह प्यार आपको बतौर एक्टर आपको आगे बढ़ने में मदद करता है। यह ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है, ताकि आप लोगों का विश्वास और दिल जीत सकें। 19 जुलाई को रिलीज हुई कॉमेडी फिल्म बैड न्यूज को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि कॉमेडी टफ फॉर्मेट है। दर्शकों को स्क्रीन पर जो मजेदार लगता है, उसे शूटिंग के दौरान बहुत सीरियस होकर एग्जीक्यूट करना होता है। एक एक्टर के रूप में, उन्हें लगता है कि इसमें सफल होना बहुत मुश्किल है। एक्ट्रेस ने कहा, यह मेरा पहली कॉमेडी फिल्म है, और मैं शुरू में बहुत नर्वस थी, पहली बार हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन एक्साइटेड भी थी। एक एक्टर के तौर पर मैं हमेशा अलग-अलग चीजें आजमाना चाहती हूं। उन्होंने कहा, अगर आप एक जैसे काम करते रहेंगे, तो आपको अपना कंफर्ट जोन मिल जाएगा। अगर आप अपने कंफर्ट जोन में हैं, तो आगे बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं है।



## कंगुवा में एक या दो नहीं बल्कि तीन अवतारों में नजर आएंगे सूर्या

साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्माता पहले ही इस फिल्म का टीजर जारी कर चुके हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया था। वहीं, अब दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाली एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म में सूर्या के किरदार से जुड़ी हुई है। फिल्म की रिलीज से पहले सूर्या के किरदार का खुलासा हो चुका है। फिल्म में सूर्या एक या दो नहीं, बल्कि तीन अवतारों में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या कांगुवा में तीन अलग-अलग लुक में नजर आएंगे। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता ने काफी बदलाव किए हैं। प्रत्येक किरदार का लुक अलग होगा, जो पहले कभी नहीं देखा गया है और यह फिल्म की कहानी में एक अलग तरह की जिज्ञासा पैदा करेगा। कंगुवा को इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म माना जा रहा है। 350 करोड़ रुपये से ज्यादा के अनुमानित बजट के साथ यह पुष्पा, सिंघम और कई अन्य बड़ी फिल्मों से बड़ी होने का दावा कर रही है। इसके अलावा इस फिल्म की शूटिंग भारत के विभिन्न महाद्वीपों के सात अलग-अलग देशों में की गई है। इससे पहले गुरुवार, 27 जून को कंगुवा के निर्माताओं ने अपनी प्रत्याशित फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा किया था। कंगुवा इस साल दशहरा के त्यौहार के दौरान दुनिया भर में रिलीज होगी।

## तब्बू ने किया खुलासा साथिया के बाद शाहरुख के साथ क्यों नहीं कीं फिल्में?

बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू इन दिनों हॉलीवुड की फिल्म ड्यून- द प्रोफेसी के टीजर में अपनी उपस्थिति के कारण सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के साथ अपनी आगामी फिल्म औरों में कहां दम था के प्रचार में भी व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया है। इस बीच अब तब्बू ने 2002 की फिल्म साथिया में काम करने के बाद फिर से शाहरुख खान के साथ किसी भी फिल्म के लिए काम न करने के बारे में खुलकर बात की। पहली बार तब्बू ने शाद अली द्वारा निर्देशित फिल्म साथिया में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया था। इसके साथ फिर ओम शांति ओम के एक गाने में शाहरुख और तब्बू को बड़े पर्दे पर साथ देखा गया। हाल ही में अभिनेत्री ने शाहरुख खान के साथ किसी प्रोजेक्ट पर फिर से काम करने के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं कोई निर्माता नहीं हूं, मैं कोई निर्देशक नहीं हूं, मैं कोई स्क्रिप्ट राइटर नहीं हूं, मैं वाकई यह तय नहीं कर रही हूं कि शाहरुख खान किसके साथ काम करेंगे। ठीक है? कौन सी फिल्में बनने जा रही हैं और मुझे आगे कौन सी फिल्में ऑफर की जाने वाली हैं। मैं सिर्फ उसी के आधार पर हां या ना कह सकती हूं, जो मुझे ऑफर की जाती हैं।

### कई फिल्मों के ऑफर ठुकराए

अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने कई फिल्मों को मना कर दिया है, लेकिन उन्हें यकीन है कि शाहरुख ने भी ऐसा ही किया होगा। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मैंने क्या मना किया है और मुझे यकीन है कि उन्होंने भी कुछ मना किया होगा। ऐसा कुछ हुआ नहीं कि हमारे रास्ते एक दूसरे से टकरा गए, लेकिन मुझे इस तथ्य का सम्मान करना चाहिए कि बहुत से लोग मुझे और शाहरुख को एक साथ देखना चाहते हैं, मैं इस बात को नजरअंदाज नहीं करूंगी।





# काम मांगने के लिए कभी मिन्नतें नहीं करनी पड़ी

**पंजाबी इंडस्ट्री में सिंगर-एक्टर एमी विर्क को तकरीबन 20 साल होने आए, मगर बॉलिवुड में जब उन्होंने भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया और 83 जैसी फिल्मों में काम किया तो अपने निशान छोड़े। अब वो अपकमिंग फिल्म बैड न्यूज में हीरो के रूप में नजर आएंगे। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी जैसे साथी कलाकारों से सजी एमी अपनी इस फिल्म में कॉमिडी के रंग में रंगे हैं। उनसे एक खास बातचीत।**

**आज पंजाबी संगीत क्षेत्रीय स्तर से बॉलिवुड ही नहीं दुनिया भर में छा गया है, इसका श्रेय आप किसे देंगे?**

हां, ये सच है और इसकी शुरुआत हुई थी सिद्धू मूसेवाला, दिलजीत पाजी (दिलजीत दोसांझ), एपी ढिल्लों, करण औजला जैसे गायकों से। संगीत के क्षेत्र में मेरे और भी 5-7 छोटे भाई होंगे, जिन्होंने म्यूजिक के लिए अच्छा काम किया है और ये तमाम लोग म्यूजिक को इंटरनैशनल लेवल पर ले गए हैं। गोरे हों या काले सभी विदेशियों ने हमारे गाने सुने और उस पर रैप बनाए। अंतरराष्ट्रीय तौर पर बड़ी -बड़ी कोलैब्रेशंस भी हुई हैं, जैसे हाल ही में दिलजीत पाजी और सिया (अंतरराष्ट्रीय सिंगर) का गाना आया। किंग और निक जोनस का सॉन्ग भी खूब चाला। एपी ढिल्लों और करण औजला के गाने दुनियाभर में पसंद किए जा रहे हैं। जैसे अभी हमारी ही फिल्म बैड न्यूज का करण औजला का गाया तौबा तौबा गाना बहुत चल रहा है। मुझे लगता है कि पंजाबी म्यूजिक सदाबहार है।

**आपके करियर की बात करूं, तो सुना है कि आपको काफी संघर्ष करना पड़ा? क्या आपको रिजेक्ट होना पड़ा?**

सच कहूं, तो मुझे संघर्ष लफ्ज से आपत्ति है। ये मुझे दो नंबरी वर्ड लगता है। मुझ पर ऊपर वाले की मेहरबानी रही कि मुझे अपने पहले गाने से लेकर आज तक कोई स्ट्रगल नहीं करना पड़ा। मेहनत मुझे काफी करनी पड़ी है, मगर मुझे काम मांगने के लिए कभी मिन्नतें नहीं करनी पड़ीं। पंजाब हो या बॉलिवुड, मेरे सभी बड़े-छोटे भाइयों ने मुझे प्यार से काम दिया है। जहां तक रिजेक्शन की बात है, तो आज से 5-6 साल पहले मुझे मुंबई से कुछ म्यूजिक डायरेक्टर में गाने भेजने के लिए कहा था, मैंने भेजे, मगर बाद में मैंने देखा कि उन गानों को जगह नहीं दी गई। मैंने कुछ किरदारों के लिए ऑडिशन भी दिए, मगर मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ। कई बार ऑडियंस भी आपको नकार देती है। मगर मैं मानता हूं कि रिजेक्शन कलाकार को बेहतर बनाता है।

**एक समय था जब सरदारों को फिल्मों में स्टीरियोटाइप या कॉमिडी में ही इस्तेमाल किया जाता था, उन पर जोक्स बनते थे, मगर क्या आप मानते हैं कि अब वो स्थिति बदल रही है?**

हमारे यहां दिलजीत पाजी, सतिंदर सरताज, रणजीत बावा और मेरे जैसे कई कलाकार हैं, जो पगड़ी बांधकर खुद को रिप्रेजेंट करते हैं। लोग कहते हैं कि आप पगड़ी को इंटरनैशनली ले गए हैं, तो मैं उल्टा कहता हूं कि पगड़ी के कारण ही हम यहां तक पहुंचे हैं। पगड़ी हमें यहां तक लाई है। अब जैसे मेरी पगड़ी नहीं होती, तो मैं इस फिल्म का हिस्सा नहीं होता। जैसे 83 की पूरी टीम थी, जिसमें मैं अकेला सरदार था। फिल्म में मैंने बलविंदर सिंह संधू का रोल किया था। पहले हमारा मजाक उड़ाया जाता था, मगर मेरे भाइयों ने वो स्टीरियोटाइप तोड़ा।

**पंजाबी इंडस्ट्री में आपने अपने करियर की शुरुआत इंटेंस और नकारात्मक भूमिकाओं से की, आपके लिए बैड न्यूज में कॉमिडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

हर एक्टर कॉमिडी करना चाहता है। पंजाबी इंडस्ट्री में आम तौर पर कॉमिडी फिल्में बनती हैं। वहां की ऑडियंस पारिवारिक फिल्मों के रूप में रॉम-कॉम देखना पसंद करते हैं, तो पंजाबी एक्टर्स का कॉमिडी में हाथ अच्छा ही होता है। आजकल की स्ट्रेसफुल लाइफ में जिंदगी हो या फिल्में कॉमिडी जरूरी हो जाती है, तो मैंने कॉमिडी को खूब इंजॉय किया।

**हाल ही में चमकीला फिल्म में अमर सिंह चमकीला को सरेआम गोली मारने की कहानी आई, सिद्धू मूसेवाला को भी सरे आम कत्ल कर दिया गया. इन हादसों को आप कैसे देखते हैं?**

देखिए, ये हादसे तो निंदनीय हैं। होने ही नहीं चाहिए, मगर इस तरह की चीजें आपको हर क्षेत्र में मिल जाएंगी। जहां तक सिद्धू और चमकीला की बात है, तो उसमें बीच में काफी एलिमेंट्स थे। मैं समझता हूं कि दो पक्षों के बीच कितना भी मतभेद क्यों न हो, मगर हिंसा उसका सल्यूशन नहीं हो सकती। अगर रब ने किसी को पैदा किया है, तो उसकी जान लेने का हक किसी को नहीं है।




## कॉलेज पासआउट दो से में एक युवा के पास रोजगार के लिए जरूरी योग्यता नहीं, सर्वे में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक सर्वे के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या का 65 प्रतिशत 35 वर्ष से कम उम्र का है, लेकिन उमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। अनुमान बताते हैं कि लगभग 51.25 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य माने जाते हैं। दूसरे शब्दों में इसका मतलब है कि सीधे कॉलेज से बाहर आने वाले लगभग दो में से एक युवा अब भी आसानी से रोजगार के योग्य नहीं है। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पिछले दशक में स्किल्ड युवाओं का प्रतिशत लगभग 34 प्रतिशत से बढ़कर 51.3 प्रतिशत हो गया है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बताया कि भारत में शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की स्थिति पर एनएसएसओ, 2011-12 (68वें दौर) की रिपोर्ट के अनुसार, 15-59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में लगभग 2.2 प्रतिशत ने औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वहीं, 8.6 प्रतिशत ने गैर-औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आर्थिक सर्वे के अनुसार देश में बढ़ते मानव संसाधन को काम मुहैया कराने के लिए गैर कृषि क्षेत्र में 2030 तक सालाना 78.5 लाख रोजगार सृजन करने की जरूरत है। सर्वे में कहा गया है कि कामकाज की उम्र का हर व्यक्ति नौकरी ही नहीं करेगा। उनमें से कुछ स्वरोजगार भी करेंगे और कुछ लोग नियोक्ता भी बनेंगे। सर्वे में कहा गया है कि देश का आर्थिक विकास नौकरियों से ज्यादा लोगों को आजीविका मुहैया कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। सभी स्तर के सरकारों और निजी क्षेत्र को भी इस में योगदान देना होगा। आर्थिक सर्वे के अनुसार कृषि क्षेत्र का श्रम बल जो 2023 में 45.8 प्रतिशत है वह 2047 तक धीरे-धीरे घटकर 25 प्रतिशत पर पहुंच सकता है। इसलिए 2030 तक हमें गैर कृषि क्षेत्र में सालाना करीब 78.5 लाख रोजगार मुहैया कराने होंगे। सर्वे के अनुसार 78.5 रोजगार सृजन का लक्ष्य पीएलआई (5 साल में 60 लाख रोजगार), मित्र टेक्सटाइल स्कीम (20 लाख रोजगार) और मुद्रा योजनाओं के क्रियान्वयन से हासिल किए जा सकते हैं।

## फाइनेंस फर्मों के साथ-साथ इन्फ्रा और ऑटो कंपनियों को हो सकता है फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट मंगलवार 23 जुलाई को पेश होगा। सरकार से व्यक्तिगत टैक्स को कम करके या कंज्यूमर-सेंटर्ड क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाकर एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में खपत को बढ़ावा देने की उम्मीद है। रायटर्स के मुताबिक ब्रोकरेज फर्मों ने कहा कि इससे कंज्यूमर्स गुड्स मेकर्स, रियल एस्टेट और हाउसिंग फाइनेंस फर्मों के साथ-साथ इन्फ्रा और ऑटो कंपनियों को फायदा हो सकता है, लेकिन कुछ क्षेत्रों को नुकसान भी हो सकता है। सिटी के मुताबिक सरकार द्वारा खपत को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित किए जाने की उम्मीद है। इससे हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी एफएमसीजी कंपनियों और टीवीएस मोटर व हीरो मोटोकॉर्प जैसी दोपहिया वाहन निर्माताओं को फायदा मिल सकता है।

# महंगा होगा चावल, एक्सपोर्ट में राहत देने की तैयारी में मोदी सरकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं के लिए चावल महंगी कीमत पर मिल सकता है क्योंकि मोदी सरकार एक्सपोर्ट में राहत देने की तैयारी कर रही है। दरअसल, वरिष्ठ मंत्रियों की एक समिति चावल की कुछ किस्मों पर लगे प्रतिबंध की समीक्षा की जरूरत पर विचार कर रही है। अगर बैन हटा तो फिर चावल की कीमत में बढ़ौतरी होना तय है। वहीं, आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल जुलाई-अगस्त में चावल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों से बासमती की तुलना में गैर-बासमती चावल पर ज्यादा असर पड़ा है।



### खुले बाजार में चावल बेचना शुरू करने जा रही सरकार

सूत्रों ने कहा कि समिति जल्द ही चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंधों में ढील देने को लेकर दिए गए सुझावों पर विचार करेगी, क्योंकि इसका केंद्रीय पूल में भंडार जरूरत से ज्यादा हो गया है। कुछ पर्यवेक्षकों का मानना है कि समिति प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला खरीफ में धान की बोआई की स्थितिसाफ होने तक के लिए टाल सकती है। अगले महीने से केंद्र सरकार खुले बाजार में चावल बेचना शुरू करने जा रही है। केंद्र ने राज्यों को बगैर किसी निविदा के उससे चावल खरीदने की अनुमति भी दे दी है इस चावल की बिक्री 28 रुपये किलो नियत भाव पर होगी। इस फैसले से कई राज्य, खासकर दक्षिण भारत के राज्य अपनी खाद्यान्न योजना फिर से शुरू कर सकेंगे।

इस बात की भी संभावना है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का अतिरिक्त चावल एथनॉल बनाने के लिए भी दिया जाए, जो पिछले कुछ महीने से रुका हुआ है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि अनाज से एथनॉल बनाने वाले सरकार पर (ओएमसी) द्वारा एथनॉल की एफसीआई के गोदामों से सस्ते खरीद दर में वृद्धि करने की मांग की चावल की आपूर्ति बहाल करने की थी मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि ऐसा न होने से उनके संयंत्र बंद हो जाने खतरा है। उनका कहना है कि पिछले 6 महीने में खुले बाजार में टूटे चावल की कीमत औसतन 22 से 24 रुपये किलो से बढ़कर 27 से 29 रुपये किलो हो गई है। मक्के की कीमत भी औसत 22 से 23 रुपये किलो से बढ़कर 26 से 27 रुपये किलो पहुंच गई है। इस कीमत पर भी आपूर्ति सीमित है। ग्रेन एथनॉल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (जीईएमए) ने हाल ही में केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर एफसीआई के अतिरिक्त चावल की आपूर्ति बहाल करने या तेल विपणन कंपनियों (ओपीएस) द्वारा एथनॉल की खरीद दर में वृद्धि करने की मांग थी। सेंट्रल पूल में 1 जुलाई को चावल का स्टॉक करीब 563.1 लाख टन (धान सहित) था, जो पिछले साल की समान अवधि के स्टॉक की तुलना में करीब 16 प्रतिशत ज्यादा है। साथ ही मौजूदा स्टॉक, बफर स्टॉक के मानकों से उल्लेखनीय रूप से अधिक है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रियों की समिति बासमती के न्यूनतम निर्यात मूल्य को मौजूदा 950 डॉलर से घटाकर 850 डॉलर करने पर भी विचार कर सकती है। इसके अलावा कुछ रॉ राइस को 500 डॉलर प्रति टन के हिसाब से निर्यात की अनुमति मिल सकती है, साथ ही प्रीमियम चावल की किस्मों जैसे सोना मसूरी और गोविंद भोग के निर्यात की भी अनुमति मिल सकती है।

## जॉब रिजर्वेशन विवाद में बैकफुट पर फोनपे के मालिक, बिना शर्त मांगी माफी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक में अटके पड़े नौकरी आरक्षण विधेयक पर अपनी टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बीच फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी कंपनी फोनपे के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और फाउंडर समीर निगम ने रविवार को बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने कहा कि उनका कभी भी राज्य और उसके लोगों का अपमान करने का इरादा नहीं था। बता दें कि हाल ही में एक बयान के कारण फोनपे को सोशल मीडिया पर आलोचना और बहिष्कार का सामना करना पड़ा था। दरअसल, निगम ने कर्नाटक सरकार के नौकरियों के लिए कोटा विधेयक की आलोचना की थी। इसमें मूल रूप से प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव था। यह प्रस्ताव फिलहाल निलंबित कर दिया गया है।

### कंपनी ने क्या कहा?

रविवार को एक बयान जारी करते हुए समीर निगम ने कहा कि फोनपे का जन्म बेंगलुरु में हुआ था और टीम को ऐसे शहर में अपनी जड़ों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, जो अपनी ग्लोबल टेक्नोलॉजी टैलेंट और वाइब्रेंट डायवर्सिटी के लिए जाना जाता है। निगम ने कहा, मैंने हाल ही में मीडिया में कुछ रिपोर्ट्स पढ़े हैं, जिनमें मैंने पिछले सप्ताह नौकरी आरक्षण विधेयक मसौदे के बारे में कुछ व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। मैं सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि कर्नाटक और उसके लोगों का अपमान करने का मेरा कभी इरादा नहीं था।

## 130 रुपये के शेयर ने पहले ही दिन दोगुना किया पैसा, 90 प्रतिशत फायदे पर लिस्टिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सती पॉली प्लास्ट की शेयर बाजार में जबरदस्त लिस्टिंग हुई है। सती पॉली प्लास्ट के शेयर 90 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 247 रुपये पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओ में सती पॉली प्लास्ट के शेयर का दाम 130 रुपये था। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 12 जुलाई 2024 को खुला था और यह 16 जुलाई तक ओपन रहा। सती पॉली प्लास्ट के पब्लिक इश्यू का टोटल साइज 17.36 करोड़ रुपये का था।

### शानदार लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

धमाकेदार लिस्टिंग के ठीक बाद सती पॉली प्लास्ट के शेयर 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 259.35 रुपये पर पहुंच गए हैं। जिन इनवेस्टर्स को आईपीओ में कंपनी के शेयर अलॉट हुए हैं, उनका पैसा पहले ही दिन दोगुना हो गया है। आईपीओ से पहले कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 86.30 पर्सेंट थी, जो कि अब 63 पर्सेंट रह गई है। सती पॉली प्लास्ट की शुरुआत जुलाई 1999 में हुई थी। कंपनी मल्टीफंक्शनल फ्लेक्सिबल पैकेजिंग मैटीरियल्स की मैन्युफैक्चरिंग करती है। सती पॉली प्लास्ट की 2 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स हैं। एक प्लांट की हर महीने की कैपेसिटी 540 टन है। दूसरा प्लांट नोएडा के उद्योग केंद्र में है और इसकी कैपेसिटी भी महीने की 540 टन की है। कंपनी अपने पैकेजिंग मैटीरियल की सप्लाई असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और राजस्थान में करती है। सती पॉली प्लास्ट का आईपीओ टोटल 499.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 670.62 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स का कोटा 569.52 गुना सब्सक्राइब हुआ। जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 146 गुना दांव लगा। सती पॉली प्लास्ट के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स सिर्फ 1 लॉट के लिए अप्लाई कर सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 1000 शेयर हैं। यानी, रिटेल इनवेस्टर्स को 130000 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

## 1 से बढ़कर 110 पर आया टाटा का शेयर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) (टीटीएमएल) के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 8 प्रतिशत तक चढ़कर 110 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। बता दें कि पिछले कई 5 कारोबारी दिन से टाटा ग्रुप के इस शेयर में रॉकेट की स्पीड है। पांच दिन में यह शेयर करीबन 50 प्रतिशत तक चढ़ गया है। इससे पहले शुक्रवार के इंट्रा-डे कारोबार में बीएसई पर यह शेयर 14 फीसदी की बढ़त के साथ 20 महीने के उच्चतम स्तर 111.48 रुपये पर पहुंच गया था। आपको बता दें कि टीटीएमएल के शेयर में लगातार मुनाफावसूली हो रही थी और यह शेयर 70 रुपये से नीचे पहुंच गया था। इसका 52 वीक का लो प्राइस 65.29 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 20,999.83 करोड़ रुपये है। बता दें कि 27 मार्च 2020 को इस शेयर की कीमत 1 रुपये थी। यानी अब तक यह शेयर 10,900 प्रतिशत चढ़ गया है।

### कंपनी का कारोबार

टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड अपनी सहायक कंपनी टीटीएमएल (टाटा टेलीसर्विसेज) के साथ एंटरप्राइज क्षेत्र में बढ़ती बाजार प्रमुख है। यह टाटा टेली बिजनेस सर्विसेज (टीटीबीएस) ब्रांड नाम के तहत देश में व्यवसायों के लिए कनेक्टिविटी, सहयोग, क्लाउड और सास, सुरक्षा और मार्केटिंग सॉल्यूशंस का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रोवाइडर है। टाटा टेलीसर्विसेज के पास व्यापक, उच्च गुणवत्ता और मजबूत वायरलाइन नेटवर्क है और यह भारत भर के 60 से अधिक शहरों में अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

### 24 जुलाई को है बोर्ड मीटिंग

हाल ही में एक एक्सचेंज फाइलिंग में टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि कंपनी के बोर्ड मेंबर की एक बैठक बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को होने वाली है। इसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। वहीं, बुधवार, 17 जुलाई को टीटीएमएल ने कहा कि टाटा टेली बिजनेस सर्विसेज (टीटीबीएस) के एक नए रिसर्च के अनुसार, भारत के बढ़ते डिजिटल त्वरण से प्रेरित होकर, छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त के लिए तेजी से क्लाउड का लाभ उठा रहे हैं। देश भर में 58 प्रतिशत एसएमई का मानना है कि उनके पास उच्च स्तर की डिजिटल परिपक्वता है ।

## 5 शेयर करेंगे मालामाल! अभी दांव लगाने से 3 से 4 वीक में ही हो जाएगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार बेंचमार्क निफ्टी 50 में पिछले सप्ताह 0.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे लगातार सातवें सप्ताह में तेजी देखी गई। शुक्रवार के बंद (19 जुलाई) तक बेंचमार्क इंडेक्स इस साल 13 फीसदी चढ़ा है। इस बीच, कई एनालिस्ट्स का मानना है कि बाजार के हाई वैल्यूएशन और मौजूदा आय सेशन की वजह से छोटी अवधि में कुछ उतार-चढ़ाव आ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अनिश्चितता और फेड रेट कट से भी बाजार का रुख बदल सकता है। निवेशकों को केंद्रीय बजट 2024 का इंतजार है, जिसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को पेश करेंगी। बाजार को उम्मीद है कि बजट वृद्धि समर्थक होगा और कुछ लोकलुभावन उपायों के साथ राजकोषीय विवेक पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। एक्सपर्ट के मुताबिक, बाजार की दिशा आगामी बजट नतीजों से तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अगर बजट उम्मीद पर खरा उतरता है तो यह बाजार में अधिक स्थिरता प्रदान करेगा। ऐसे में एनालिस्ट निवेशकों को सतर्क रहने और क्वालिटी शेयरों पर दांव लगाने की सलाह देते हैं। छोटी अवधि के लिए वे उन शेयरों को खरीदने की सलाह देते हैं जो टेक्निकल इंडिकेटर पर आकर्षक दिखाई देते हैं। कई एक्सपर्ट्स की सलाह के आधार पर आपको हम 5 ऐसे शेयरों के बारे में बता रहे हैं, जो अगले 3-4 हफ्तों में 10-18 पर्सेंट चढ़ सकते हैं। जिगर एस. पटेल, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स टाइटन कंपनी को लेकर पॉजिटिव हैं। एनालिस्ट का मानना है कि निवेशक टाइटन के शेयरों को 3,235-3,265 रेंज के भीतर खरीदने पर विचार कर सकते हैं। 3,575 के टारगेट प्राइस तक संभावित तेजी की उम्मीद की जा सकती है। स्टॉप लॉस 3,090 पर रख सकते हैं। एनालिस्ट के मुताबिक, टेक्निकल इंडिकेटर्स को ध्यान में रखते हुए बजाज फिनसर्व में 1,620-1,645 रुपये के दायरे में लॉन्ग पोजिशन शुरू करना समझदारी भरा लगता है। इस एंट्री रेंज से 1,800 का टारगेट प्राइस हो सकता है।

## स्पेसेस बाय वेलस्पन ने दिखाई भोपाल की बेस्ट डीलरशिप्स

**भोपाल ।** स्पेसेस बाय वेलस्पन ने भोपाल में स्थित अपने शीर्ष डीलरशिप स्टोर्स दानवी इंटरप्राइजेस (शेड्स एंड स्प्रेड्स) को मिली शानदार पहचान का जोरदार स्वागत किया। यह सम्मान दानवी इंटरप्राइजेस (शेड्स एंड स्प्रेड्स) के शानदार प्रदर्शन और अटूट समर्पण को दिखाता है। यह डालरशिप्स स्पेसेस ब्रांड के एक अभिन्न अंग रहा है जिसने असाधारण प्रतिबद्धता और वफादारी का प्रदर्शन किया हैए जिसने वास्तव में ब्रांड की सफलता और विकास को आगे बढ़ाया है। प्रीमियम होम टेक्सटाइल केटेगरी में एक मार्केट लीडर, स्पेसेस बाय वेलस्पन, इनोवेटिव और प्रीमियम प्रोडक्ट की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो स्टाइल और फंक्शन दोनों पर ध्यान केंद्रित करती है।

# बजट के पहले सोने-चांदी के दाम गिरे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बजट के पहले कमोडिटी बाजार में भी सुस्ती दिखाई दे रही है। आज सोने में हल्की तेजी तो चांदी में गिरावट नजर आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले सत्र में सोना 50 डॉलर टूटकर 2400 डॉलर पर तो चांदी 3 प्रतिशत लुढ़ककर 29.30 डॉलर के नीचे आ गई थी। घरेलू बाजार में भी सोने में 1,200 रुपए और चांदी में 2,100 रुपए की भारी गिरावट आई थी। आज भी बाजार थोड़े कमजोर ही नजर आए।

भारतीय वायदा बाजार पर सोना 71 रुपए (0.1 प्रतिशत) की तेजी के साथ 73,061 रुपए प्रति 10 ग्राम पर चल रहा था। शुक्रवार को 72,990 पर बंद हुआ था। वैसे गोल्ड आज 73,184 के भाव पर खुला था। आज चांदी भी खुली तो हरे निशान में थी लेकिन इसके बाद इसमें 278 अंकों की गिरावट दर्ज हो रही थी और ये 89,368 रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास चल रही थी। पिछले कारोबारी सत्र में ये 89,646 रुपए पर बंद हुई थी।



### अंतरराष्टीय बाजार में भी गिरा सोना

अंतरराष्टीय बाजार में सोना 2 फीसदी से ज्यादा गिरा है। इस हफ्ते सोना अपने ऑल टाइम हाई पर गया था। सितंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं से बाजार में तेजी बनी हुई थी लेकिन ऊपरी स्तरों से प्रॉफिटबुकिंग आने के चलते यूएस स्पॉट गोल्ड 1.9 प्रतिशत गिरकर 2,399.27 प्रति औंस पर आ गया और यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 2.3 प्रतिशत गिरकर 2,399.10 प्रति औंस पर गया।

### सर्राफा बाजार में भी लुढ़के सोना-चांदी

आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 750 रुपए की गिरावट के साथ 75,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ सोने में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लग गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 76,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपए घटकर 75,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। गुरुवार को यह 76,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपए टूटकर 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में 94,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर रही थी। सोने की कीमतों में गिरावट का कारण वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और देश में आभूषण विक्रेताओं की मांग में आई गिरावट रही।

## स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड ने पैसालो डिजिटल में बड़ा निवेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (बीएसईः 511700), एक अग्रणी एनबीएफसी जो वैकल्पिक वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है और सभी के लिए वित्तीय पहुंच और विकास को बढ़ावा देती है, यह घोषणा की कि एससीएमएल ने पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ हाथ मिलाया है। पैसालो डिजिटल ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी है।

यह निवेश एससीएमएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो वित्तीय अंतर को पाटने और कम सेवा वाले क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नवीन समाधानों को उन्नत करता है। एससीएमएल का निवेश पैसालो डिजिटल को अपनी पहुंच और प्रभाव का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा, जिससे अधिक ग्रामीण समुदायों को आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान की जा सकेगी।

प्रौद्योगिकी और नवाचार में एससीएमएल की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, पैसालो डिजिटल अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाएगा, जिससे सेवा वितरण सुचारू और कुशल होगा। इस सहयोग में संभावित रूप से अधिक लक्षित और प्रतिस्पर्धी उत्पादों की पेशकश भी शामिल है, जिसमें उधारकर्ताओं के लिए अधिक लचीले ऋृण मानदंड शामिल हैं। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राम गोपाल जिंदल ने साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम ग्रामीण भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उनके मिशन में पैसालो डिजिटल लिमिटेड के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। यह निवेश वित्तीय समावेशन के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

जो सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को प्रेरित करता है।

## एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लि. ने एएलएम फूड प्रोडक्ट्स के साथ फेसिलिटी समझौता किया

**मुंबई ।** एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई : 543929, एनएसई : एचएमए एग्रो), प्रसंस्कृत खाद्य और कृषि उत्पादों में अग्रणी, ने घोषणा की है कि बफेलो मीट के लिए उसने एएलएम फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (एएलएम फूड), पंजाब और एएलएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएलएम), सहारनपुर के साथ प्रसंस्करण, फ्रीजिंग और पैकेजिंग की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए सुविधा (फेसिलिटी) समझौते किए हैं। इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और के लिए अपनी आय की घोषणा की थी। 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने अपने कुल राजस्व में 49न्न की वृद्धि दर्ज की, जो रु. 32,560.91 मिलियन (वित्त वर्ष 23) से बढ़कर रु. 48,618.72 मिलियन (वित्त वर्ष 24) हो गई। प्रभावशाली राजस्व वृद्धि के बावजूद, कंपनी के लाभ मार्जिन में गिरावट आई। यह गिरावट कच्चे माल की घरेलू कीमतों में वृद्धि और लाल सागर संकट के प्रभाव के कारण हुई है। हालांकि, प्रबंधन भविष्य के प्रति आशावादी है और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में स्थिरता आने पर लाभ मार्जिन में सुधार की उम्मीद कर रहा है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक खाद्य व्यापार संगठन के रूप में कार्य करती है। कंपनी जमे हुए ताजा भैंस के मांस, तैयार और जमे हुए प्राकृतिक उत्पाद, फल, सब्जियां और अनाज सहित प्रसंस्कृत खाद्य और कृषि उत्पाद प्रदान करती है। एचएमए एग्रो इंडस्ट्रीज दुनिया भर के ग्राहकों की सेवा करती है। कंपनी की उत्पादन क्षमता प्रति दिन 1,472 मीट्रिक टन है। कंपनी की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा आगरा, उन्नाव, पंजाब, अलीगढ़, मेवात और परभनी में 6 शहरों में फैली हुई है। इसमें पूर्ण स्वचालन के साथ विनिर्माण और खुदरा बिक्री के लिए पूरी तरह से एकीकृत बुनियादी ढांचा है।

# पेरिस ओलिंपिक से पहले श्रीजेश का ऐलान

## इस टूर्नामेंट के बाद ले लेंगे रिटायरमेंट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर जहां 100 से अधिक भारतीय एथलीट पेरिस ओलिंपिक में मेडल जीतने की तैयारी में लगे हुए हैं तो दूसरी ओर हॉकी फैंस को बड़ा झटका लगा है।भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश ने सोमवार को घोषणा की कि पेरिस ओलिंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। 328 अंतरराष्ट्रीय मैच तीन ओलिंपिक, कई राष्ट्रमंडल खेल और विश्व कप जीतने वाले 36 वर्षीय श्रीजेश अपने चौथे ओलिंपिक खेलों में खेलेंगे।

इस महासमर का आगाज 26 जुलाई से शुरू होगा। हॉकी इंडिया से श्रीजेश ने कहा- जब मैं पेरिस में अपने अंतिम मिशन की तैयारी कर रहा हूं, तो मैं बहुत गर्व के साथ पीछे देखता हूं और उम्मीद के साथ आगे बढ़ता हूं। उन्होंने कहा- यह यात्रा असाधारण रही है और मैं अपने परिवार, साथियों, कोचों, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया से मिले प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद।

**पेरिस ओलिंपिक में मेडल का रंग बदलने का लक्ष्य** - उन्होंने आगे कहा- मेरे साथी मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। हम सभी यहां पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और निश्चित रूप से हमारी इच्छा अपने पदक का रंग बदलने की है। 2010 विश्व कप में डेब्यू करने वाले श्रीजेश भारत के लिए कई यादगार जीत का हिस्सा रहे हैं, जिसमें 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण और जकार्ता-पालेमबांग में 2018 एशियाड में कांस्य पदक शामिल है।

### गोल पोस्ट के आगे दीवार से कम नहीं

वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के अलावा भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल चैंपियन टीम में भी शामिल थे। गोल पोस्ट के आगे उन्हें छका पाना विपक्षी टीम के लिए सबसे मुश्किल टास्क रहा है। अब जब वह रिटायर होने जा रहे हैं तो टीम की पूरी कोशिश होगी कि गोल्ड मेडल जीतकर अपने साथी को विदाई दे।

## विराट कोहली के साथ रिश्तों पर बोले गौतम गंभीर, यह टीआरपी के लिए नहीं है

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को घोषणा की कि बल्लेबाजी के आधार स्तंभ विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह टीआरपी के लिए नहीं है। गंभीर और कोहली अच्छे दोस्त नहीं रहे हैं, यह बात आईपीएल में दोनों के बीच कई बार हुई झड़पों से स्पष्ट है। हालांकि, अब यह जोड़ी 27 जुलाई से श्रीलंका के टी20 और वनडे दौरे से एक साथ काम करेगी।



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में

# भारत की बादशाहत कायम

## इंग्लैंड ने विंडीज को हराकर बदला गेम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 (डब्ल्यूटीसी) का रोमांच चरम पर है। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को लगातार दूसरे मैच में हरा दिया है। पहले टेस्ट में पारी से हराया था, जबकि दूसरे मैच में 241 रनों से मात दी थी। इसके बाद आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टेबल की गणित बदल गई है।

### टेस्ट चैंपियनशिप में कैसे मिलते हैं पॉइंट

मैच जीतने पर 12 अंक दिए जाएंगे। मैच टाई होने पर 6, ड्रॉ होने पर 4 और हारने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। वहीं पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स की बात करें तो जीतने पर 100, टाई पर 50, ड्रॉ रहने पर 33.33 और हारने पर कोई पॉइंट्स नहीं मिलेगा। टीमों को पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स के आधार पर तय किया जाएगा।

### आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के टेबल की स्थिति

| टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | पेनल्टी | अंक | पीसीटी (प्रति.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 6 | 2 | 1 | 1 | 74 | 68.51 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | -2 | 90 | 62.50 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 3 | 3 | 0 | 0 | 36 | 50.00 |
| श्रीलंका | 4 | 2 | 2 | 0 | 0 | 24 | 50.00 |
| पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 0 | 22 | 36.66 |
| इंग्लैंड | 12 | 5 | 6 | 1 | 19 | 45 | 31.25 |
| साउथ अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 0 | 12 | 25.00 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 0 | 0 | 12 | 25.00 |
| वेस्टइंडीज | 6 | 1 | 4 | 1 | 0 | 16 | 22.22 |

57वां बील शतरंज रैपिड

## मार्टिरोसयान बने रैपिड के विजेता, प्रज्ञानन्दा को दूसरा स्थान

**बील, स्विट्जरलैंड (एजेंसी)।** बील शतरंज महोत्सव के 57वां संस्करण के रैपिड शतरंज में अर्मेनिया के हाइक मार्टिरोसयान ने कुल 10 राउंड में से 7 अंक बनाते हुए रैपिड का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के आर प्रज्ञानन्दा , जर्मनी के विंसेंट केमर और वियतनाम के लिएम क्वांग ली ने प्रत्येक 10 में से 5 अंक बनाए पर बेहतर टाई-ब्रेक के अनुसार वह क्रमशः दूसरे से चौथे स्थान पर रहे । प्रज्ञानन्दा के लिए रैपिड अच्छा नहीं बीता और वह केवल विन्सेंट केमर के खिलाफ जीत दर्ज कर सके उन्होंने और उन्हे एकमात्र हार यूएसए के सैम शैंकलैंड खिलाफ मिली जबकि अन्य आठ बाज़ियाँ उन्होने ड्रॉ खेली । वही जर्मनी के ग्रांडमास्टर अलेक्जेंडर डोंचेंको ने 7 अंक बनाकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता।



# दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 241 रनों से हराया

**नॉटिंघम (एजेंसी)।** ओली पोप, जो रुट, हैरी ब्रूक की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद क्रिस वोक्स तथा शोएब बशीर की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 241 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त बना ली है।

वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और मिकाइल लुईस की सलामी जोड़ी ने 385 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत करते हुये पहले विकेट के लिये 66 रनों की साझेदारी की थी। लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। शोएब बशीर और क्रिस वोक्स की घातक गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज की पूरी टीम 36.1 मात्र 143 रनों ढेर हो गई। शोएब



बशीर ने 41 रन देकर पांच विकेट, क्रिस वोक्स ने 28 रन देकर दो विकेट, गस एटकिंसन ने 49 रन देकर दो और माक 'वुड ने 17 रन देकर एक विकेट लिया। इंग्लैंड की ओर से पहली पारी में 121 और दूसरी पारी में 51 रन बनाने वाले ओली पोप प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

इससे पहले जो रूट (122) और हैरी ब्रूक (109) की शतकीय पारी मदद से इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 425 रन बनाते हुए वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 385 रन का लक्ष्य रखा था। जो रूट ने अपने करियर का 32वां तथा हैरी ब्रूक ने पांचवां टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से जॉडेन सील्स 97 रन देकर चार विकेट विकेट लिये। केविन सिंक्लेयर ने (76) और ऑली पोप ने (51) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। शमार जोसेफ, जेसेन होल्डर और केविन सिंक्लेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इंग्लैंड ने ऑली पोप (121) की शतकीय , बेन डकेट (71) और कप्तान बेन स्टोक्स (69) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से पहली पारी में 416 रन स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ को तीन विकेट मिले। जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर और केवम हॉज ने दो-दो विकेट लिये। शमार जोसेफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके जवाब में केवम हॉज (120) और जॉशुआ डासिल्वा नाबाद (82) की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 457 रन बनाकर 41 रन की बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स ने चार विकेट लिए। ऐटकिंसन और शेएब बशीर को दो-दो विकेट मिले। माक 'वुड और बेन स्टोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया था।

## 488 मुक़ाबले बने विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा , माधवेन्द्र नें जीता खेलो चैस इंडिया फीडे रेटिंग का खिताब

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल कल विश्व शतरंज दिवस के अवसर पर एक विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बन गयी जब भोपाल के सेज इंटरनेशनल स्कूल में चेसबेस इंडिया द्वारा आयोजित खेलो चैस इंडिया फीडे 100 इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ रेटिंग टूर्नामेंट में सफलतापूर्वक खेले गए कुल 488 मुक़ाबले विश्व शतरंज संघ द्वारा पूरी दुनिया में एक साथ किए गए विश्व रिकॉर्ड प्रयास का हिस्सा बन गए ।



यह प्रतियोगिता विश्व शतरंज संघ द्वारा दुनिया और देश के चुनिंदा स्पर्धा में शामिल थी जिसे विश्व रिकॉर्ड के मानक स्तर पूरा करने पर चुना गया था ।

प्रतियोगिता में देश के कोने कोने से आए करीब 150 खिलाड़ियों नें कुल नौ राउंड के दौरान कुल मिलाकर शतरंज के फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज़ के 488 मुक़ाबले खेले , यह मुक़ाबले 20 जुलाई को शाम 5 बजे से लेकर 9 बजे के दौरान खेले गए , इसी समय दुनिया भर में लंदन , पेरिस जैसे नगरो में भी मुक़ाबले खेले गए , यह मुक़ाबले फीडे और हिन्दी चेसबेस इंडिया पर सीधे प्रसारित किए गए ।

माधवेन्द्र बने तूफान जीते सभी मुक़ाबले ॰ भोपाल के 11 वर्षीय शतरंज प्रतिभा माधवेन्द्र प्रताप शर्मा में अब धीरे धीरे ग्रांड मास्टर बनने की क्षमता साफ नजर आने लगी है ,माधवेन्द्र नें 9 के सभी 9 राउंड जीतकर कुल 2320 रेटिंग स्तर का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया , इस दौरान उन्होने पाँच जीत काले और चार जीत सफ़ेद मोहरो से दर्ज की , वैसे स्पर्धा में भोपाल के 13 वर्षीय ईशान सिंह खनुजा नें भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और वह 7.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे , 7 अंको पर 8 खिलाड़ी रहे

पेरिस ओलंपिक 2024

## भारतीय तीरंदाजी दल में 'दागी' फिजियो की मौजूदगी पर विवाद

**पेरिस (एजेंसी)।** ओलंपिक एक्रिडिटेशन नहीं मिलने के कारण मुख्य कोच कोरिया के बाक वूंग के यहां से लौटने के बाद भारतीय तीरंदाजी दल 'दागी' फिजियो की मौजूदगी के कारण एक बार फिर से विवादों में फंस गया है। भारतीय तीरंदाजी दल में वूंग और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हाई परफार्मेंस निदेशक संजीव सिंह को एक्रिडिटेशन नहीं मिला।



भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने खुलासा किया कि इन दोनों की जगह फिजियो अरविंद यादव को दल में शामिल किया गया है। यादव पर पिछले साल नवंबर में आयरलैंड के लिमरिक में युवा विश्व चैंपियनशिप के दौरान कनाडा की एक किशोर खिलाड़ी के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगा था। इस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रबंधक थॉमस ऑबर्ट की शिकायत के अनुसार, यादव ने सोशल मीडिया पर कनाडा की एक किशोर तीरंदाज के साथ अनुचित व्यवहार किया था।

यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह मुझे बदनाम करने की साजिश है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। तब एएआई ने मेरे खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? अगर ऐसा था तो किसी तीरंदाज को मेरी नियुक्ति पर आपत्ति क्यों नहीं की। एएआई सूत्र ने दावा किया कि यादव संस्था के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा के बहुत करीबी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई शीर्ष प्रतियोगिता होती है तो वह इस तरह से दल में जगह बना लेता है। वह रियो ओलंपिक में भी दल में शामिल था। वह पिछले साल एशियाई खेलों के दौरान टीम के साथ नहीं था।

सूत्र ने कहा, 'इस बार भी वह तीन महीने पहले ही राष्ट्रीय शिविर से जुड़ा और उसे एक्रिडिटेशन मिल गया। एएआई चाहता तो उसके नाम को हटा कर मुख्य कोच को दल में शामिल कर सकता था। एएआई अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने दागी फिजियो के बारे में बात करने से इनकार कर दिया।

## ऋचा घोष ने महिला एशिया कप में रचा इतिहास, ऐसा करने वाली पहली विकेटकीपर बल्लेबाज बनी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महिला एशिया कप 2024 के दौरान पहली बार टी20आई में 200 रन बनाने वाली भारत की टीम ने यूएई के खिलाफ दांबुला में अपनी शानदार पारी के दौरान इतिहास रच दिया। ऋचा महिला एशिया कप में अर्धशतक बनाने वाली पहली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बनीं क्योंकि उन्होंने रविवार को भारत को शानदार प्रदर्शन करने में मदद की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 66 रन बनाए और पारी में सर्वोच्च स्कोरर रहीं।

यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने मजबूत शुरुआत दी थी, लेकिन बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज जल्द ही आउट हो गईं। शेफाली ने 18 गेंदों पर 37 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज के आउट होने से पहले भारत ने 5 ओवर में 52 रन बनाए। इसके बाद भारत को परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि हेमलता को हॉटचंदानी ने आउट कर दिया।

हरमनप्रीत और जेमिमा ने पारी को संभाला और भारतीय कप्तान ने आक्रामक खेल दिखाया। दोनों ने 54 रन की साझेदारी की लेकिन 8 ओवर से ज़्यादा समय बचा होने पर जेमिमा आउट हो गईं। यहीं पर रिचा ने कदम रखा और खेल को पूरी तरह से बदल दिया। भारतीय विकेटकीपर ने दो सिंगल के साथ शुरुआत की, फिर एक चौका जड़ा। इसके बाद 15वें ओवर में छक्का लगाया और अगले ओवर में उन्होंने यूएई की कप्तान ईशा ओज़ा को 4 चौके लगाए।

# महिला एशिया कप : आज नेपाल पर बड़ी जीत से सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**दांबुला (एजेंसी)।** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मंगलवार को यहां होने वाले अपने अंतिम मैच में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में अमीरात को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान से 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।



भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है। भारतीय टीम हालांकि अन्य टीमों की स्थिति पर गौर करने के बजाय अपने विजय अभियान को जारी रखने पर ध्यान देगी। उसने अभी तक टूर्नामेंट में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे।

विस्फोटक बल्लेबाज घोष ने अमीरात के खिलाफ 29 गेंद पर 64 रन बनाए थे जिससे भारत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार 200 रन का आंकड़ा छूने में सफल रहा। हरमनप्रीत ने 47 गेंद पर 66 रन बनाकर सूत्रधार की भूमिका निभाई थी। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। यहां तक कि पिछले मैच में चोटिल ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल की जगह टीम में शामिल की गई तनुजा कंवर ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और चार ओवर में केवल 14 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

इंदु बर्मा की अगुआई वाली नेपाल की टीम ने अमीरात के खिलाफ जीत से अच्छी शुरुआत की थी लेकिन पाकिस्तान के सामने उसकी एक नहीं चली। अब उसकी टीम भारत की चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ होगी और अगर उसे भारतीय टीम को परेशानी में डालना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### टीम इस प्रकार हैं -

**भारत** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, तनुजा कंवर, सजना सजीवन।

**नेपाल** – इंदु बर्मा (कप्तान), काजोल श्रेष्ठ, रूबीना छेत्री, सबनम राय, सीता राणा मगर, राजमती ऐरी, पूजा महतो, बिंदू रावल, रोमा थापा, ममता चौधरी, कबिता जोशी, कबिता कुंवर, डॉली भट्टा, कृतिका मरासिनी, समझाना खड़का।

**समय** – शाम 7 बजे से।

## संक्षिप्त समाचार

### बंदी के बावजूद गुजरात की जेल में चल रहा जाम, शराब के नशे में मिले 6 कैदी



**अहमदाबाद, एजेंसी।** जब आप सुनते हैं कि किसी प्रदेश में शराब पर प्रतिबंध लगा है तो इससे क्या समझते हैं? यही ना कि प्रदेश में शराब नहीं मिलती होगी। जी हां, आप सही समझते हैं। लेकिन जब बात गुजरात की आई है तो मामला उलट गया है। यहां शराब बंदी के बावजूद किसी आम जगह पर नहीं बल्कि जेलों में भी शराब और उसका सेवन करने वाले लोग मिल जाएंगे। ऐसा ही मामला रविवार को गुजरात के गांधीधाम की जेल से सामने आया है। गुजरात की एक जेल में पुलिस द्वारा अचानक की गई छापेमारी में शराब, मोबाइल फोन और नकदी सहित अन्य प्रतिबंधित चीजें बरामद की गईं, जबकि छह कैदी नशे में पाए गए। इस घटना के सामने आने के बाद 4 जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि गांधीधाम की गलपादर जिला जेल में छापेमारी के बाद हत्या के मामलों में गिरफ्तार कुछ खूंखार अपराधियों समेत नौ कैदियों पर मद्य निषेध अधिनियम और कैदी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि जिला पुलिस की टीमों को शराब से भरी एक बोतल, चार मोबाइल फोन और 50,000 रुपये नकद मिले हैं। कच्छ (पूर्व) के पुलिस अधीक्षक सागर बाघमार ने बताया कि रात में अचानक की गई छापेमारी में कुछ खूंखार अपराधियों सहित कैदियों के पास से मोबाइल फोन, शराब और नकदी जैसी प्रतिबंधित चीजें बरामद की गईं। इस दौरान कुछ कैदी नशे में भी पाए गए। उन्होंने बताया कि इन कैदियों के खिलाफ कच्छ के ए डिवीजन पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि ये वस्तुएं जेल बैरकों के अंदर किस माध्यम से पहुंचीं। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान छह कैदी नशे में पाए गए। पुलिस के अनुसार उन पर मद्य निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जेलर एल वी परमार और चार अन्य जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

### सर्जरी के दौरान अंदर ही छोड़ दी सूई, अब अस्पताल और डॉक्टरों पर ठोका जुर्माना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सर्जरी के दौरान डॉक्टरों की लापरवाही के मामले अकसर सामने आते रहते हैं। बेंगलुरु के एक अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने एक सूई महिला की रीढ़ की हड्डी में ही छोड़ दी। कर्नाटक कंज्यूमर फोरम ने डॉक्टरों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक 2004 में महिला ने दीपक अस्पताल में रीढ़ की सर्जरी करवाई थी। इसी दौरान डॉक्टरों ने गलती से सूई अंदर ही छोड़ दी। एक रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल की पद्मावती को पेट और पीठ में भयंकर दर्द होता था। 6 साल तक उन्होंने इस दर्द को बर्दाश्त किया और फिर एक अन्य अस्पताल में सर्जरी करवाई। इस सर्जरी में रीढ़ की हड्डी के पीछे से सूई निकाली गई। मामला जब कंज्यूमर फोरम पहुंचा तो दीपक अस्पताल और दो डॉक्टरों को पद्मावती को 50 हजार रुपये का कानूनी खर्च देने का आदेश दिया गया। इसके अ लावा अब अस्पताल में लापरवाही के खतरों के लिए बीमा करने वाली कंपनी इंडिया अश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को 5 लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। ऐसा ही एक मामला भोपाल केयर अस्पताल में सामने आया था। यहां एक महिला की सर्जरी के दौरान कैंची पेट में ही छोड़ दी गई थी। इसकी जानकारी चार महीने बाद हुई। जब एक्सरे कराया गया तब पता चला कि पेट में कैंची है। इसके बाद दोबारा ऑपरेशन करके इस कैंची को निकाला गया। दरअसल महिला ने अस्पताल में ट्यूमर का ऑपरेशन करवाया था। पेट में कैंची होने की वजह से महिला के शरीर में संक्रमण फैलने लगा।

# संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।**
बांग्लादेश में जारी हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण देंगी। बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा, मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। ममता बनर्जी ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक प्रस्ताव है। उन्होंने बंगाल के उन निवासियों को हरसंभव सहयोग का



आश्वासन दिया जिनके रिश्तेदार अंतरराष्ट्रीय सीमा के पूर्वी हिस्से में बढ़ती हिंसा के कारण फंस गए हैं। उन्होंने उन बांग्लादेशियों को भी सहायता प्रदान करने की बात कही जो बंगाल आए थे, लेकिन घर लौटने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के लोगों से बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति से संबंधित मामलों पर उत्तेजित न होने की भी अपील की। उन्होंने कहा, हमें संयम बरतना चाहिए और इस मुद्दे पर किसी भी उकसावे या उत्तेजना में नहीं आना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने पड़ोसी देश में जारी हिंसा का शिकार बने लोगों के साथ अपनी एकजुटता भी व्यक्त की। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कई दिन से प्रदर्शन हो रहे हैं और हालात बिगड़ने पर शनिवार को पूरे देश में सख्त कर्फ्यू लगा दिया गया। सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की।

**शीर्ष अदालत ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण घटाया:** बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने देश में आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बीच सरकारी नौकरियों में आरक्षण रविवार को घटा दिया। नौकरियों की कमी से गुस्साए प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता था। सरकार ने बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने आरक्षण बहाल कर दिया था, जिसके बाद देश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरु हो गए थे। उच्चतम न्यायालय ने रविवार के अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों तथा अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं।

## सीएम सुक्खू का फर्जी पीएसओ बन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को करने लगा फोन, एफआईआर दर्ज

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का फर्जी निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) बनकर एक शख्स द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फोन कॉल करने का मामला सामने आया है। आरोपित शख्स खुद को मुख्यमंत्री का पीएसओ बताकर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए धौंस जमा रहा था।

इसका खुलासा तब हुआ, जब मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पीएसओ अभिषेक शर्मा तक यह बात पहुंची। उन्होंने आरोपी को फोन कर जब उससे बात की, तो वह भी दंग रह गए, क्योंकि आरोपी ने उन्हें भी अपना परिचय मुख्यमंत्री के पीएसओ के तौर पर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री के पीएसओ अभिषेक शर्मा ने आरोपी के खिलाफ छोटा शिमला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई। शिमला पुलिस अब आरोपि को तलाश कर उसकी गिरफ्तारी में जुट गई है। पुलिस आरोपी की मोबाइल सीडीआर खंगाली जा रही है। सीए सुक्खू के पीएसओ अभिषेक शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि दिनांक 12 जुलाई को उन्हें कांग्रेस पार्टी के एक कार्यकर्ता का फोन आया और उन्होंने जानकारी दी कि एक शख्स कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कॉल कर रहा है और खुद को मुख्यमंत्री सुक्खू के पीएसओ अभिषेक शर्मा के रूप में पेश कर रहा है। साथ ही आरोपी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए रौब जमा रहा है। अभिषेक शर्मा ने शिकायत में बताया कि उन्होंने जब उपरोक्त मोबाइल नंबर पर बात की तो उस शख्स ने उन्हें भी बताया कि वह मुख्यमंत्री का पीएसओ अभिषेक बोल रहा है और मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के गांव बेला का रहने वाला हूं।

## मुंबई को अडानी सिटी नहीं बनने देंगे, उद्धव ठाकरे ने धारावी प्रोजेक्ट को लेकर किया बड़ा दावा

**मुंबई , एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि सत्ता में आते ही वह धारावी रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट अडानी की कंपनी से वापस ले लेंगे और फिर से नया टेंडर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार इस प्रोजेक्ट में गड़बड़ी कर रही है और अपने चहेतों की कंपनी को टेंडर दे रही है। उन्होंने कहा कि धारावी में रहने वाले लगों और उनके कारोबार को इधर-उधर करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां रहने वाले हर परिवार को कम से कम 500 स्क्वायर फीट का घर मिलना चाहिए।



उन्होंने कहा, हम धारावी झुग्गी पुनर्विकास परियोजना के ठेके को ही रद्द कर देंगे और नई शर्तों के साथ नया टेंडर निकाला जाएगा। वहीं सरकार को जवाब देना चाहिए कि इस टेंडर को अभी क्यों नहीं कैंसल किया जा सकता। हम मुंबई को अडानी सिटी नहीं बनने देंगे। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार अडानी ग्रुप के लिए खूब काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती है तो शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे।

ठाकरे के आरोपों को लेकर जब महाराष्ट्र की प्रिंसिपल सेक्रेटरी (हाउसिंग) वालसा नायर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हमें नहीं पता है कि उन्होंने क्या कहा इसलिए इसपर टिप्पणी नहीं कीजा सकती। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के सीईओ ही इसपर कमेंट कर सकते हैं। एकनाथ शिंदे की पार्टी के राहुल शेवाले ने कहा कि उद्धव ठाकरे के आरोप निराधार हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने भी शनिवार को कहा था कि धारावी की जमीन अडानी को दी जा रही है। यह तो बस शुरुआत है। वर्ली की भी कई करोड़ की डेयरी जमीन अडानी की कंपनी को सस्ती कीमत में देने की तैयारी है। वहीं शेवाले ने कहा कि ठाकरे प्रोजेक्ट में टांग अड़ाने की कोशिश कर रहे हैं और अडानी पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। हाल ही में चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे की पार्टी को चंदा लेने के योग्य बता दिया है और चंदे की लालच में ही वह इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे को विश्वास में लेने के बाद ही धारावी में 350 स्क्वायर फीट का घर देने का फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा कि एयर ट्रैफिक रेग्युलेशन और अन्य चीजों को देखते हुए इससे बड़ा घर देना संभव भी नहीं है। अब लोगों को गुमराह करने के लिए 500 स्क्वायर फीट के घर की मांग रखी गयी है। सभी को पता है कि धारावी नेचुरल पार्क, धारावी कोलीवाड़ा और धारावी सीवेज प्लांट की वजह से बड़ा हिस्सा रिहाइशी नहीं बनाया जा सकता है।

## महायुति में सब ठीक नहीं? डिप्टी सीएम अजित पवार ने पकड़ ली अलग राह

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने ये भी कहा कि महायुति के सभी घटक दल अलग-अलग और स्वतंत्र रूप से स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। अजित पवार ने पिंपरी चिंचवाड़ शहर में राकांपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। पवार ने कहा, भले ही हम लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ते हैं, लेकिन महायुति के सदस्य स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। जूनियर पवार की यह घोषणा पिंपरी चिंचवाड़ में एनसीपी के स्थानीय नेताओं के एक वर्ग द्वारा पार्टी छोड़कर शरद पवार गुट में शामिल होने के बाद आई है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद अजित पवार को आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी राजनीतिक क्षमता साबित करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि स्थानीय निकाय चुनाव के तहत नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों और जिला परिषदों के चुनाव कराए जाते हैं, हालांकि अभी तक चुनाव की तारीख तय नहीं की गई है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी भी शामिल हैं।

64 साल के अजित पवार ने पिछले साल अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी और पार्टी को तोड़ दी थी।

## हरियाणा सरकार ने आंदोलनकारी किसान संगठनों से की बातचीत

**चंडीगढ़, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में 10 में से 5 सीटें ही मिल पाई थीं। इस तरह 2019 के मुकाबले वह आधी रह गई। अब अक्टूबर में राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले किसानों ने मोर्चा खोल रखा है तो सरकार को भी दबाव में आना पड़ा है। हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने रविवार को पहली बार संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों से बात की और उनकी मांगों को सुना। संयुक्त किसान मोर्चा के तहत कुल 40 किसान संगठन आते हैं। बीते कई महीनों से ये किसान संगठन आंदोलनरत हैं और शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हैं।



हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों ने किसानों के प्रतिनिधियों से बात की और अब वे सीएम नायब सिंह सैनी को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके आधार पर किसानों की कुल 33 मांगों पर विचार किया जाएगा। चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने किसानों से वादा किया कि उनकी लंबित मांगों पर जल्दी ही विचार होगा और उन्हें पूरा करने के प्रयास होंगे। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर अल्टिमेटम देते हुए आंदोलन का मूड बनाया है। मीटिंग के बाद किसान नेताओं ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सीएम सैनी तेजी से इस पर फैसला लेंगे।

ऐसा नहीं हुआ तो हम आंदोलन के लिए तैयार हैं। 14 जुलाई को रोहतक में किसानों की मीटिंग हुई थी, जिसमें आंदोलन का फैसला हुआ था। अब किसानों का कहना है कि मांगों पर विचार न हुआ तो हम आंदोलन से नहीं हटेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव के नतीजों ने भाजपा को टेंशन दी है। इसके चलते वह सभी पक्षों को साथ लेकर चलना चाहती है। भाजपा को 2019 में 58.21 फीसदी वोट मिले थे, जो इस बार कम होकर 46 फीसदी ही रह गए। वहीं कांग्रेस की बात करें तो वह 28 से बढ़कर 43 पर्सेंट पर आ गई है। दरअसल भाजपा को लगता है कि किसानों के बीच में उसकी साख कमजोर हुई है और उसके चलते ही ऐसा नतीजा आया है।

## पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर चढ़े अफगान प्रदर्शनकारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मानवाधिकारों के हनन और अत्याचारों के चलते अफगान नागिरकों का गुस्सा फूट गया। गुस्साए अफगान पश्तूनों ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने दूतावास की इमारत के अंदर से पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज को जबरदस्ती हटा दिया। हालांकि, घटना के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसके चलते पांच लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक नागरिक घायल हो गए। पाकिस्तान के वाणिज्य दूतावास की इमारत से राष्ट्रीय ध्वज हटाने की घटना का वीडियो कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। वहीं, पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अफगान नागरिकों ने फ्रैंकफर्ट में पाकिस्तान के वाणिज्य दूतावास पर धावा बोला और झंडा नीचे गिरा दिया। बाद में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद, जर्मनी में पाकिस्तानी दूतावास ने कड़ी निंदा की। कहा, हम 20 जुलाई 2024 को अफगान उपद्रवियों द्वारा फ्रैंकफर्ट में की गई बर्बरता की निंदा करते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए जर्मन अधिकारियों के संपर्क में हैं कि ऐसी स्थिति फिर से न आए। वहीं, उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा, पाकिस्तान ने जर्मन सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हमने जर्मन सरकार से वियना सम्मेलनों के तहत अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने और जर्मनी में राजनयिक मिशनों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## एलन मस्क ने दिखाया वर्ल्ड लीडर्स का एआई फैशन शो, पुतिन को देखकर आप भी हंस पड़ेंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो को मस्क ने कैप्शन दिया है एआई फैशन शो। इसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन समेत विश्व के कई नेताओं को दिखाया गया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि विश्व के नेताओं ने अनोखे कपड़े पहन रखे हैं। वहीं,सभी नेता मॉडल की तरह रैंप वॉक कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस वीडियो में नेताओं के अलावा दुनिया के दिग्गज उद्योगपति बिल गेट्स, टिम कूक भी नजर आ रहे हैं। वहीं, पोप फ्रांसिस भी अलग ही अवतार में दिखे।

वीडियो में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पारंपरिक वेशभूषा पहने नजर आ रहे हैं। इसके अलावा व्लादिमीर पुतिन एक लग्जरी ब्रांड स्ड्ढ के लोगो के लोग वाली ड्रेस पहने दिखाई दिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि अमेरिका




राष्ट्रपति जो बाइडन व्हील चेयर पर एक स्टाइलिश कोर्ट और चश्मा पहने हुए हैं। सूट पर टेस्ला का लोगो दिख रहा है। इसके अलावा वीडियो में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एक जैकेट पहने नजर आ रहे हैं। उनके शूट पर एलवी का लोगो लगा हुआ है। इसके अलावा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग टेडी बियर के प्रिंटेड ड्रेस में नजर आ रहे हैं। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का अलग ही अवतार दिख रहा है। वीडियो में उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन भी अलग अंदाज में नजर आए है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा लॉन्ग ब्लैक कोर्ट और ब्लैक चश्मे में नजर आ रहे हैं।

## मैंने पत्नी को मार डाला..., गला काट थाने में पहुंचा पति बोला- कैरेक्टर पर शक था

**श्रीगंगानगर, एजेंसी।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जंक्शन में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की रविवार रात सोते समय तेजधार वाले हथियार से गले पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी पति ने खुद थाने में आकर बताया कि उसने पत्नी को मार दिया है। वह अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई दलबल सहित मौके पर पहुंचे। घर के आंगन में चारपाई पर एकता (30) का शव बरामद किया। उसके गले पर तेज धार वाले हथियार से वार किया हुआ था। पुलिस ने आरोपी पति रमेश को हिरासत में ले लिया। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए हनुमानगढ़ टाउन सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि एकता के पिता मोहनलाल सोनी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर कत्ल का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी रमेश मूल रूप से अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घड़साना थाना इलाके का रहने वाला है, जो की हनुमानगढ़ जंक्शन थाना इलाके में वार्ड नंबर 56 (सुरेशिया मौहल्ला) के एक मकान में पत्नी व बच्चों के साथ किराए के मकान में रहता था। उसने कल देर रात को पत्नी की हत्या कर दी।

## बराक ओबामा और पूर्व स्पीकर पेलोसी ने कमला हैरिस को दिया झटका, समर्थन से इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने रविवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से अलग होने के फैसले की तो प्रशंसा की, लेकिन 5 नवंबर को होने वाले चुनावों के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन करने से इनकार कर दिया है, जबकि ओबामा को कमला हैरिस का राजनीतिक गुरू माना जाता रहा है। बावजूद उन्होंने तुरंत हैरिस का समर्थन करने से इनकार कर दिया है।

माना जा रहा है कि जो बाइडेन के समर्थन की वजह से कमला हैरिस का पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का आधिकारिक उम्मीदवार बनना लगभग तय हो चुका है। हालांकि, उन्हें अगले



महीने शिकागो में होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचित होने की जरूरत है। बाइडेन के पास 3,896 प्रतिनिधि हैं, जबकि नामांकन जीतने के लिए 1,976 प्रतिनिधियों की ही दरकार है।

दूसरी तरफ कमला हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन का समर्थन तुरंत ही प्राप्त कर लिया है। इससे शिकागो में 19 अगस्त से शुरू होने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के दौरान प्रतिनिधि लड़ाई जीतना उनके लिए आसान होता दिख रहा है।

पिछले महीने रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ बहस में खराब प्रदर्शन और डेमोक्रेट्स के बढ़ते दबाव के बाद 81 वर्षीय जो बाइडेन ने रविवार को घोषणा की कि वह अगले राष्ट्रपति चुनाव से हट रहे हैं। हालांकि, उन्होंने 59 वर्षीय उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को नया डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनाने का समर्थन किया।

इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की उम्मीदवारी के बारे में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के समक्ष निजी तौर पर चिंता व्यक्त की है। इससे पहले प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने बाइडेन को निजी तौर पर आगाह किया था कि अगर वह राष्ट्रपति पद की दौड़ से पीछे नहीं हटते हैं तो डेमोक्रेटिक पार्टी सदन में नियंत्रण हासिल करने की क्षमता खो सकती है।

मामले से वाकिफ सूत्रों के अनुसार, पेलोसी ने बाइडन से यह भी कहा था कि वह रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को शायद नहीं हरा सकते। हालांकि, बाइडेन ने तब कहा था कि वह मुकाबले से पीछे नहीं हट रहे हैं। उनका कहना था कि वह ऐसे उम्मीदवार हैं जिन्होंने ट्रंप को पहले भी हराया है और इस बार भी ऐसा ही करेंगे लेकिन रविवार को बाइडेन ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129